सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 05 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 63, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स 73,000 अंक से नीचे फिसला

सेंसेक्स लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नुकसान में रहा और यह 96 अंक की गिरावट के साथ 73,000 अंक के नीचे बंद हुआ। } 14

## भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही दुनिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र ने भारतीय उद्योग जगत से ऐसे समय में वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए बड़े कदम उठाने का आह्वान किया, जब दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। } 16



# भारत फाइनल में, कोहली की विराट पारी

### ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी से किया बाहर, दूसरा सेमीफाइनल आज

एजेंसी



दुबई। सोलह महीने पहले वनडे विश्व कप फाइनल में और चौदह साल से आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिली हर हार का बदला चुकता करते हुए भारत ने मंगलवार को आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर पांचवीं बार चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया और एक बार फिर जीत के नायक रहे विराट कोहली।

भारत की जीत के साथ ही यह भी तय हो गया कि चैम्पियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को दुबई में ही खेला जायेगा जिसमें भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड से होगा। अगर आस्ट्रेलिया जीतती तो फाइनल लाहौर में खेला जाना था। आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टीव स्मिथ (73) और एलेक्स कैरी (61) के अर्धशतकों के दम पर 48 . । ओवर में 264 रन बनाये जिसके जवाब में भारत ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने 98 गेंद में पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाये। 19 नवंबर 2023 को कप्तान रोहित शर्मा समेत करोड़ों क्रिकेटप्रेमियों की आंखों में आंसू थे जब अहमदाबाद में आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत का विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। इसके अलावा भी आईसीसी नॉकआउट टूर्नामेंटों में आस्ट्रेलिया भारत के लिये अभेद किला साबित होता रहा है जिसमें आखिरी बार हम 2011 वनडे विश्व कप में ही सेंध लगा पाये थे। उन सभी नाकामियों से मिले हर जख्म पर मरहम लग गया जब केएल राहुल ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। कोहली को श्रेयस से पूरा सहयोग मिला जिन्होंने 45 रन बनाये। (विस्तृत भीतर)

# आठ वर्षों में नहीं लगाया कोई नया कर : योगी

### बढ़ा हुआ बजट का आकार सिर्फ व्यय नहीं, बल्कि अंतिम पायदान तक विकास की पहुंच

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में पिछले 8 वर्षों में एक निश्चित थीम के साथ बजट प्रस्तुत किया गया। इसमें वर्ष 2017-18 का बजट अन्नदाता किसानों, वर्ष 2018-19 का बजट इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा औद्योगिक विकास, वर्ष 2019-20 का बजट महिला सशक्तिकरण, वर्ष 2020-21 का बजट युवाओं तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, वर्ष 2021-22 का बजट 'स्वावलम्बन से सशक्तिकरण' की थीम पर केन्द्रित था। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट 'अन्त्योदय से आत्मनिर्भरता' का बजट था। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रदेश के 'त्वरित, सर्वसमावेशी और समग्र विकास के साथ-साथ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नींव को सुदृढ़ करने वाला' था। वर्ष 2024-25 का बजट प्रभु श्री राम को अर्पित था। यह बजट लोकमंगल को समर्पित था। सीएम योगी ने कहा कि वित्तीय वर्तमान वर्ष 2025-26 का बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करते हुए वंचित को वरीयता इस बजट का केंद्रीय भाव है। बजट से अंत्योदय से उन्नत अर्थव्यवस्था तक, ईज ऑफ लिविंग से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तक, कृषि से गरीब कल्याण तक, आस्था से आजीविका तक, शिक्षा से स्वावलम्बन तक, संस्कृति से समृद्धि तक और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को समवेत करते हुए एक विकसित उत्तर प्रदेश की राह मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 के बजट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### डिजिटल अरेस्ट कर सेवानिवृत्त प्रोफेसर से 33 लाख की ठगी

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठग गिरोह ने एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर को जाल में फंसाया और उसे 33 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी का नया तरीका है। ऐसे मामलों में ठग खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर लोगों को ऑडियो या वीडियो कॉल करके धमकाते हैं और उन्हें पूछताछ के नाम पर डिजिटल रूप से बंधक बना लेते हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठग गिरोह के एक सदस्य ने शहर के एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर को वीडियो कॉल किया।

### सर्बिया की संसद में फेंका गया स्मोक बम

बेलग्रेड। सर्बिया की संसद में मंगलवार को हुए हंगामे के दौरान तीन सांसद घायल हो गए। इस दौरान स्मोक बम फेंके गए। इस घटना के बाद बाल्कन देश में राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है। सदन की कार्यवाही के दौरान सांसदों को विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए वित्त पोषण बढ़ाने वाले कानून पर मतदान करना था, लेकिन विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पक्ष दर्जनों अन्य निर्णयों को भी मंजूरी दिलाने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवैध है और सांसदों को पहले प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक और उनकी सरकार के इस्तीफे की पुष्टि करनी चाहिए।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:21 | 4:55 | 6:11 | 5:09 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 16.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- उत्तराखंड को अग्रणी राज्य बनाने में होंगे सफल (पृष्ठ–02)
- पिछले बजट की पूरी राशि खर्च नहीं कर पाई सरकार (पृष्ठ–02)
- रिलायंस की इकाई पर जुर्माना लगाया (पृष्ठ–14)
- विश्व अर्थव्यवस्था की मेजबानी का इच्छुक भारत (पृष्ठ–14)
- चीन का अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क (पृष्ठ–14)


### रेलवे की विभागीय भर्ती परीक्षा में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, दर्जनभर हिरासत में, पूछताछ जारी

# नौ रेल अधिकारी समेत 26 गिरफ्तार

एजेंसी





नयी दिल्ली। रेलवे के 26 अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) में विभागीय परीक्षा से जुड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ करके 1.17 करोड़ रुपये नकद जब्त किये हैं।

सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे अधिकारियों को मुगलसराय में मुख्य लोको पायलट के पदों पर पदोन्नति से जुड़ी विभागीय परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में सोमवार रात को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा मंगलवार को होनी थी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया, मुगलसराय में तीन स्थानों पर (तीन-चार मार्च की मध्य रात्रि) सीबीआई द्वारा की गई जांच के दौरान कुल 17 अभ्यर्थियों के पास हाथ से लिखे प्रश्नपत्रों की छाया प्रति मिली। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लोको पायलट के रूप में काम कर रहे सभी 17 विभागीय अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र के लिए कथित तौर पर पैसे दिए थे और छापेमारी के दौरान उन्हें प्रतियों के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, कुल मिलाकर इस मामले में अब तक 26 रेलवे अधिकारियों (17 अभ्यर्थियों सहित) को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी ने विद्युत विभाग के एक वरिष्ठ मंडल अभियंता (संचालन) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है जिसे उक्त परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। प्रवक्ता ने कहा उसने खुद अंग्रेजी में प्रश्न लिखे थे और कथित तौर पर इसे एक लोको पायलट को दिया था, जिसने इसे हिंदी में अनुवाद किया और आगे एक अन्य अधिकारी को दिया। उक्त अधिकारी ने कथित तौर पर इसे कुछ अन्य रेलवे कर्मचारियों के माध्यम से उम्मीदवारों को दिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अधिकारियों में विद्युत विभाग का आरोपी वरिष्ठ मंडल अभियंता (संचालन) भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आठ स्थानों पर तलाशी ली गई जिसके परिणामस्वरूप 1.17 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। कथित तौर पर यह राशि प्रश्नपत्र लीक करने के लिए उम्मीदवारों से एकत्र की गई थी। पूरा मामला प्रमोशन परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने से जुड़ा हुआ है। 19 पदों के लिए पदोन्नति परीक्षा होनी थी। सभी को सीबीआई लखनऊ ले गई है। चंदौली जनपद के दीनदयाल उपाध्याय नगर जंक्शन के रेल मंडल में आज आयोजित होने वाले विभागीय पदोन्नति परीक्षा से पूर्व ही सीबीआई ने बीती देर रात एक साथ कई जगहों पर छापेमारी कर बड़े भ्रष्टाचार का पदार्फाश किया है, जिसमें सीबीआई ने 3 उच्चाधिकारियों सहित ढाई दर्जन से अधिक रेलकर्मियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया है, जिसमें से दो अधिकारियों सहित कुल 26 रेलकर्मियों को हिरासत में लेते हुए लखनऊ ले ...शेष पृष्ठ 14 पर

### दोषी नेताओं की अयोग्यता को कम करने या हटाने का दें ब्योरा



नयी दिल्ली। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से उन मामलों का ब्योरा मांगा, जिनमें उसने आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद राजनीतिक नेताओं की मतदाता सूची से अयोज्ञता की अवधि को या तो कम कर दिया है या हटा दिया है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने चुनाव आयोग से दो सप्ताह के भीतर ऐसे मामलों का ब्योरा देने को कहा, जिनमें उसने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए), 1951 की धारा 11 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग किया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत, आपराधिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# धनंजय मुंडे का मंत्रिमंडल से इस्तीफा

### बीड सरपंच हत्या मामले में उनके करीबी वाल्मिक कराड मास्टरमाइंड

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। कुछ दिन पहले ही उनके करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को बीड सरपंच हत्या मामले में मास्टरमाइंड बताया गया था।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान भवन में पत्रकारों से कहा, धनंजय मुंडे ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। मैंने उसे स्वीकार कर लिया है और राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को भेज दिया है। मुंडे को मंत्रिमंडल से हटाने की विपक्ष की जोरदार मांग के बाद यह इस्तीफा सामने आया है। फडणवीस ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सोमवार को उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख अजित पवार तथा मुंडे सहित राकांपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ देर रात बैठक की थी। मसाजोग गांव के



सरपंच संतोष देशमुख की हत्या से संबंधित भयावह तस्वीरें और अदालती आरोपपत्र के विवरण सामने आने के बाद विपक्ष ने मुंडे के इस्तीफे की मांग तेज कर दी। इन तस्वीरों और अदालती आरोपपत्र में हत्या से पहले की गई क्रूरता का खुलासा हुआ है। बीड के मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख को पिछले साल नौ दिसंबर को कथित तौर पर जिले में एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली के प्रयास को रोकने की कोशिश करने पर अगवा कर लिया गया और प्रताड़ित किया गया था। इसके बाद उनकी हत्या कर दी गई। राज्य अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने 27 फरवरी को देशमुख की हत्या और दो संबंधित मामलों में बीड जिले की एक अदालत में ।,200 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया। सरपंच की हत्या, अवाडा कंपनी से पैसे ऐंठने की कोशिश और कंपनी के सुरक्षा गार्ड पर हमला करने के तीन अलग-अलग मामले बीड के केज थाने में दर्ज किए गए हैं। पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

### नयी दिल्ली भगदड़ मामले में डीआरएम का तबादला

नयी दिल्ली। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत की घटना के एक पखवाड़े बाद मंगलवार को दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुखविंदर सिंह का तबादला कर दिया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

सिंह को जुलाई 2023 में दिल्ली मंडल का डीआरएम नियुक्त किया गया था और उनका दो साल का कार्यकाल इस साल के अंत तक था। रेल मंत्रालय द्वारा जारी तबादला आदेश में कहा गया है कि उत्तर मध्य रेलवे से पुष्पेश आर त्रिपाठी को दिल्ली का डीआरएम बनाया गया है। हालांकि, आदेश में सिंह की नयी तैनाती के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। आदेश में कहा गया रेल मंत्रालय ने राष्ट्रपति की मंजूरी से निर्णय लिया है कि उत्तर मध्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कई ठिकानों पर यूपी एटीएस का छापा

### अब तक पांच संदिग्धों को एटीएस ने उठाया, पूछताछ जारी

जिला संवाददाता

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश एंटी टेरर स्क्वॉयड (एटीएस) ने आजमगढ़ मंडल के शहरों में एक साथ छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया। माना जा रहा है कि अयोध्या में राम मंदिर पर हमले की साजिश रच रहे संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने उससे गहन पूछताछ की है और उससे जो इनपुट मिले हैं, उसके आधार पर यूपी एटीएस जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक अब तक 5 संदिग्धों को एटीएस ने उठाया है । जिनसे पूछताछ की जा रही है। एटीएस की हिरासत में लिए गए लोगों के तार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े बताएजा रहे हैं ।



सूत्रों के मुताबिक , यूपी एटीएस ने बीती रात आजमगढ़ मंडल के आजमगढ़ जिले में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके बाद टीम ने तड़के मऊ व बलिया जिले में छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक बलिया जिले के सुखपुरा थाना और अन्य थानों में छापेमारी की। जहां से तीन युवकों को एटीएस ने हिरासत में लिया है। दोनों जिलों से हिरासत में लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** साइबर हमले, गलत सूचना अभियान और अंतरिक्ष आधारित जासूसी नये युग के खतरे

# मजबूत, सुरक्षित व आत्मनिर्भर भारत सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सुरक्षा तंत्र को साइबर और हाइब्रिड युद्ध के साथ-साथ अंतरिक्ष आधारित जासूसी जैसे उभरते खतरों से निपटने में सक्षम बने रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा का अभिप्राय केवल आतंकवाद, अलगाववादी आंदोलन और वामपंथी उग्रवाद जैसे पारंपरिक खतरों से निपटना नहीं है, बल्कि इसका मतलब उन गैर पारंपरिक खतरों से निपटने की तैयारी करना भी है जो देश के आर्थिक और सामरिक हितों को अस्थिर कर सकते हैं। सिंह ने कहा आज के शत्रु हमेशा पारंपरिक हथियारों के साथ नहीं आते हैं, साइबर हमले, गलत सूचना अभियान और अंतरिक्ष आधारित जासूसी नए युग के खतरों के रूप में उभर रहे हैं जिनके लिए उन्नत समाधान की आवश्यकता है। रक्षा मंत्री सिंह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और गृह मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आंतरिक सुरक्षा और आपदा राहत कार्यों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने अपने संबोधन में वैश्विक सुरक्षा में बढ़ती जटिलताओं तथा आंतरिक और बाह्य खतरों के बीच बढ़ते हुए अंतर संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आधुनिक विश्व में सुरक्षा चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं तथा आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के बीच अंतरसंबंध बढ़ रहा है। सिंह ने कहा यह जरूरी है कि हमारी संस्थाएं बंदिशों को तोड़कर एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करें। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को समग्र रूप से देखा जाना चाहिए, विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों को एकीकृत करना चाहिए तथा नवीनतम तकनीकी प्रगति का लाभ उठाना चाहिए। सिंह ने कहा डीआरडीओ ने भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है और आंतरिक सुरक्षा में इसका योगदान भी उतना ही सराहनीय है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तर प्रदेश में सड़क हादसे के दौरान 10 लोगों की मौत

लखनऊ। बुलंदशहर, सुल्तानपुर महराजगंज, शाहजहांपुर में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य गंभीर रूपसे घायल हो गए। घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बुलंदशहर जिले के गुलावठी क्षेत्र में मंगलवार को एक अनियंत्रित कारे नहर में गिर गई जिससे चार लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि अमरोहा जिले के नगला बशीर गांव का रहने वाला एक परिवार सिकन्द्राबाद क्षेत्र के नगला काला में एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था। लौटते वक्त मंगलवार सुबह उनकी कार गुलावठी थाना क्षेत्र के पितोबास गांव के पास एक छोटी नहर में जा गिरी। इस हादसे में निपेंद्र (40), हर्ष (12), वंशिका (16) और कन्हैया (15) की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल एक महिला का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

वहीं, महराजगंज जिले में मंगलवार सुबह सिकंदराजीतपुर में धानी-फरेंदा मार्ग पर टायर फटने के कारण एक कार पलट गई जिससे तीन छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई तथा 11 अन्य छात्राएं घायल हो गईं। घायलों में से छह की हालत गंभीर है। हादसा उस वक्त हुआ जब अलग-अलग विद्यालयों की 14 छात्राएं सुबह कार से बोर्ड परीक्षा देने जा रही थीं। कार सवार चांदनी पटेल (15), गायत्री गौड़ (17) और प्रीति (16) की मौत ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# डिजिटल लेन-देन में यूपी देश में नंबर 1 : योगी

## मुख्यमंत्री ने गिनाई 'अपनी सरकार' की उपलब्धियां, पिछले सात-आठ वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में लगातार घटी है बेरोजगारी दर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिजिटल क्रांति आई है। 2017-18 में 122.84 करोड़ का डिजिटल ट्रांजेक्शन था। 2024-25 में बढ़कर (दिसंबर 2024 तक) 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन यूपी से हुआ है। डिजिटल लेनदेन में यूपी देश में नंबर एक है। आधे से अधिक लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन यह दिखाता है कि डिजिटल बैंकिंग आसान हुई है। गांवों तक इंटरनेट, वाई-फाई की सुविधा मिली है। वित्तीय जागरूकता व उपक्रमों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध हुई है। सीएम ने बताया कि बैंकों की संख्या 20416, बैंक मित्र व बीसी सखी चार लाख 932, 18747 एटीएम तथा चार लाख 40 हजार बैंकिंग केंद्रों के माध्यम से प्रदेशवासियों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

- **कसा तंज, 20 करोड़ बेरोजगारी भत्ता बांटने के लिए सपा ने समारोह के आयोजन पर खर्च कर दिए थे 15 करोड़ रुपये**
- **डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है**

सीएम योगी ने कहा कि डीबीटी ने भ्रष्टाचार की कमर पर सबसे कठोर प्रहार किया है। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। डीबीटी में लाभार्थी का पैसा सीधे खाते में पहुंच रहा है। 11 विभागों की 207 योजनाएं (113 केंद्रीय व 94 राज्य सेक्टर) हैं। प्रदेश में एक वर्ष में 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों तक एक लाख 11 हजार 637 करोड़ का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। सीएम ने बताया कि यूपी में अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3303 करोड़ रुपये का एफडीआई (फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट) आया था। 2017 से 2024 तक यूपी में 14 हजार 8 करोड़ रुपये से अधिक का एफडीआई आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि बैंकिंग तंत्र अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। 2016-17 में यूपी में बैंकों में 12 लाख 75 हजार करोड़ रुपये जमा होते थे, जबकि 2024-25 में यह राशि 29 लाख 66 हजार करोड़ रुपये हो गई यानी सवा दो गुने से अधिक जमा हुए हैं। 2016-17 में प्रदेश का सीडी रेसियो मात्र 44.45 फीसदी था, जो बढ़कर आज 61 फीसदी पहुंचा है। सीएम ने बताया कि आरबीआई बुलेटिन में उन्होंने कहा कि बैंक व वित्तीय संस्थाओं से प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग के लिए फंड आकर्षित करने में 16.2 प्रतिशत की रेट से यूपी देश में शीर्ष पर है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत संपूर्ण वित्तीय समावेशन की योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन स्कीम में यूपी नंबर एक पर है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में यूपी नंबर दो और पीएम स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर्स को सर्वाधिक ऋण देने में यूपी देश में प्रथम है। सर्वाधिक आयकर रिटर्न भरने वालों में यूपी देश में नंबर दो पर आ चुका है। हमारे यहां इनकम टैक्स रिटर्न भरे जा रहे हैं। इसका प्रमाण है कि यूपी की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। सीएम योगी ने प्रदेश के अंदर बेरोजगारी दर पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में बेरोजगारी दर 17 से 19 फीसदी थी, लेकिन पिछले सात-आठ वर्ष के अंदर यह लगातार घटी है। 2023-24 में बेरोजगारी दर 3.4 फीसदी है। देश के अंदर अन्य राज्यों की बेरोजगारी दर अलग-अलग है। जम्मू-कश्मीर में 6०7 फीसदी, केरल में 7 फीसदी, पंजाब में 6.1 फीसदी व हिमाचल प्रदेश में 4.3 फीसदी है। सीएम ने तंज कसते हुए बताया कि 20 करोड़ बेरोजगारी भत्ता बांटने के लिए समाजवादी पार्टी ने समारोह के आयोजन में ही 15 करोड़ रुपये खर्च कर दिए थे।

# आस्था और अर्थव्यवस्था का प्रतिमान बना महाकुंभ

लखनऊ। गंगा सिर्फ एक नदी मात्र नहीं है। यह नदी के साथ एक इतिहास और संस्कृति भी है। यह जिस क्षेत्र से गुजरती है उसे हरा भरा कर देती है। यही वजह है कि विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं का यह पालना रही है। इसीलिए इसे जीवनदायिनी कहते हैं। आस्था की वजह से यह मोक्षदायिनी, पतित पावनी और पाप नाशिनी भी मानी जाती है। इन सारी खूबियों के अलावा गंगा का आर्थिक महत्व भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंगा यात्रा से लेकर प्रयागराज महाकुंभ तक कई बार कह चुके हैं कि गंगा सिर्फ आस्था नहीं अर्थव्यवस्था भी है। अब तो अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ भी इसे मानने लगे हैं। प्रयागराज महाकुंभ में आए और यहां से काशी, अयोध्याए चित्रकूटए विंध्याचल और अन्य जगहों पर जाने वाले श्रद्धालुओं/ पर्यटकों की कुल संख्या और उनके द्वारा किए गए अनुमानित खर्च के आंकड़े तथा देश एवं प्रदेश की जीडीपी पर पड़ने वाले असर के आंकड़े अभी और आएंगे। महाकुंभ के समापन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने भी कहा था कि यह आयोजन देश की सांस्कृतिक समृद्धि और आर्थिक प्रगति का प्रतीक बन गया है। हाल ही में केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि महाकुंभ से होटलए फूड और ट्रांसपोर्ट जैसे उद्योगों को खासा बल मिला। इस आयोजन में आए 50 से 60 करोड़ लोगों ने विभिन्न मदो में जो खर्च किया उसका प्रभावशाली असर चौथी तिमाही की जीडीपी में दिखेगा। दरअसल, आस्था और अर्थव्यवस्था एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हों भी क्यों नहीं, विष्णुपुराण में जिस समुद्र मंथन का जिक्र है, उसी से अमृत भी निकला और समृद्धि की देवी महालक्ष्मी भी निकली थीं। अमृत को असुरों से बचाने के लिए जब देवता अमृत कुंभ लेकर भागे, उस समय प्रयागराज, नासिक, उज्जैन और हरिद्वार में अमृत की कुछ बूंदे छलकी। इन सभी जगहों पर कुंभ और महाकुंभ का आयोजन होता है। इसके नाते ये आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। पहले भी ऐसे आयोजनों से अर्थव्यवस्था को गति मिलती थी, लेकिन महाकुंभ को लेकर सीएम योगी की पहल और निजी रुचि पर जिस तरह इसकी ब्रांडिंग की गई, वह आस्था और अर्थव्यवस्था के लिए मिसाल बन गई।

# यूपीआईएमएलसी की भूमि आवंटन प्रक्रिया में तेजी लायेगी योगी सरकार

## सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर यूपीडा ने शुरू की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने यूपी इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (यूपीआईएमएलसी) पर इंडस्ट्रियल यूनिट्स की स्थापना की तैयारी शुरू कर दी है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर यूपीडा ने प्रक्रिया की शुरूआत करते हुए अब उन्नाव, हरदोई व संभल में लॉजिस्टिक एवं इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के अलॉटमेंट के लिए आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत उन्नाव में 11.36 हेक्टेयर तथा संभल-हरदोई में 1.2, 1.2 हेक्टेयर से अधिक वर्गक्षेत्र के प्लॉट्स के लिए उद्यमी आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि यह प्लाट्स शानदार कनेक्टिविटी, 24 घंटे पावर सप्लाई, डेडिकेटेड वॉटर सप्लाई, ड्रेनेज व एसटीपी जैसी तमाम खूबियों से लैस हैं। यूपीआईएमएलसी परियोजना के अंतर्गत यूपीडा अपने 5 एक्सप्रेसवे के समीप औद्योगिक गलियारे विकसित कर रहा है, जिसके अंतर्गत स्ट्रैटेजिक लोकेशंस पर 29 आत्मनिर्भर एकीकृत विनिर्माण व लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) की परियोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसमें फ्रेट मूवमेंट के लिए अच्छी सड़क, रेल, हवाई संपर्क तथा उद्योग स्थापना के लिए अनुकूल प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान करने के लिए सामाजिक बुनियादी ढांचे की सुविधा विकसित की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 30 जिलों में 33 आईएमएलसी की स्थापना की जाएगी और इसी के फेज के अंतर्गत अब उन्नाव, संभल व हरदोई में लैंड अलॉटमेंट प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए इच्छुक आवेदनकताओं से आवेदन मांगे गए हैं। जल्द ही अन्य क्लस्टर्स में भी प्लॉट अलॉटमेंट की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्नाव, संभल और हरदोई के चिह्नित तीनों क्लस्टर्स गंगा एक्सप्रेसवे के समीप स्थित हैं। गंगा एक्सप्रेसवे से इनकी बेहतर कनेक्टिविटी को सुनिश्चित किया गया है। उन्नाव में कुल 135.26 हेक्टेयर एरिया में आईएमएलसी की स्थापना होनी है, जिसमें प्लॉट्स का बेसिक अलॉटमेंट रेट 5,010 प्रति स्क्वेयर मीटर रखा गया है। इस नोड की गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही लखनऊ-कानपुर हाइवे, सोनिक रेलवे स्टेशन, उन्नाव रेलवे स्टेशन तथा लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अच्छी कनेक्टिविटी है। वहीं, संभल में प्लॉट्स का बेसिक अलॉटमेंट रेट 4,640 प्रति स्क्वेयर मीटर निर्धारित किया गया है।

# धामी ने एसडीआरएफ कार्मिकों को किया पुरस्कृत

## प्रयागराज महाकुंभ में मुस्तैदी से ड्यूटी का निभाकर एसडीआरएफ के जवानों ने बढ़ाया उत्तराखंड का मान : मुख्यमंत्री

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की एसडीआरएफ द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया गया।

देहरादून वापस लौटने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा एसडीआरएफ की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने एसडीआरएफ को पुरस्कार के रूप में पांच लाख रुपए की चैक प्रदान की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में महाकुंभ से वापस लौटे 112 कार्मिकों का अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान एसडीआरएफ को मिले अनुभवों का लाभ उत्तराखंड को मिलेगा। वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुम्भ के आयोजन में यह अनुभव बेहद कारगर साबित होंगे। उन्होंने कहा है कि एसडीआरएफ टीम ने महाकुंभ में अपनी दक्षता का कुशल परिचय देकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। उन्होंने महाकुंभ प्रयागराज में बेहतर सेवाएं देने पर एसडीआरएफ की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरिद्वार कुंभ को भव्य रूप से आयोजित करने में जवानों के अनुभवों से मदद भी मिलेगी। इस महाकुंभ से हमारे जवानों का आत्मविश्वास बढ़ा है तथा भीड़ का कुशल प्रबंधन करने में सफल होंगे। सीएम धामी ने कहा कि सनातन धर्म के महासंगम की चुनौती को संभालना चुनौतीपूर्ण कार्य था। बेहतर व्यवस्थाओं और प्रबंधन से यूपी के साथ ही उत्तराखंड सरकार का सर ऊंचा हुआ है। यही अनुभव 2027 के कुंभ में मददगार साबित होंगे। हमारा प्रयास है कि वाहनों के लिए सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था हो, जिसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों और आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। इन चुनौतियों से पार पाने के लिए एसडीआरएफ द्वारा सराहनीय कार्य किए गए हैं। श्रेष्ठ आपदा प्रबंधन में एसडीआरएफ की अहम भूमिका रही है। आपदा प्रबंधन के लिए क्विक रिस्पॉन्स और अत्याधुनिक उपकरणों से राज्य में आपदा के प्रभाव को कम करने में काफी मदद मिली है। इस मौके पर उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति विनय रोहिला, सचिव गृह शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, एडीजी अमित सिन्हा, वी मुरुगेशन, एपी अंशुमन, आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन, आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल, कमांडेंट एसडीआरएफ अर्पणा यदुवंशी, एसडीआरएफ के अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

- **एसडीआरएफ को प्रयागराज महाकुंभ मिले अनुभव 2027 में हरिद्वार कुंभ आयेंगे काम : सीएम धामी**
- **सीएम ने पुरस्कार स्वरूप प्रदान की पांच लाख की चैक**




# उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने में होंगे सफल

## मुख्यमंत्री धामी ने किया विकसित भारत-विकसित उत्तराखण्ड मेगा प्रदर्शनी का शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता



रुड़की (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूड़की के नेहरू स्टेडियम में विकसित भारत-विकसित उत्तराखण्ड मेगा प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी में विकसित हो रहे है भारत और उत्तराखंड की अद्भुत और जीवंत छवि को प्रस्तुत किया गया है, यह प्रदर्शनी ऐसा वातावरण प्रस्तुत कर रही है जिसमें हम सभी को एक नए भारत की झलक दिखाई दे रही है।

मुख्यमंत्री ने राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल के प्रयासों से लगायी गयी मेगा प्रदर्शनी की खासियत बताते हुए कहा कि डीआरडीओ, इसरो, टीएचडीसी और भारतीय मानक ब्यूरो के साथ ही अनेक केंद्रीय एजेंसियों द्वारा स्टॉल लगाकर विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर हो रहे भारत की उपलिब्धयों को इसमें प्रदर्शित किया गया है। राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यों एवं नवाचारों को प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा भी स्टाल लगाकर स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु रखा गया है, जो उत्तराखंड में सुदृढ़ हो रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मिसाल प्रस्तुत कर रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आज हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा जहां एक ओर शहरों से लेकर गांवों तक सड़कें बनाई जा रही हैं। वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य भी पूर्ण होने के कगार पर है, इसके साथ ही, प्रदेश के विभिन्न नगरों के लिए हेली सेवायें शुरू करने के साथ-साथ आज उत्तराखंड, भारत का पहला ऐसा राज्य बन चुका है, जहां हेली एंबुलेंस की सेवा प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों की स्थापना करने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, हाल ही में राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य एवं सफल आयोजन ने देवभूमि उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में भी स्थापित करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश से पलायन जैसी बड़ी समस्या के समाधान के लिए भी संकल्पित होकर कार्य कर रही है। वर्तमान में जहां एक ओर औद्योगिक नीति, लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति, निर्यात नीति और एमएसएमई नीति सहित अनेक नई नीतियां बनाकर उत्तराखंड को निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक अग्रणी प्रदेश के रूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं, होम स्टे योजना, लखपति दीदी योजना और मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना जैसी अनेकों योजनायें लागू कर स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को हाउस ऑफ हिमालयॉज ब्रांड के माध्यम से आज देश-विदेशो तक पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ रुपये का एक वेंचर फण्ड भी तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने एक वर्ष के भीतर प्रदेश की बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत कमी लाकर राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ने का काम किया है और इतना ही नहीं, पिछले साढ़े तीन वर्षों में सरकार ने प्रदेश के 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने में सफलता प्राप्त की है।

# पिछले बजट की पूरी राशि खर्च नहीं कर पाई सरकार : विपक्ष

## प्लेटो का संत बनें सीएम योगी आदित्यनाथ : माता प्रसाद पांडेय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय ने मंगलवार को सरकार के विभिन्न विभागों पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित बजट की पूरी राशि खर्च नहीं कर पाने का आरोप लगाया और कहा कि गलत आकलन पर आधारित बजट बनाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी नजर में कभी प्लेटो का संत रहा व्यक्ति आज समानता और सद्भाव की विचारधारा से दूर होकर सांप्रदायिक बन गया है।

समाजवादी पार्टी के नेता पांडेय ने विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा, कि सरकार पिछले वित्तीय वर्ष के लिए आवंटित बजट को पूरी तरह खर्च नहीं कर पाई। यह उम्मीद की जाती है कि आप यहां से जो बजट पारित करेंगे, उसी के अनुरूप योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन क्या कारण है कि आप पूरा बजट नहीं खर्च कर पाते हैं। उन्होंने कहा, या तो आपका आकलन गलत हो जाता है या आपको संचित निधि में जितने पैसों की जरूरत होती है, उतने आपके पास आते नहीं हैं... तो इस तरह का बजट बनाने की क्या जरूरत है? पांडेय ने कहा, कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा 80,722.62 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 में यह बढ़कर 86,530.51 करोड़ हो गया और 2025-26 के बजट में इसके 91,399.8 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। बढ़े हुए घाटे को कैसे कम किया जाएगा, इस पर सरकार ने कोई विशेष बात नहीं कही है। उन्होंने कहा, 2024-25 में पूंजी लेखे 2,03,00,782.38 रुपये लिए गए थे, मगर सिर्फ 1,86,00,988.40 रुपये ही खर्च हुए। पांडेय ने कहा, कि 2024-25 में अनुमान से कम बजट खर्च करने वाले विभागों में प्रशासनिक सेवा विभाग ने 17.9 प्रतिशत, पेंशन और विभिन्न सामान्य सेवाओं के विभाग ने 17.16 प्रतिशत, शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति विभाग ने 15.65 प्रतिशत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने 15.66 प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 4.9 प्रतिशत, समाज कल्याण एवं पोषण विभाग ने 3.23 प्रतिशत और कृषि तथा संबद्ध कार्यकलाप के विभाग ने 4.40 प्रतिशत कम खर्च किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार ने 2024-25 से अधिक धनराशि प्राप्त होने का अनुमान लगाया है।

# यूपी में आरपीआई मजबूत : रामदास आठवले

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीई) का संगठन मजबूत है। पिछले सात वर्षों से प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में आरपीआई सक्रिय है। विभिन्न पार्टियों से बड़ी संख्या में लोग आरपीआई से जुड़ रहे हैं। प्रदेश के करीब सभी जिलों में पार्टी की कार्यकारिणी मजबूत है और जनसामान्य से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाया जा रहा है। प्रदेश पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में मंगलवार को सभी से भविष्य के लक्ष्यों को लेकर सुझावों का आदान-प्रदान एवं विचार-विमर्श हुआ। आरपीआई, उत्तर प्रदेश 11 मुद्दों के साथ भविष्य में एक नए विजन के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। ये बातें रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने हजरतगंज स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आरपीआई वह पार्टी है, जिसने सदन में सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की वकालत की। आरपीआई हर वर्ग के कल्याण की बात करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि बीते 29 नवंबर को जब मैं लखनऊ आया था तो आरपीआई से लोगों को जोड़ने के लिए गांव-गांव, पांव-पांव अभियान की शुरूआत की गयी थी। इस अभियान के माध्यम से हर मंडल में आरपीआई के प्रदेश और जिला पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी लगातार बैठकें कर लोगों को जोड़ने अपील कर रहे हैं। साथ ही आरपीआई का सोशल मीडिया पर सदस्यता अभियान (मिस्ड कॉल 8874742025) भी चलाया जा रहा है। एक वॉर रूप भी स्थापित किया गया है, जिसमें कॉलिंग के माध्यम से लोगों को पार्टी की विचारधारा के बारे में बताकर लोगों से जुड़ने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश 11 प्रमुख मुद्दों के साथ जनसामान्य को अपने साथ जोड़ने का काम कर रही है। ये सभी मुद्दे हर जनसामान्य के कल्याणकारी हैं और इन मुद्दों के जमीन पर लागू होने से आम जनता को सुविधा मिलेगी एवं हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा।

- **केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारवार्ता कर संगठन के मजबूत होने और अन्य दलों से आये नेताओं की दी जानकारी**

केंद्रीय मंत्री ने कहा आरपीआई के 11 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क चिकित्सा, निःशुल्क न्याय, सामाजिक न्याय, जातीय जनगणना, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, श्रमिक कल्याण, बेरोजगारी हटाओ, पुलिसिया उत्पीड़न पर रोक लगे, भूमिहीनों को जमीन जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल हैं। आरपीआई ये मानती है कि समाज में समानता, बंधुत्व की भावना का विकास हो और हर वर्ग को भागीदारी मिले, न्याय मिले। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भौतिक एवं सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से अब तक 40 हजार लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली है।

# भाजपा सरकार के झूठ और लूट की पोल लगातार खुल रही : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार के झूठ और लूट की पोल लगातार खुल रही है। सरकार में निवेश के नाम पर जनता को धोखा दिया। इनकी धोखाधड़ी लगातार सामने आ रही है। सरकार ने बिना जांच पड़ताल के फर्जी कम्पनियों से एमओयू किया। भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट के नाम पर लाखों करोड़ के निवेष का दावा किया लेकिन जमीन पर कहीं निवेष नहीं दिखाई देता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का झूठ का गुब्बारा अब हर दिन नए-नए रूप में दिखाई दे रहा है। सरकार बिना सोचें समझे झूठ का रिकार्ड बनाने के लिए जो जहां मिल गया उसे बुलाकर एमओयू कर लिया। अब एमओयू को लेकर जो जानकारियां आ रही है वह बेहद गंभीर है। सरकार की नीयत को उजागर करती है। प्रदेश के 75 जिलों में डाटा सेंटर बनाने का जिम्मा लेने वाली ब्यू नाऊ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और ब्यू नाऊ इंफ्राटेक फर्जी निकली। एमओयू की आड़ में मास्टर माइंड निवेशकों से हजारों करोड़ रुपए ठगकर विदेश भाग रहा था। इससे पहले भी खबरें आयी थी कि अमेरिका के जिस विश्वविद्यालय के पास छात्र नहीं थे प्रदेश सरकार ने उसके साथ नॉलेज पार्क के नाम पर एमओयू कर लिया। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर मीट में सरकार के तमाम निवेशक मेहमान दोबारा लौटे ही नहीं। सरकार ने इन्वेस्टर मीट के नाम पर जनता की आंख में धूल झोंका, भाजपा सरकार बेईमानी की नीति पर चल रही है। ठगी और बेईमानी का धंधा जोरो पर है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता से असत्य बोलकर धोखा दे रही है। इसके फर्जी निवेशक भी वही कर रहे हैं। सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए धोखेबाजों और ठगों को संरक्षण देते हुए तमाम झूठे एमओयू कर लिए हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार में एक भी उद्योग नहीं लगा और जो उद्योग पहले से लगे थे वे भी या तो बंद हो गये हैं या फिर बिक रहे है। किसी नौजवान को नौकरी नहीं मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं दे रही है, सिर्फ सपने दिखा रही है। आठ साल की सरकार में भाजपा का एक भी कार्य कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। प्रदेश की जनता भाजपा के चाल और चरित्र और चेहरे को अच्छी तरह से समझ गयी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में इनके झूठ के गुब्बारे की हवा पूरी तरह से निकालकर इन्हें जमीन पर पटक देगी।

संक्षेप

## दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने पीडिता के साथ घर में घुसकर जबरिया दुष्कर्म व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के लालगंज नगर के एक वार्ड की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पहली मार्च को रात करीब एक बजे एक आरोपी उसके दरवाजे को खटखटाया। पीड़िता ने आशंकावश दरवाजा खोला तो आरोपी धक्का देकर घर के अंदर घुस आया। आरोपी ने पीडिता के साथ छेडछाड शुरू की। इस पर आरोपी उसे गाली देते हुए मारपीट करने लगा। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी ने जबरिया उसके साथ दुष्कर्म किया। कोतवाली पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं मंगलवार को पुलिस ने गश्त के दौरान दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को धर दबोचा। कोतवाली के उप निरीक्षक दीपक कुमार यादव सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर धधुआ गाजन नहर के पास से दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित जनपद के अन्तू थाना क्षेत्र के सिंघनी निवासी माखन लाल सरकार के पुत्र पार्थ सरकार को गिरफ्तार किया। दरोगा दीपक यादव ने बताया कि गिरफ्तार वांछित को जेल भेज दिया गया।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा बेलहा निवासी विश्वनाथ केसरवानी के पुत्र शिवम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि तीन मार्च को आरोपियों द्वारा लालगंज बाजार में दुकानदारी को लेकर विवाद किया गया। मना करने पर आरोपी गांव के ही अभिषेक जायसवाल पुत्र हरिशंकर जायसवाल व हरिशंकर जायसवाल पुत्र लल्लू जायसवाल ने उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने गाली देते हुए पीड़ित को मारापीटा। बीचबचाव करने पर आरोपियों द्वारा उसके पिता की भी पिटाई कर दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक तथा शंकर के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज एवं धमकी को लेकर सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

## संभल की जामा मस्जिद की पुताई मामले में सुनवाई टली

प्रयागराज। संभल स्थित जामा मस्जिद की पुताई के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सुनवाई टाल दी और अगली तिथि 10 मार्च तय की। मंगलवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, तब मस्जिद कमेटी के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल की है। इस पर एएसआई के वकील ने आपत्ति का जवाब देने के लिए अदालत से समय मांगा। मस्जिद कमेटी के वकील ने यह भी कहा कि इस अदालत के पूर्व के आदेश के आलोक में मस्जिद परिसर के भीतर एएसआई की निगरानी में साफ सफाई का कार्य चल रहा है। इससे पूर्व, शुक्रवार को अदालत ने एएसआई को मस्जिद परिसर की सफाई करने का निर्देश दिया था। हालांकि, अदालत ने पुताई और पेंटिंग के लिए कोई आदेश पारित नहीं किया था।

## युवक की गोली मारकर हत्या

बदायूं। जिले के थाना जरीफ नगर क्षेत्र में सोमवार देर शाम बहन का रिश्ता तय करने आए संभल के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि संभल जिले के गंगावास गांव निवासी कैलाश यहां जरीफनगर क्षेत्र के बस्तूइया गांव में अपने रिश्तेदार के घर आया हुआ था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के के सरोज ने बताया कि वह अपनी बहन के लिए संभावित रिश्ता तय करने आया था, तभी गांव का ही एक युवक रिश्तेदार के घर में घुस आया और उस पर देसी पिस्तौल से गोली चला दी। आरोपी की पहचान सतीश के रूप में हुई है, लेकिन हत्या का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने बताया कि घटना में कैलाश की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कैलाश के परिवार की ओर से शिकायत मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

# बच्चे देश के कर्णधार

### शिक्षा जीवन में बेहद अहम : श्याममिलन यादव



चौरीचौरा, गोरखपुर। झ गहा क्षेत्र के सम्पूर्ण क्रांति जूनियर हाईस्कूल-पिपरामनी पर मंगलवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बच्चों ने गीत, संगीत, नृत्य व नुक्कड नाटक की मनमोहक प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। तो वही विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों में उनकी मेधा की झलक भी दिखी। साथ ही विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत मुण्डेरा बाजार अध्यक्ष सन्नी जायसवाल व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम मिलन यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कहा कि बच्चे देश के कर्णधार होते हैं।इनको जिस रुप में ढालने का कार्य किया जाएगा,उसी रुप में ये पुष्पित व पल्लवित होंगे। विशिष्ट अतिथि श्याम मिलन यादव ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं।इनको जैसी शिक्षा दी जायेगी, वैसे ही चरित्र का अपने निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहला गुरु बच्चों के माता-पिता होते हैं।दूसरा गुरु विद्यालय के शिक्षक होते हैं। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में उचित शिक्षा दी जाती है, तथा अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है,उस विद्यालय के छात्र अपने विद्यालय, माता-पिता तथा अपने गुरुजनों का नाम रोशन करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक डॉक्टर मधुसूदन उपाध्याय द्वारा अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी, आर्ट एंड क्राफ्ट का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों को शुभकामना दिया। प्रधानाचार्य चैतन्य उपाध्याय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर हरिपाल, श्रवण सिंह, अभिषेक उपाध्याय, अंजू श्रीवास्तव, प्रीति कुमारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सोनभद्र में दहेज हत्या के दोषी पति को उम्रकैद, चार अन्य को तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा

**सोनभद्र**। सोनभद्र जिले की एक विशेष अदालत ने दहेज हत्या के करीब ढाई साल पुराने एक मामले में पति को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई और 21 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। इसके अतिरिक्त सास-ससुर समेत चार अन्य दोषियों को भी तीन-तीन वर्ष कारावास एवं एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

शासकीय अधिवक्ता सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित अदालत) सोनभद्र अर्चना रानी ने आरोपी पति हसनैन को उम्र कैद तथा उसके पिता बलमू, मां नजीरन, देवर राजू तथा ननद तथा रोबिना को तीन-तीन वर्ष की कैद के साथ ही अर्थदंड की सजा सुनाई।

अदालत ने आदेश दिया कि पति द्वारा अर्थदंड अदा नहीं किए जाने पर उसे छह माह की अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी पड़ेगी। आठ जून 2022 को रॉबर्ट्सगंज थाने के बभनौली गांव की रहने वाली जैबुन्निसा ने पन्नूगंज पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी चांदनी बेगम की शादी करीब 12 साल पहले बनौरा गांव (पन्नूगंज थाना क्षेत्र) के हसनैन से हुई थी।

त्रिपाठी ने बताया कि हैसियत के मुताबिक उपहार और दहेज देने के बावजूद चांदनी को उसके पति और ससुराल वालों ने कथित तौर पर प्रताड़ित किया और एक लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर उसे जिंदा जलाने की धमकी दी। जैबुन्निसा ने बताया कि छह जून 2022 को आधी रात को चांदनी ने अपने परिवार को फोन करके धमकियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जब उसका परिवार उसके ससुराल पहुंचा तो उसे गंभीर रूप से जली हुई हालत में पाया। पुलिस ने जैबुन्निसा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूरी होने के बाद पर्याप्त सबूत के साथ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने सजा सुनाई।

## पुलिस अधीक्षक ने आमजन की सुनीं शिकायतें



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायतकर्ता/आम-जनों की सम्भावित समस्याओं का अवलोकन कर तत्काल सुनवाई की गईतथा राजस्व सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की टीमें गठित कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## लूट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



बलरामपुर। रामसजीवन जैसवाल द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीरी सूचना दी गयी कि वादी की दुकान पर मोटर साइकिल से आये व्यक्तियों द्वारा हमारे सेल्समैन को असलहा दिखा कर 18000 रु0 नगद व सेल्समैंन का मोबाइल छीन कर भाग गये, जिसके संबंध में थाना श्रीदत्तगंज पर बनाम अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व चोरी/लूट/नकबजनी के अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित के नेतृत्व मे उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त बृजेश कुमार त्रिगुनायत पुत्र दिलीप कुमार त्रिगुनायत निवासी दारीचौरा थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर को बाद पूछताछ जुर्म स्वीकार के आधार पर थाना स्थानीय पर ही गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया जा रहा है तथा घटना में शामिल अन्य अभियुक्तगण में से अभियुक्त शुभम तिवारी उर्फ शिवम तिवारी पुत्र सुशील तिवारी निवासी ग्राम पिपरी माझा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा व अभियुक्त अनुराम मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा निवासी ग्राम रुपईडीह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा जो थाना घुघटेर जनपद बाराबंकी में गिरफ्तार हुए है जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी गयी है। अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न थानों में 9 मुकदमे पंजीकृत

## विकास भवन में हेल्प डेस्क स्थापित

- **आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी कोई भी शिकायत आज 04 मार्च से 03 दिवस के भीतर कराए दर्ज**

बलरामपुर। विगत दिनों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती चयन प्रक्रिया के तहत रिक्त पदों पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के सापेक्ष प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वरीयता प्राप्त अभर्थिनीयों के अभिलेखों का सत्यापन किया गया, इस प्रक्रिया के उपरांत अंतिम चयन सूची प्राप्त सभी शिकायतों के निस्तारण के पश्चात बनाई जाएगी।

आंगनबाड़ी भर्ती चयन प्रक्रिया पूरी तरह से है मेरिट बेस्ड, कोई भी अभ्यर्थिनी किसी के भी प्रलोभन अथवा बहकावे में न आए। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों पर चयन भर्ती की प्रक्रिया जनपद में संचालित है। बताते चले कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती चयन प्रक्रिया के तहत रिक्त पदों पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के सापेक्ष प्रथम तृतीय वरीयता प्राप्त अभर्थिनीयों के अभिलेखों का सत्यापन दिनांक 25 फरवरी, 27 फरवरी, 28 फरवरी व 01 मार्च 2025 को विकास भवन सभागार में किया गया। आंगनवाड़ी भर्ती चयन प्रक्रिया की अंतिम सूची प्राप्त सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के पश्चात प्रकाशित की जाएगी। आंगनवाड़ी भर्ती चयन प्रक्रिया से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु विकास भवन में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। कोई भी जनमानस आंगनवाड़ी भर्ती चयन प्रक्रिया से संबंधित शिकायत का प्रत्यावेदन हेल्पडेस्क पर दिनांक 4 मार्च से 03 दिन के भीतर दर्ज कराकर रिसीविंग प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा तथा शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन प्रक्रिया पूर्णतया मेरीट बेस्ड है, जिसमें अभ्यर्थिनीयों के दसवीं, बारहवीं, ग्रेजुएशन एवं पोस्ट ग्रेजुएशन के पूर्णांक पर मेरिट बना कर चयन किया जाएगा।

## महाकुंभ के पवित्र गंगाजल का किया वितरण




श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा, मुख्यालय लखनऊ के निर्देशन में, महाकुंभ मेला-2025 प्रयागराज नहीं पहुंच पाने वाले नागरिकों के लिए पवित्र गंगाजल की व्यवस्था की गई। इसी क्रम में अग्निशमन एवं आपात सेवा जनपद श्रावस्ती द्वारा एक फायर टेंडर के माध्यम से 4500 लीटर अमृत जल महाकुंभ प्रयागराज से लाया गया। इस पवित्र गंगाजल का वितरण पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट, कस्बा भिनगा सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया। वितरण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा/इकौना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गंगाजल प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु नागरिकों ने अत्यधिक उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। इस पहल से उन लोगों को भी महाकुंभ का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जो किसी कारणवश प्रयागराज नहीं जा सके।

## मानसिक जागरूकता शिविर में रोगियों को दिया गया परामर्श, हुआ उपचार



प्रतापगढ़। लालगंज नगर स्थित सीएचसी परिसर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मेगा मानसिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी एवं अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा शिविर में आये लोगों को मानसिक अवसाद, चिन्ता, निराशा व हताशा तथा नशा एवं तनाव सम्बन्धी मानसिक बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूकता प्रदान की गयी। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही रचनात्मक सोच रखा करता है। चिकित्साधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने कहा कि मनुष्य को पूर्णरूप से स्वस्थ रहने के लिए अनावश्यक मानसिक विकारों से दूर रहना चाहिए। विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य एवं जागरूकता को लेकर रोगियों को परामर्श प्रदान किया। वहीं शिविर में रोगियों की जांच व उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान की गयी। मनोरोग विशेषज्ञ डा0 ज्ञानेन्द्र मौर्या व पीएसडब्ल्यू मुकेश कुमार मौर्य ने शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डा0 राहुल गुप्ता ने किया। इस मौके पर डा0 पंकज मिश्र, डा0 इलियास, डा0 सावक सिंह, डा0 उवेद अंसारी, डा0 ओपी पटेल, डा0 अशोक, डा0 सुधाकर सिंह आदि रहे।

## सामान्य बजट में जनता के हित से जुड़ी खामियों पर मोना ने विधानसभा में सरकार को घेरा



प्रतापगढ़। बजट में किसानों तथा नौजवानों व शिक्षकों की उपेक्षा पर विधानसभा में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सरकार की जमकर घेराबंदी की है। सामान्य बजट पर चर्चा को लेकर कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि वित्तीय वर्ष के लगभग पूरा होने की स्थिति में भी चिकित्सा, ऊर्जा, कृषि व शिक्षा व लोक निर्माण जैसे जनता के विकास से जुड़े विभागों में सरकार आधा अधूरा बजट ही खर्च कर पायी है। उन्होनें कहा कि प्रदेश की अस्पतालों में न तो दवाईयों का पर्याप्त स्टाक है और न ही बड़ी संख्या में डाक्टरों की कमी को पूरा किया जा सका है। सीएलपी नेता मोना ने कहा कि इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग को मात्र छः प्रतिशत बजट का आवंटन जनता के स्वास्थ्य को लेकर सरकार की असंवेदनशीलता उजागर हुई है। उन्होनें कहा कि किसानों की लागत बढाने के लिए कोई स्पष्ट प्राविधान नही है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि डीएपी खाद की कीमत आज तेरह सौ पचास रुपए तक आ पहुंची है। उन्होने कहा कि यह चिंताजनक है कि खाद की बोरी का वजन घटा पर दाम दोगुना बढ़ गया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने किसानों के लिए बीज के किट वितरण के मद में भी बजट को मात्र दिखावा और छलावा करार दिया। उन्होने कहा कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित क्षतिग्रस्त सड़कों तथा पीने के पानी की पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत को लेकर भी बजट में कोई प्राविधान न किया जाना चिंताजनक है।

## त्यौहारों को शांति और सौहार्द से मनायें



प्रतापगढ़। होली और रमजान को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें लोगों से शान्तिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में त्यौहारों को मनाए जाने को लेकर विचारविमर्श हुआ। बैठक में मौजूद धर्मगुरूओं, ग्राम प्रधानों तथा प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी रामसूरत सोनकर ने सभी वर्गो के प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाये जाने को लेकर सहयोग पर जोर दिया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि होली के पर्व को लेकर कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने और सामुदायिक सौहार्द की मजबूती को लेकर हर संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती दिखेगी। वहीं उन्होनें बताया कि रमजान माह को लेकर नमाज के समय मस्जिदों पर भी फोर्स शांति और व्यवस्था पर सीधी नजर रखेगी। सीओ ने बैठक में शामिल जिम्मेदारों से कहा कि गांवों में त्यौहार को लेकर किसी प्रकार की अराजक गतिविधि करने वालों की सूचना गोपनीय रखी जाएगी। उन्होनें कहा कि ऐसे अराजकतत्वों की गतिविधियों की जांच कर प्रशासन कडी कार्रवाई करेगा। कोतवाल नीरज यादव ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस मौके पर निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल, सभासद पन्नेलाल पाल, सभासद दारा सिंह, एबादुर्रहमान, आदि मौजूद रहे।

## वैन द्वारा मरीजों स्वास्थ्य परीक्षण

इटावा। निशुल्क लोटस चिकित्सा वैन में 160 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने बताया कि विगत दिनों जनपद के विभिन्न हिस्सों पर शिविर का आयोजन किया गया था वही पक्काबाग में शिविर का आयोजन हुआ जो की बड़ी संख्या में लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

## रंजिश में वृद्ध की पिटाई, दी तहरीर

प्रतापगढ़। वृद्ध के साथ हुई मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थानान्तर्गत नागापुर तिलौरी गांव निवासी अब्दुल सलाम पुत्र मो. रईश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार की सुबह करीब दस बजे उसके दादा दरवाजे पर लगे हैण्डपम्प पर स्नान कर रहे थे। पीडित का आरोप है कि इसी बीच गांव के पडोसी चार लोग वहां पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने वृद्ध को मारापीटा। शोर सुनकर परिवार के लोगों को आते देख आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। एसओ अरूण सिंह का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# 13 पिस्टल ,450 मैगजीन बरामद ,एक गिरफ्तार

### मेरठ पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया खुलासा

- **बुलंदशहर के एक व्यक्ति को बेचा करते थे 20 हजार में एक पिस्टल, पुलिस की दो टीम का गठन**
- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को दिया 25000 का इनाम**



**मेरठ**। मेरठ पुलिस ने थाना लोहिया नगर क्षेत्र से एक मकान की तीसरी मंजिल से निर्मित ,अर्ध निर्मित पिस्टल बनाने की अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा इसके कब्जे से 13 पिस्टल निर्मित तथा 4 50 मैगजीन तथा पिस्टल को बनाने का सारा सामान बरामद किया गया है। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने पत्रकारों को दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा के मुताबिक थाना लोहिया नगर के हिमायू नगर गली नंबर 3 में रहने वाले मुईज मकान के तीसरी मंजिल पर अवैध शस्त्र फैक्ट्री को संचालित कर रहा था उन्होंने बताया कि इस फैक्ट्री के दरवाजे पर बायोमेट्रिक लाक था जिसको सिर्फ मुईज ही खोल सकता था। उन्होंने बताया गिरफ्तार मुईज थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर गली नंबर 3 निवासी राशिद से अर्ध निर्मित सामान खरीदता था दोनों मिलकर एक पिस्टल ?20000 में जनपद बुलंदशहर के थाना सिकंदराबाद निवासी राजकुमार को बेचा करते थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मुताबिक मेरठ तथा बुलंदशहर में दो पुलिस टीमों को लगाया गया है ताकि इस पूरे मामले का खुलासा हो सके। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार मुईज मूल रूप से कैची का काम करता था लेकिन कैची का काम बंद होने के बाद वह मेरठ के पीएल शर्मा रोड पर लाइसेंसी शस्त्र की एक दुकान पर मरम्मत का काम करने लगा उसके बाद पैसे कमाने की हवस में वह पिस्टल का अधबना सामान लेकर असेंबल का काम करने लगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मुताबिक यह गिरोह बड़े स्तर पर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन कर रहा था, पुलिस इस बात का भी पता लगाने में लगी है कि मेरठ ,बुलंदशहर के अलावा आसपास के किस जिलों में पिस्टल सप्लाई की जाती थी। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, एएसपी ब्रह्मपुरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी कोतवाली भी मौजूद थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25000 का इनाम देने की घोषणा की है।

**कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश**
**तृतीय तल, किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

पत्रांक– नि0ख0/लखनऊ/ई–निविदा/2025–2008 **ई-निविदा सूचना** दिनांकः 04/3/25

गङ्ढामुक्तिकरण योजनान्तर्गत निम्नलिखित सम्पर्क मार्गों के मरम्मत कार्य हेतु ई–निविदायें दिनांक 25.03.2025 को मण्डी परिषद विभाग में पंजीकृत वित्तीय रूप से सुदृढ एवं अनुभवी ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 25.03.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर डोक्यूमेन्ट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.03.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक 25.03.2025 की अपरान्ह 3.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना, नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्यालय में तथा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट https: // etender.up.nic.in पर देखी, पढ़ी व डाउनलोड की जा सकती है। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र0 सं0 | मण्डी समिति का नाम | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) (रूपये में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जनपद–सीतापुर के अन्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | बिसवाँ | सम्पर्क मार्ग रामकुण्ड से आंदूसराय तक।(लं0 1.15 कि0मी0) 2025 RKUMP 1013712 1 | 3000.00 + 540.00 = 3540.00 | 1.97 | 19.63 | 03 माह | ब |
| 2 | बिसवाँ | सं0मा0 क्योटी से बाढुल्ला बिसेण्डी तक।(लं0 1.50 कि0मी0) 2025 RKUMP 1013713 1 | 5100.00 + 918.00 = 6018.00 | 3.35 | 33.43 | 03 माह | ब |
| 3 | हरगाँव | सं0मा0 गाँधी ग्राम नवीनगर भदफर मार्ग से चन्देसुआ तक।(लं0 1.40 कि0मी0) 2025 RKUMP 1013715 1 | 5900.00 + 1062.00 = 6962.00 | 3.94 | 39.33 | 03 माह | ब |
| 4 | सीतापुर | सं0मा0 टप्पा खजुरिया से शाहपुर तक।(लं0 1.44 कि0मी0) 2025 RKUMP 1013716 1 | 4000.00 + 720.00 = 4720.00 | 2.62 | 26.11 | 03 माह | ब |
| 5 | सीतापुर | सं0मा0 रामग्राम अकबरगंज से मकदूमपुर तक।(लं0 0.50 कि0मी0) 2025 RKUMP 1013717 1 | 1900.00 + 342.00 = 2242.00 | 1.21 | 12.02 | 03 माह | ब |
| 6 | सीतापुर | सं0मा0 कसरैला से रघुआपुर तक अवशेष भाग।(लं0 0.70 कि0मी0) 2025 RKUMP 1013718 1 | 2400.00 + 432.00 = 2832.00 | 1.60 | 16.00 | 03 माह | ब |
| 7 | महोली | सं0मा0 ग्राम मुल्लागीरी से जलाईपुर तक।(लं0 0.98 कि0मी0) 2025 RKUMP 1013719 1 | 4500.00 + 810.00 = 5310.00 | 2.98 | 29.75 | 03 माह | ब |

नियम एवं शर्तें–
1. ई–निविदा के मूल्य हेतु निर्धारित धनराशि भारतीय स्टेट बैंक, गोमती नगर लखनऊ में उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद लखनऊ के संचालित खाता संख्या–30394513612 आई0एफ0एस0 कोड– SBIN0009916 तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या–30394514140 आई0 एफ0 एस0 कोड -SBIN0009916 में आनलाइन जमा कराकर जमा रसीद (प्रमाण) ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
2. धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य आनलाइन जमा न किए जाने तथा जमा रसीद ई–निविदा के साथ अपलोड के बिना प्रस्तुत की गयी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निविदायें प्रथम दृष्टया ही निरस्त कर दी जायेगी।
3. नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र (टी–4), नवीनतम हैसियत प्रमाण पत्र (टी–5) एवं शपथ पत्र (टी–6) पर स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो तथा मण्डी परिषद में पंजीकृत/नवीनीकरण होने का साक्ष्य ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. ऐसे निविदादाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है वह टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी नहीं कर सकेंगे।
5. निविदा के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. जी0एस0टी0 का भुगतान एवं आयकर की कटौती नियमानुसार चालू देयकों से की जायेगी।
7. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

उपनिदेशक(निर्माण) मण्डी परिषद लखनऊ

## संक्षेप

### गाय से टकराकर हुआ घायल, मौत

बकेवर, इटावा। मजदूरी करके घर जा रहे 20 वर्षीय बाइक सवार युवक गांव उझियानी क पास गाय से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला टूटा निवासी विनोद कुमार ने बताया उनका 20 वर्षीय बेटा कपिल सोमवार को वाइक पर सवार होकर मजदूरी करने गया हुआ था जब वह शाम को वापस गांव आ रहा था कि तभी उझियानी के पास सर्विस रोड पर गाय आ जाने से उसकी बाइक गाय से टकरा गयी जिससे बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणो ने थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने चेकप करने के बाद कपिल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।मृतक युवक पाँच भाई बहिनो में सबसे छोटा था। मौत की सूचना जैसे ही माँ बाप और परिजनो को हुई तो वह रोने बिलखने लगे।

### रहमतों व बरकतों का महीना है रमजान

इटावा। शाबान के महीने के बाद आता है माहे रमजान इस माहे रमजान में अल्लाह तवारक ताआला जहन्नुम के दरवाजे बन्द कर देता है और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते है इस माहे रमजान की बहुत बड़ी फजीलत है जो इंसान अल्लाह की इबादत से सालभर बेखबर रहता है वह भी इस मुबारक महीने में अल्लाह की इबादत में झुक जाता है रमजान मुबारक के रोजे हर मुसलमान मर्द औरत और बालिग पर फर्ज किये गये हैं जैसा कि पहले की उममतों पर फर्ज किये गये थे इस माहे मुबारक में रोजो का बहुत महत्व है यदि एक रोजा छूट गया उसके उपरांत जीवन पर्यन्त तक रखें रमजान के रोजे के बराबर सबाब पुन्य प्राप्त नहीं किया जा सकता इस माहे मुबारक में अल्लाह की इबादत की जाती है इस माहे रमजान में तराबी का विशेष महत्व है जो इंशा की नमाज के बाद पढ़ाई जाती है जो इंसान कुरान नहीं पढ़ा उसे तराबी का एहतमाम जरुर करना चाहिए रोजे की हालत में झूठ फरेब और हर बुरे कामों से बचना चाहिए पांच वक्त की नमाजो का एहतमाम करना चाहिए रोजे का मकसद भूखा प्यासा रहना नहीं वल्कि अपने अन्दर तकवा परहेजगारी पैदा करने का नाम रोजा है।

### भागवत् कथा में झूमे श्रद्धालु

चकरनगर, इटावा। परम पूज्य राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद बाबू ने चंबलघाटी के गांव टिटावली में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चैथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हुए भगवान की कथा सुनाई। यह कथा सेवा निवृत सैनिक जगदीश यादव, सैनिक राजेंद्र यादव, शिक्षक जितेंद्र यादव के द्वारा आयोजित कराई जा रही है। तहसील क्षेत्र चकरनगर के गांव टिटावली में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन कथा वाचक परम पूज्य राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद बाबू ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम फलक फारूक था जिसे बदलकर फलक सरवर रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम फलक सरवर ही दर्ज किया जाये। **फलक सरवर पुत्री फारूक अली नि.-433/131 राम नगर, कैम्पवेल रोड, बालागंज, लखनऊ।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम AVNIT KAUR FLORA से बदलकर AVNEET KAUR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AVNEET KAUR D/O AMAR JEET SINGH R/O KISAN-1,PALIA KALAN (KHERI)

**सूचना**

मैंने अपना नाम KEERAT KAUR FLORA से बदलकर KEERAT KAUR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए KEERAT KAUR D/O AMAR JEET SINGH R/O KISAN-1, PALIA KALAN (KHERI)

# विशेष सचिव ने निर्माणाधीन आईटी पार्क का लिया जायजा

## दो माह में आईटी पार्क के निर्माण को पूरा करने का दिया निर्देश



गीडा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश शासन की विशेष सचिव आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स नेहा जैन ने मंगलवार को गीड़ा के सेक्टर-7 में बन रहे आईटी पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने कार्यदायी संस्था से कार्य प्रगति की विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गीडा के सेक्टर-7 में आईटी पार्क बनाने के लिए यूपी इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन को 3.5 एकड़ भूमि आबंटित किया गया है। मंगलवार को विशेष सचिव आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स नेहा जैन मंगलवार को गीड़ा पहुंची और गीडा सेक्टर 7 कार्यालय के पीछे बन रहे आईटी पार्क के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि दो माह के अंदर आईटी पार्क के कार्य को पूर्ण कराया जाए। संभवत आईटी पार्क का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसी के दृष्टिगत नेहा जैन ने मातहतों के पेच कसे और कहा कि जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाए। इसके पश्चात विशेष सचिव ने गीड़ा कार्यालय पहुंचकर एसीईओ डॉ आरडी पांडेय से परियोजना के संबंध में बातचीत किया। निरीक्षण के दौरान गीडा के सहायक प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा के कार्यों का सराहना करते हुए विशेष सचिव ने प्रशंसा किया। इस दौरान गीडा के विशेष कार्याधिकारी अनुपम मिश्र, आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स के परियोजना प्रबंधक के एम चौधरी के साथ अन्य लोगों उपस्थित रहे।

### डीएम ने बाल विकास परियोजना कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



सिद्धार्थनगर।जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज शुक्ला के साथ बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नौगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया गया। विनय कुमार, प्रधान सहायक अनुपस्थित पाये गये जिसपर जिलाधिकारी द्वारा एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इसके पश्चात पुष्टाहार के प्राप्त/वितरण रजिस्टर दिखाने को कहा गया तो सीडीपीओ नौगढ़ गौरीशंकर द्वारा अवगत कराया गया कि रजिस्टर प्रधान सहायक के पास है। जिलाधिकारी द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों, पोषण ट्रैकर, सैम/मैम बच्चों के चिन्हांकन आदि की जानकारी प्राप्त किया गया। सीडीपीओ नौगढ़ गौरीशंकर द्वारा स्पष्ट जवाब न दे पाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीडीपीओ व ब्लाक कोआर्डिनेटर दिव्यांशी यादव को पोषण ट्रैकर से लाभार्थियों से दूरभाष पर बात कर पोषाहार वितरण की जानकारी प्राप्त करें।

### सीडीओ ने महाविद्यालय का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



सिद्धार्थनगर।, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्मित राजकीय महाविद्यालय, तिगोड़वा, डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था अवर अभियन्ता, सी0एण्ड0डी0एस0 यूनिट-20, संतकबीरनगर एवं सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नि0ख0-बांसी उपस्थित रहें। अवर अभियन्ता द्वारा बताया गया कि प्राक्कलन के अनुसार भूतल सहित भवन तीन तल का बनाया गया है। जिसमें भूतल से तृतीत तल तक कार्यालय, प्रचार्य कक्ष, प्रयोगशाला, व्याख्यान कक्ष, परीक्षा कक्ष, शिक्षण कक्ष एवं प्रत्येक तल पर शौचायल महिला एवं पुरूष सहित वाह्य परिसर का स्थल विकास सहित सी0सी0 रोड, बाउण्डीवाल, पानी की टंकी ओपन सरसेफ डेन कार्य कराया जाना था। जिसके सापेक्ष समस्त कार्य पूर्ण है। भवन की हस्तान्तरण की प्रक्रियाधीन है। भवन में फायर एलार्म सिस्टम लगाया है परन्तु वर्तमान में क्रियाशील नही है। जिसे क्रियाशील करने के निर्देश दिये गये।

### कोतवाल बांसी ने पैदल गश्त कर कराया पुलिस सुरक्षा का एहसास



सिद्धार्थनगर। कोतवाल बांसी संतोष कुमार तिवारी ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ बांसी कस्बा परिक्षेत्र के पुलिस बूथ से कई चौराहौ स्थानों का पैदल कर आम जनमानस को पुलिस सुरक्षा का यहशास कराया गया, आगामी होली ईद अन्य त्योहारों को शान्ति सुरक्षा के साथ सकुशल संपन्न कराए जाने व कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने तथा उच्चाधिकारियों के दिए गए निर्देश गाइड लाइन के अनुपालन में दायित्वों के प्रति मैं फोर्स को0 बांसी क्रियाशील रहे , नवागत कोतवाल बांसी श्री तिवारी ने गत मंगलवार सायं काल उ0नि0 जियाउल्लाह सिद्दीकी, अनिल कुमार तिवारी , अन्य उपनिरीक्षक व भारी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ बांसी कस्बा परिक्षेत्र में पैदल गश्त कर आम जनमानस को पुलिस सुरक्षा का यहशास कराया गया , भारी संख्या में पुलिस बल को देख आसामाजिक तत्त्वों में पुलिस के प्रति खौफ का माहौल देखा गया , जब कि पैदल पुलिस गश्त कस्बा परिक्षेत्र का मंगल बाजार पुलिस गश्त से अछूत रह गया, बाकी कोतवाली कस्बे के अन्य स्थानों पर पुलिस द्वारा गश्त किया गया, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के निर्देश के अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील कोतवाल बांसी ने बांसी पुलिस बूथ से माधव पार्क तिराहा आगे मंगल मोड़ तिराहा के आगे होते हुए पैदल गश्त कर वापसी पुलिस बूथ बांसी पुरानी कचहरी आदि कस्बा परिक्षेत्र में पैदल गश्त कर नवागत कोतवाल बांसी संतोष कुमार तिवारी ने आम जनमानस को पुलिस सुरक्षा का यहशास कराया गया, तो वही आसामाजिक तत्त्वों के प्रति उनकी भृकुटी तनी रही ऐसे में आसामाजिक तत्त्वों में पुलिस के खौफ का माहौल देखा जा रहा है।

### अज्ञात बोलेरो की टक्कर से ऑटो पलटा, पांच घायल

गोरखपुर। एम्स क्षेत्र के सोनबरसा बाजार में फोरलेन पर मंगलवार की अपराह्न में एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरों ने सवारी भरी आटो को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया और ऑटो में सवार दो महिला व एक छात्र व एक छात्रा और आटो चालक गम्भीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सोनबरसा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंचकर एक छात्र व छात्रा और उनकी माँ को निजी अस्पताल और दूसरी महिला व आटो चालक को एम्बुलेंस से सीएचसी पिपराइच भिजवाया। जानकारी के मुताबिक पिपराइच क्षेत्र के विजहरा निवासी आटो चालक गोविन्द (32) पुत्र फूलचंद मंगलवार की अपराह्न में कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली से गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के राप्तीनगर निवासिनी रचना सिंह (40) पत्नी मनीष सिंह व रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के इन्द्रिरानगर सीताराम चौराहा निवासिनी रिन्की गुप्ता (30) पत्नी राजाराम और इनके पुत्र तनुज गुप्ता (13) व पुत्री खुशी गुप्ता (16) को अपने आटो में बैठाकर गोरखपुर की तरफ जा रहा था तभी सोनबरसा बाजार में आटो के पीछे एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरों ने टक्कर मार दिया जिसमे आटो में सवार दो महिला और एक छात्र व एक छात्रा और आटो चालक गम्भीर रुप से घायल हो गए।

### मोटरसाइकिल की चपेट में आने से साइकिल सवार घायल, मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भरतपुर निवासी मुकेश पुत्र महेश तथा उनका साथी आदित्य मोटर साइकिल की चपेट में आने से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमहा सरदार नगर भेजवाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर दशा में उसे एम्स रेफर कर दिया गया। पिता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस चौरीचौरा ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। बताते चलें कि चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव निवासी निवासी महेश पुत्र राम जी ने तहरीर के माध्यम से बताया कि चौरी चौरा 21 फरवरी को सुबह 8:30 बजे मेरा लड़का मुकेश कुमार गांव के अपने अन्य साथी आदित्य निषाद के साथ साइकिल से फुलवरिया जा रहा था। दोनों शत्रुध्नपुर फुलवरिया शौचालय के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए गलत साइड में जाकर जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मेरा पुत्र व उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमहा ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर एम्स में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

## आईजीएल में मनाया गया 54वां सुरक्षा दिवस



गीडा, गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन एवं प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में आईजीएल सुरक्षा विभाग द्वारा 54वें सुरक्षा दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्रबन्धक सुरक्षा रणधीर सिंह ने किया। सर्वप्रथम प्लांट हेड एवं मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बताया की ये सुरक्षा दिवस पुरे सप्ताह मनाया जायेगा जिसमे विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा और इसमें सबसे बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील किया। एवं इस कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग द्वारा सभी सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी गयी और उसके उपयोग को बताया गया साथ में सड़क सुरक्षा एवं घरेलु सुरक्षा के उपायों को भी बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फायर ऑफिसर सरोज कुमार रहे और उन्होंने बताया की आईजीएल में सुरक्षा के सभी उपकरण मौजूद है जिसकी उन्होने काफी प्रशंशा की और अग्नि एवं खतरनाक गैसों के रिसाव से सुरक्षा हेतु उचित सलाह दिए और उपकरणों के इस्तेमाल की विधि को बताया और आईजीएल के सुरक्षा विभाग से अपील किया की अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के उपयोग हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। उक्त कार्यक्रम में दशरथ मिश्र द्वारा सभी कर्मयोगियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर आईजीएल से दशरथ मिश्र, शैलेश चन्द, ऐ के सिंह, रजनीकांत पांडेय, अरुण चतुर्वेदी, जगदीश धाकड़, धर्मेन्द्र मलिक, संजय मिश्रा, सुनील कुमार, अखिलेश शुक्ल, अमित कश्यप, शिवेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह, विपिन सिंह ० अन्य कर्मयोगी उपस्थिति रहे।

## सभासद ने पाइप लाइन ठीक कराई



इटावा। अकालगंज में पानी की पाइप लाइन लीक होने की सूचना मिलने पर भाजपा नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने लीक पाइप लाइन को सही कराया। शरद बाजपेयी ने कहा कि विशाल वर्मा द्वारा मुझे सूचना मिली कि पानी की पाइप लाइन लीक कर रही है और पानी बर्बाद हो रहा है तो मैंने नगर पालिका की जलकल टीम को बुलाकर अपनी उपस्थिति में पानी की पाइप लाइन को सही कराया, मेरा जनता से निवेदन है कि कहीं भी पानी की पाइप लाइन टूटी या लीक होती दिखाई दे तो मुझे तत्काल सूचित करें जिससे उसे ठीक कराया जाए और पानी की बबार्दी को रोका जाए, शरद बाजपेयी ने कहा कि मेरा निवेदन यह भी है कि अगर आप नया कनेक्शन लें तो पुराने कनेक्शन को ढंग से बंद करा दें जिससे पानी बर्बाद न हो और साथ ही सड़क भी सुरक्षित रहे। पानी की एक एक बूंद बचाना बहुत ही आवश्यक एवं अनिवार्य है।इस अवसर पर जलकल टीम के साथ क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## ग्राम पुरा दंगली में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन



इटावा। विधानसभा के ब्लॉक बढ़पुरा सेक्टर नया बेला के ग्राम पुरा दंगली पीडीए कार्यक्रम का आयोजन हुआ, अध्यक्षता रामसेवक जाटव पूर्व प्रधान ने की।

पूर्व एमएलसी दयाराम प्रजापति, जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, वरिष्ठ नेता लखन सिंह जाटव, पीडी.ए. प्रभारी उदयभान सिंह यादव, सर्वेश शाक्य नें पीडीए चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिलाओं के ऊपर हो रहे पक्षपात, शोषण, उत्पीड़न तथा सामाजिक न्याय के विरुद्ध पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को मजबूती से लागू कराना समाजवादी पार्टी का लक्ष्य हैं। समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष दाताराम बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल मिश्रा, जिला सचिव देवेंद्र भदोरिया, जिला सचिव राजकुमार यादव, देवेंद्र यादव मास्टर, विजय यादव, देशराज, अशोक यादव, रामप्रकाश यादव पप्पू, आशीष बघेल, प्रमोद यादव, सुरेश मास्टर, विपिन यादव, विक्की यादव, सूरज पाल सिंह राजपूत प्रधान नें भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के साथ छेड़छाड़ करने वालों को पीडीए के लोग कभी माफ नहीं करेंगे और आने वाले 2027 के चुनाव में प्रदेश की जनता इन्हें सबक सिखाने का काम करेग। बैठक में सभी सेक्टर, बूथ प्रभारी एवं पीडीए के लोग एवं कार्यक्रम में भारी संख्या में माताएं बहने एवं तमाम समाजवादी साथी मौजूद रहे।

### सीओ ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण



जसवंतनगर, इटवा। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। सीओ नागेंद्र चैबे के निर्देशन में क्षेत्र की सभी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान शराब विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि एक व्यक्ति को निर्धारित मात्रा से अधिक शराब न बेची जाए। देसी शराब के अधिकतम पांच पव्वे तथा अंग्रेजी शराब की ढाई बोतल से अधिक देने पर प्रतिबंध लगाया गया है। सीओ नागेंद्र चैबे ने निर्देश दिया कि यदि कोई व्यक्ति अधिक मात्रा में शराब खरीदने का प्रयास करता है, तो उसका नाम व मोबाइल नंबर दर्ज किया जाए, ताकि किसी भी संभावित घटना की स्थिति में जांच में आसानी हो सके। उन्होंने क्षेत्र की आधा-दर्जन से अधिक शराब की दुकानों की जांच की और दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ ने स्पष्ट किया कि होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता और अवैध शराब की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति अधिक मात्रा में शराब संग्रह करता है या अवैध रूप से बेचता है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी जाए। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग करें। चेकिंग में प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह इंस्पेक्टर क्राइम नरेंद्र मिश्रा कस्बा इंचार्ज राजकुमार सिंह आज उपस्थित रहे।

### पुलिस लाइन में पहुंचा महाकुंभ का अमृत जल



इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में महाकुंभ का पवित्र जल पहुंच गया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने विधि-विधान से पूजन के बाद इस जल का वितरण किया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां कुंभ में सेवा कार्य के लिए गई थीं। वापसी में वे यह पवित्र जल लेकर आईं। एसएसपी ने स्वयं इस जल से रुद्राभिषेक और जल अभिषेक किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को जल वितरित किया गया। पुलिस प्रशासन ने आमजन की आस्था को देखते हुए जल वितरण का निर्णय लिया। श्रद्धालु पुलिस लाइन आकर यह जल प्राप्त कर सकते हैं। जल वितरण की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग पुलिस लाइन पहुंचे। स्थानीय श्रद्धालु सौरभ दुबे ने कहा कि महाकुंभ जाने का अवसर सभी को नहीं मिलता। प्रशासन द्वारा अमृत जल उपलब्ध कराना सराहनीय कदम है। श्रद्धालु इस जल को घर ले जाकर पूजा अर्चना करेंगे। महाकुंभ हिंदू धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। इसमें देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम में स्नान करने आते है।

### मारुति एजेंसी में लिफ्ट गिरने से 5 कर्मचारी घायल



इटावा। मारुति एजेंसी में कार और अन्य सामान को ढोने वाली लिफ्ट नीचे गिर गई, जिससे कार एजेंसी के पांच कर्मी दबकर घायल हो गए। हादसे के बाद आनन फानन में घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर उनके उपचार में जुट हुए है। यह घटना थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के पक्का बाग स्थित कुलदीप मारुति एजेंसी की बताई जा रही है। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी के पक्काबाग क्षेत्र में स्थित कुलदीप मारुति कार एजेंसी में मंगलवार को एजेंसी में लगी लिफ्ट अचानक से टूट गई। इस हादसे के बाद एजेंसी में हड़कंप मच गया। लिफ्ट में दबे सभी कर्मियों को तत्काल बहार निकाला गया और एजेंसी के कर्मचारियों के द्वारा सभी को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल कर्मियों में इमरान, सुमित, आदेश, राजू, अवनीश दबकर बताए जा रहे है। यह सभी कर्मचारी लिफ्ट से कार उतार रहे थे तभी यह हादसा हो गया। लिफ्ट के टूटने हुए जोरदार धमाके की आवाज सुनकर अन्य कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। जिला अस्पताल इमरजेंसी के डॉक्टर सौरभ गुप्ता ने बताया घायलों की हालत स्थिर है। सीटी स्कैन रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है।

**लखनऊ नगर निगम**

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्या: 299/मु0अ0/24-25 **अति-अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 04.03.2025

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 12.03.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.03.2025 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12.03.2025 को अपरान्ह 3 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 12.03.2025 को अपरान्ह 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हॉट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजा बिजली पासी वार्ड प्रथम के अन्तर्गत अहाना इन्क्लेव प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कारपोरेट ऑफिस का कार्य। पार्ट-बी | 841500.00 | 84150 | 20 दिवस | 842 | 151 | 993 |
| 2. | कार्यालय जोन-8 में राजा बिजली पासी वार्ड प्रथम के अन्तर्गत अहाना इन्क्लेव प्रोजेक्ट के अन्तर्गत आफिस का कार्य। पार्ट-सी | 821300.00 | 82130 | 20 दिवस | 821 | 148 | 969 |
| 3. | कार्यालय जोन-8 में राजा बिजली पासी वार्ड प्रथम के अन्तर्गत अहाना इन्क्लेव प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कार्पोरेट आफिस का कार्य। पार्ट-ए | 732367.00 | 73237 | 20 दिवस | 732 | 132 | 864 |
| 4. | हिन्दनगर वार्ड के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बल्दीखेड़ा स्कूल में फर्श में टाइल्स लगाने व हाल में आर0सी0सी0 स्लैब की मरम्मत का कार्य। | 828069.00 | 82807 | 20 दिवस | 828 | 149 | 977 |

शर्तें:- (1) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (2) 10.00 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/ परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। (3) शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। (4) आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3690/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (5) कार्य हेतु 01 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (6) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। (7) किसी कार्य में एक से अधिक निविदाओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (8) 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

संक्षेप

## 15 मार्च तक ले सकेंगे इग्नू में प्रवेश

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) शहर के इग्नू अध्ययन केंद्र में जनवरी सत्र 2025 की प्रवेश की तिथि 15 मार्च तक विस्तारित कर दी गई है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केन्द्र में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी गई है।इग्नू में वर्ष में दो बार (जनवरी एवं जुलाई) सत्र में प्रवेश होते है। इग्नू में बीए/बीएससी/बीकाम/एमए (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, ग्रामीण विकास, छःमाह के विभिन्न रोजगार परक सर्टिफिकेट कोर्स व एक वर्षीय डिप्लोमा जैसेः-आपदा प्रबन्धन, ग्रामीण विकास, अनुवाद, खाद्य एवं पोषण आदि में ऑनलाइन प्रवेश प्रारम्भ है।इग्नू में वे सभी छात्र प्रवेश ले सकते हैं जिनका इण्टरमीडिएट मे 40 प्रतिशत से कम अंक हैं इण्टर प्राइवेट है या गैप इयर है। छात्रों को पाठ्य सामग्री (पुस्तकें) इग्नू द्वारा निःशुल्क प्रदान की जायेंगी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को बीए, बीकॉम में प्रवेश प्रोसेसिंग फीस के साथ मात्र 500 रुपये में हो रहा है। अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाइट ़.पहदवन.ंब.पद से प्राप्त कर सकते है। प्रवेश सम्बन्धी विस्तृत जानकारी के लिए समन्वयक डॉ अरूण कुमार सिंह के मोबाइल नं 9452153002 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कार की टक्कर से अधेड़ की मौत, तीन घायल

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) पीलीभीत बस्ती नेशनल हाईवे पर ग्राम जलालपुर रजौरा मोड़ के निकट सवारिया लेकर रजागंज से गोला जा रहे ई-रिक्शा में सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत व अन्य तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार की सुबह ई-रिक्शा चालक सूरज पुत्र लल्लन उम्र 25 वर्ष निवासी करनपुर थाना गोला जो रजागंज से गोला सवारियों को ले जा रहा था।ई -रिक्शा पर तीन लोग सवार थे। हादसे मे गोला थाना क्षेत्र के ग्राम ढकवा निवासी सदाशिव 40 पुत्र जगनमोहन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है, वही सरस्वती विद्या मंदिर गोला परीक्षा केंद्र पर पेपर देने जा रहा छात्र अश्वनी शुक्ल 20 पुत्र राजेश शुक्ल निवासी ग्राम धौरहरा खुर्द थाना फरधान,दीपक कुमार पुत्र लल्लन निवासी करनपुर थाना गोला गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे 108 एम्बुलेंस से सीएचसी गोला लाया गया, जहां घायलों की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का लगाया आरोप

जौनपुर ।केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुरकी गांव निवासी चंद्रकला पत्नी विनोद ने सोमवार को शाम छह बजे कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री संध्या कुमारी के फासी लगाकर आत्म हत्या के मामले में ग्राम चेवार, थाना देवगांव निवासी एक युवक पर आत्म हत्या के लिये प्रेरित करने का आरोप लगाया। ज्ञात हो कि उक्त मामले में पुलिस ने पहले ही मृतका के शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम करा दिया है। वही तहरीर के आधार मामले की जांच और कार्यवाई का आश्वासन देकर मृतका की माँ को घर भेज दिया।

# सीडीओ ने सड़क मार्गों के निर्माण की देखी प्रगति




लखीमपुर खीरी। मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडब्लूडी अफसरों संग एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और जनहित को सुगम यातायात प्रदान किए जाने के उद्देश्य से स्वीकृत राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक फोरलेन कार्य की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया।

सीडीओ ने धीमी प्रगति पर भड़क उठे। गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। सर्वप्रथम सीडीओ अभिषेक कुमार ने राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक स्वीकृत फोरलेन कार्य को त्वरित गति से कराए जाने के उद्देश्य से अफसरों संग स्थलीय निरीक्षण किया। इस मार्ग में पड़ने वाले 24-25 चिन्हित पेड़ों की नियमानुसार कटाई के लिए प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया। इस मार्ग में पड़ने वाली जल निगम की पाइपलाइन की शिफ्टिंग को समय से पूरा करने के लिए जल निगम के उत्तरदाई अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मार्ग पर विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग के लिए विद्युत महकमे के अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र इस कार्य को पूर्ण कराए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीडीओ के पूछने पर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता केके झा ने बताया कि इस मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की जमीन पर पक्का और कच्चा अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित को नोटिस भेजी गई है। सीडीओ ने मार्किंग करते हुए तत्काल अतिक्रमण को हटाते हुए फोर लाइन कार्य को कार्यवाही पूरा करने के निर्देश दिए।

### बाधाओं को दूर कर जल्द पूरा करायें सड़क निर्माण : सीडीओ

इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार ने एलआरपी चौराहे से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य की प्रगति देखी। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। निर्देश दिए कि विद्युत की पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग और जल निगम की पाइपलाइन की शिफ्टिंग यथाशीघ्र कराई जाए। स्थानीय तहसील प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए इस मार्ग पर पड़ने वाले अवैध अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाने की कार्यवाही की जाए।

## नव सृजित वार्ड फतेहनगर में गंदगी का अंबार

धौरहरा खीरी। तहसील परिसर के ठीक सामने नगर पंचायत धौरहरा का नव सृजित मोहल्ला फतेहनगर फत्तेपुर आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर हैं जबकि इस वार्ड में लगभग 80% आबादी मुस्लिम समाज की होने के चलते वर्तमान समय में पवित्र रमजान के रोजे भी चल रहे हैं लेकिन नगर पंचायत प्रशासन कितना संजीदा है इस की बानगी फोटो से देखी जा सकती है।

धौरहरा तहसील परिसर के ठीक सामने से धौरहरा फायर स्टेशन की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते का यह हाल कोई नया नहीं है। वर्तमान समय में इसी मार्ग से रोजेदारों को निकलना पड़ता है जबकि इस वार्ड में लगभग 80% मुस्लिम समाज के लोगों के कच्चे व पक्के घरों के आगे बह रहा सड़क पर नाला नगर पंचायत धौरहरा की हकीकत खुद बयां करता है। इस मार्ग पर गाड़ी तो छोड़िए पैदल निकलना भी मुश्किल है। कुल मिलाकर ग्रामीणों को इस रास्ते पर आने जाने मे काफी परेशानी हो रही है। जबकि नगर पंचायत प्रशासन के पास वर्तमान समय में लगभग आधा



सैकड़ा सफाई कर्मचारियों की तैनाती होने के बाद फतेहनगर वार्ड अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर हैं और नगर पंचायत प्रशासन सब कुछ जानकर भी अनजान बना हुआ है।

## दहेज प्रताड़ना में पति समेत सात के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला शंकरपुर छावनी की विवाहिता ने पुत्री को जन्म देने पर ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में कार और नगदी देने की मांग कर दी। जिससे मायके वालों के असमर्थता जताने पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न देकर मारपीट करने का आरोप लगाया पुलिस में पीड़िता की शिकायत पर पति समेत 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। विवाहिता उमा राठौर के अनुसार की शादी औरंगाबाद मैगलगंज के श्याम के साथ हुई थी। उसके द्वारा पुत्री को जन्म देने पर पति, सांस विमला देवर आशीष और नंनद कीर्ति, आरती, सोनी, प्रीति एक राय होकर सुहाग के गहने और कपड़े छीन लिए और लात घुसो से पिटाई के घर से निकाल दिया वीरता की शिकायत पर पुलिस ने सभी नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-05) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस द्वारा जागरुक किया गया। शहर के सरस्वती विद्या




मंदिर इंटर कॉलेज मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीम ने छात्राओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया। मंगलवार को दोपहर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओ को विभिन्न हेल्पलाईन नं0 112, 1090, 102, 108, 1076, 1098, 1930 व छेड़छाड़ से बचाव के संबंध में तथा राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा बालिकाओं, तथा बच्चों से सम्बंधित चलाई जा रही बहुपयोगी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा बेटी बचाओं, बेटी पढाओं आदि योजनाओं व साइबर अपराध के बारे में जागरुक कर हेल्पलाइन नंबर 1930 से अवगत कराया गया। विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं और छात्राओं को मिशन शक्ति के पम्पलेट बांटी गए। कार्यक्रम विद्यालय का समस्त स्टाफ और पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## चीनी मिल में मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल में इकाई प्रमुख जितेन्द्र सिंह जादौन ने कर्मचारियों को बैच लगाकर शुभारंभ किया। बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 4 से 10 मार्च तक मनाया जाएगा। सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन पर इकाई प्रमुख जितेन्द्र सिंह जादौन ने कर्मचारी को बैच लगाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर सभी कर्मचारियों ने सुरक्षा दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए बैज लगाए तथा जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाए गए। शुभारंभ के अवसर पर पी एस चतुर्वेदी,के के तिवारी, पी सी गुप्ता, आर के मिश्रा, संदीप कटियार, चेतराम, कादिर आदि मौजूद रहे।

## गाय का गोबर व गौमूत्र यूरिया का प्रमुख स्रोत हैः रमाकांत

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) शहर की श्रीधमार्दा समिति गौशाला में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग सदस्य रमाकांत उपाध्याय रहे और पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अध्यक्षता की।

गोष्ठी के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय कार्यक्रम अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गौ सेवकों के साथ गौ माता का पूजन आरती कर गुण खिलाया। मुख्य अतिथि रमाकांत उपाध्याय ने कहा कि गाय की रक्षा सुरक्षा और पोषण पर सरकार काम कर रही है। गौ माता की सुरक्षा में दूध से हटकर सोचा होगा। गाय किसान के खूंटे पर ही सुखी हो सकती है। गाय के गोबर और गोमूत्र को इकट्ठा करके खाद एवं बायोगैस प्लांट पर काम किया जा रहा है। गाय के गोबर एवं गोमूत्र यूरिया का स्रोत है। इतना ही नहीं गोमूत्र में कैंसर जैसे असाध्य रोगों का इलाज संभव है।



गाय का गोबर की खाद से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। जिससे बंजर होती खेती को बचाया जाना संभव है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जन सहयोग से योजना के रूप में इस दिशा में काम बड़ी तेजी से किया जा रहा है। इससे न केवल जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा बल्कि कृषि योग्य भूमि बंजर होने से बचेगी। साथी किसान भी लाभान्वित होंगे। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आभार व्यक्त करते हुए गौ सेवा आयोग के सदस्य को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर राजकमल बाजपेई, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, नगर मंत्री भाजपा धीरज बाजपेई, आरएसएस के जिला प्रचारक शिव प्रकाश, दिनेश, अंकित कुमार, अभिनव बाजपेई, विजय बाजपेई, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविंद्र कटियार, श्याम सिंह कुशवाहा, नगर मीडिया प्रभारी भाजपा विजय मिश्रा,सेक्टर संयोजक सुनील मिश्रा, मनोज बाथम,सोनू त्रिवेदी, रजत गुप्ता, विमलेश वर्मा, हिमांशु सिंह, विजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली के लिए बैठक

आजमगढ़। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आतिथ्य सुविधाओं यथा-रिसाटर्स, होटल, लॉज, होम-स्टे, धर्मशाला आदि में स्वच्छता के सुरक्षित प्रबन्धन के दृष्टिगत स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली स्थापित करने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीण स्तर पर लाज होटल, रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, पर्यटन स्थल पर एसडब्ल्यूएम एलडब्ल्यूएम एफएसएम से संबंधित व्यवस्था स्थापित करने, पर्याप्त स्वच्छता बनाए रखने के आयाम पर चर्चा करते हुए स्वच्छ ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। जिसके लिए 1 लीफ रेटिंग 3 लीफ रेटिंग 5 लीफ रेटिंग प्रणाली में रैंक कर स्व घोषणा की जायेगी। उन्होने कहा कि ग्रामीण स्तर पर कहीं भी 5 से कम या 5 कमरे वाले रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, लॉज, होटल, पर्यटन केंद्र अब हर स्तर पर ओडीएफ प्लस मॉडल के संकल्प पर खरा उतरना होगा।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से किसानों में आक्रोश

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के बुढ़ूपुर गांव में विद्युत स्पशार्घात से एक भैंस की मौत हो गई, जिससे किसानों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना के विरोध में किसानों ने विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर विद्युत आपूर्ति रोक दी और धरना दिया।इस घटना के पीछे विद्युत विभाग की लापरवाही बताई जा रही है। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग से तार के नीचे जाली से सुरक्षा करने की मांग की थी, लेकिन विभाग ने उनकी मांगों को अनसुना कर दिया। तार खिंचवाते समय एसडीएम की मौजूदगी में एसडीओ ने जाली लगाने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन विभाग ने अपना वादा नहीं निभाया। इस घटना के बाद पीड़ित पशुपालन राम लवट ने दोषी विद्युत विभाग के ऊपर मुकदमा दर्ज कर क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु प्रभारी को प्रार्थना-पत्र दिया है। क्षेत्रीय जनता विद्युत विभाग की मनमानी से त्रस्त है,विभाग के अधिकारी कर्मचारी किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर सरकार की छवि धूमिल करने में लगे हुए है।

# सीडीओ ने बीएसए, डीआईओएस दफ्तर में मारा छापा, मचा हड़कंप



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने सुबह 10:10 पर क्रमशः कार्यालय डीआईओएस, बीएसए एवं वित्त एवं लेखाधिकारी का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ को देख कार्यालय के अधिकारियो और कर्मचारियों मे हड़कंप मच गया।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआईओएस दफ्तर में सात, बीएसए दफ्तर में 14, वित्त एवं लेखाधिकारी दफ्तर में चार कार्मिक नदारद मिलने पर नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई निश्चित है।

सीडीओ के निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में कुल 09 कर्मचारियो के सापेक्ष मात्र 02 कर्मचारी उपस्थित पाए गये तथा 07 कर्मचारी प्रधान सहायक अश्विनी कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार सिंह, तौसिफ अहमद, सुरेन्द्र कुमार भारती, राजेश कुमार, आशीष कुमार, परिचायक मंजीत निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले। सीडीओ के पूछने पर ज्ञात हुआ कि जिला विद्यालय निरीक्षक हो रही परीक्षा में जांच हेतु गये है। सीडीओ अभिषेक कुमार के निरीक्षण के दौरान बीएसए प्रवीन कुमार तिवारी एवं सहायक लेखाधिकारी गिरिजा शंकर पाण्डेय सहित कार्यालय में कुल 20 कर्मचारियो के सापेक्ष मात्र 06 कर्मचारी उपस्थित पाए गये तथा 14 कर्मचारी प्र.सहा.अनिल बाजपेई, परिचायक अवशेष कुमार, एमआईएस शशि पाल यादव, डी.सी.जी.रेनू श्रीवास्तव, डीसी (आई.ई.डी.) माला श्रीवास्तव, डी.सी.टी. विशाल गिरि, डीसी (एम.आई.एस.) पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, डी.सी.एन. आलोक रंजन, डी.सी.नेहा चौहान, क्लर्क सुमन लता पाण्डेय, एकाउन्टेन्ट रोहित बरनवाल, सी.ओ. ऋषि सिंह, पत्रवाहक उमेश चन्द्र, किरन मेहता निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले। वित्त एवं लेखाधिकारी सहित कार्यालय में तैनात सभी 04 कर्मचारी व.ले.परी. रियाज, लेखाकार राजीव कुमार दीपक अवस्थी, क. सहा. जावेद अख्तर निरीक्षण के समय अनुपस्थित मिले।

## पीस कमेटी की बैठक में शांति और सौहार्द से त्योहार मनाने पर जोर



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) होली त्योहार और माहे रमजान को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें लोगों से सुझाव और समस्यायें जानी गई और ताकीद किया गया कि त्योहार पर कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। जुम्मे के दिन नमाज मस्जिदों में ही पढ़े।

मंगलवार को कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह की अध्यक्षता में शांति सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें त्योहारों को अमन चैन के साथ मनाने की अपील की गई। कहा गया कि कोई भी नहीं परंपरा ना डाली जाए। सभी लोग आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाए। किसी भी अफवाह में न आएं, अफवाह फैलाने वाली की सूचना पुलिस को दें। कहा गया है कि होली के हुडदंग में देखा गया है कि अक्सर बाइकों पर युवक शराब के नशे में तीन सवारियां बैठ कर फरार्टा भरते हैं जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र में 169 होलिका दहन स्थल हैं और 42 मस्जिदें और 16 ईदगाह हैं। शांति सुरक्षा कायम रखने के लिए पुलिस की नजर रहेगी। अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह ने कहा जुम्मे के दिन नवाज मस्जिदों में ही पढ़ें। होली में कोई भी किसी को जबरन रंग न लगाए। सूखे रंग का ही प्रयोग किया जाय। पीस कमेटी की बैठक में तहसीलदार सुखबीर सिंह, सीओ गवेन्द्र पाल गौतम , क्राइम इंस्पेक्टर प्रभारी कोतवाल रविंद्र पांडे, राजीव कुमार शुक्ला, महिला उप निरीक्षक अपूर्व शर्मा, मस्जिदों के मौलाना, शहर के व्यापारी और इलाके के तमाम प्रधान मौजूद थे।

## प्रशासनिक लापरवाही के कारण फ्लोरोसिस से लोग हो रहे विकलांगः एआईपीएफ

सोनभद्र। फ्लोरोसिस के कारण जनपद में हो रही बड़े पैमाने पर विकलांगता नई बात नहीं है। यह कई सालों से जारी है और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण और पर्यावरण विभाग के निदेर्शों के बावजूद सालों से खराब पड़े वाटर फिल्टरों को भी ठीक करने की जहमत उठाना शासन और प्रशासन ने जरूरी नहीं समझा। यह आरोप ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने प्रेस को जारी अपने बयान में लगाया है। एआईपीएफ के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि फ्लोरोसिस की विकलांगता के संबंध में कई बार पत्र हमने उत्तर प्रदेश शासन और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को दिए थे। जिन पर कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित भी किया गया था। खुद जिला प्रशासन के जल निगम द्वारा कराई जांच में जनपद के सैकड़ो विद्यालयों के हैंडपंपों में फ्लोराइड की मात्रा का ज्यादा होना आया था। म्योरपुर से लेकर चोपन तक तमाम गांव में फ्लोराइड रिमूवल के लिए जो वाटर फिल्टर लगाए गए थे वह वर्षो से खराब पड़े थे। जिन्हें ठीक करने की भी अपील की गई थी। लेकिन इस दिशा में प्रशासन ने कोई पहल नहीं की। यही नहीं हालत यह है कि इन क्षेत्रों में कुपोषण से मुक्त करने का भी कोई प्रयास प्रशासनिक स्तर पर नहीं किया गया। आज मंडल और जिले के आला अधिकारियों द्वारा इन गांवों का निरीक्षण करना बेहतर है और अब उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रशासन इन गांवों के लिए बहुआयामी पहल लेगा। उन्होंने मांग की कि फ्लोराइड प्रभावित गांवों के लोगों को कुपोषण से मुक्त कराने के लिए पोषाहार, आर्थिक मदद, साफ पानी के लिए वाटर रिमूवल प्लांट, मल्टीविटामिन दवाएं और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा।

## एनटीपीसी विंध्याचल में एचआर एंबेसडर्स की बैठक आयोजित

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 03 मार्च,2025 को प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में एक महत्वपूर्ण एचआर एंबेसडर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) ने की। बैठक में विभिन्न विभागों से चुने गए एचआर एंबेसडर्स और एचआर टीम के सदस्य शामिल हुए। इसका मुख्य उद्देश्य मानव संसाधन विभाग और अन्य विभागों के बीच संवाद को सशक्त करना, नीतियों का सही ढंग से प्रसार करना और कार्यप्रणालियों को सुव्यवस्थित करना था।

## शैक्षिक व सामाजिक समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन




लखीमपुर खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा जिले में व्याप्त विभिन्न शैक्षिक और सामाजिक समस्याओं के विरुद्ध प्रदर्शन किया। मिश्राना स्थित एबीवीपी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए सैकड़ों कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान प्रान्त सह मंत्री लक्ष्मी पांडेय ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो निरंतर शैक्षिक संस्थानों में साथ ही विभिन्न सामाजिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाता रहा है। इसी क्रम मे लखीमपुर खीरी जनपद में व्याप्त विभिन्न प्रकार की शैक्षिक और सामाजिक समस्या के विषय को लेकर प्रदर्शन किया गया है।

जिला संयोजक अजय पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी को 10 सूत्रीय मांगों के साथ ज्ञापन दिया गया है जिसमें समाज कल्याण विभाग के छात्रावास में संचालित वन स्टॉप सेंटर बंद हो तथा उसमें विद्यार्थियों के रहने की उचित व्यवस्था कराई जाए, राजकीय पुस्तकालय में नवीन पुस्तकों की व्यवस्था बैठने की उचित व्यवस्था व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराई जाए, पलिया स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज में मात्र दो शिक्षक हैं इस कारण कक्षाएँ सुचारु रूप से नहीं चल रही हैं अतः शिक्षकों की अविलम्ब नियुक्ति की जाये, राजकीय आईटीआई फुलबेहड ब्लॉक में नवनिर्मित बिल्डिंग जर्जर होने की स्थिति में आ गई है तथा सुचारू रूप से संचालित नहीं किया जा सका। राजकीय आई टी आई कॉलेज को शीघ्र प्रारम्भ किया जाए, जिले में बिना पंजीकारण व मानक के विपरीत चल रहे अवैध पैथलॉजी सेंटर, निजी अस्पतालों व मेडिकल स्टोर को बंद किया जाए, विगत कुछ दिनों पूर्व सृजन हॉस्पिटल में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें अस्पताल की लापरवाही के कारण महिला व उसके नवजात शिशु की मृत्यु हो गई ऐसे संवेदनहीन निजी अस्पतालों के मनमाने रवैया पर रोक लगाई जाए तथा इनके विरुद्ध जांच कर कठोर कार्यवाही की जाए, जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार चरम पर है वहाँ के डॉक्टर द्वारा ही अस्पताल प्रसाशन पर गंभीर आरोप लगाए गए इस विषय की गंभीरता से जाँच कराई जाये व भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्यवाही की जाए, जनपद में संचालित अस्पतालों व निजी गेस्ट हाउस में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है, इसको सुदृढ़ करने की व्यवस्था की जाए, छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिले में एक कैरियर परामर्श व मार्गदशन केंद्र की स्थापना की जाए जिससे जिले के छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन मिल सके, स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों व विद्यालयों के प्राचार्य व शिक्षकों की सूची सार्वजानिक की जाए।

## बजाज चीनीमिल पलिया में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



पलियाकलां खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया कलां में आज 54 में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर इकाई प्रमुख ओ पी चौहान ने कर्मचारियों को बैज लगाकर शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 4 मार्च से 10 मार्च तक मनाया जाएगा, सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिन पर इकाई प्रमुख ओ पी चौहान ने कर्मचारी को बैच लगाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर सभी कर्मचारियों ने सुरक्षा दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए बैज लगाए तथा जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाए गए। शुभारंभ के अवसर पर उदय प्रताप सिंह चौहान, हरिपाल सिंह, संजीव दूवे, राजीव तोमर, मोहित अवस्थी, यू के पांडे, मनोज मिश्रा , सतीश श्री वास्तव, बीरेंद्र सिंह, बैभव सिंह, सहित सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## चौहान विकास संघ के जिलाध्यक्ष बने कृपाशंकर

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज नगर स्थित एक होटल परिसर में मंगलवार को चौहान विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह चौहान (वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय, ) एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता शिव नारयण चौहान के नेतृत्व मे चौहान विकास संघ सोनभद्र की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मत से कृपा शंकर चौहान को चौहान विकास संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया ।


## कार्यालय कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी, बहराइच

**विज्ञप्ति संख्या : 1353/व्यवस्थापन/2024-25/ बहराइच** **दिनांक : मार्च 4, 2025**

**विज्ञप्ति**

विज्ञप्ति संख्या 1282/व्यवस्थापन/2024-25/बहराइच/ दिनांक 12.02.2025 को एतद् द्वारा संशोधित करते हुए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 हेतु जनपद की फुटकर बिक्री की देशी मदिरा, भांग एवं कम्पोजिट दुकानों की सार्वजनिक ई-लाटरी नियत तिथि 06.03.2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे से समाप्ति तक पुलिस लाईन, साईबर थाने स्थित के सामने स्थित टिन शेड में आयोजित की जायेगी। ई-लाटरी में सफल आवेदकों द्वारा आवंटित दुकान की बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस आवंटन तिथि से 03 कार्य दिवस (दिनांक 11.03.2024 तक) में तथा निर्धारित प्रतिभूति धनराशि का 50 प्रतिशत ई-लाटरी की तिथि से 10 दिवस के अंदर, 30 प्रतिशत ई-लाटरी की तिथि से 25 दिवस के अंदर एवं अवशेष 20 प्रतिशत ई-लाटरी की तिथि से 35 दिवस के अन्दर जिला आबकारी अधिकारी, बहराइच को प्लेज्ड ई-बैंक गारण्टी प्रस्तुत किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक एवं कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी बहराइच से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

**(सुधांशु सिंह)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**बहराइच**

**(मोनिका रानी)**
**कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी**
**बहराइच**

संक्षेप

## युवक की धारदार हथियार से हत्या

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के परियावा गांव में सोमवार की रात्रि सपा बूथ अध्यक्ष का सुनसान जगह पर शव मिला। गले पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। हत्या का कारण नहीं पता चल पा रहा है। यह जानकारी मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बताते है कि परियावा गांव निवासी 50 वर्षीय राजेश यादव दूध बेचने का काम करते थे। साथ ही सपा के कार्यकर्ता के तौर पर भी सक्रिय थे। देर रात उनका शव गांव के ही टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। लोगों ने देखा कि गला धारदार हथियार से काटा गया है। तत्काल इसकी सूचना परिजनों व लाइन बाजार पुलिस को दी। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद कुमार वर्मा अरविंद कुमार वर्मा सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जहां लोगों से पूछताछ की। घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कोई पुरानी रंजिश तो कोई राजनीतिक वर्चस्व की बात कर रहा है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट बताने की बात कर रही है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि हत्या की सूचना मिली है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। घटना से जुड़े हर पहलुओं की जांच की जाएगी, विवेचना में सारी चीजे स्पष्ट हो जाएंगी। पता चला है कि इस मामले में कई लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गयी है और कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है।

## परीक्षा देकर घर लौट रहे छात्र की पिटाई

जौनपुर।केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरकी गांव निवासी अविनाश यादव इंटर की परीक्षा देकर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में पहले से ही घात लगाए दबंगों ने छात्र पर हमला कर दिया। घटना दो बजे तरियारी गांव के पास की बताई जा रही है। लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है। हमलावरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## गांजा संग गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के मड़ियाहूँ थाने की पुलिस ने 50 किलोग्राम गांजा व एक स्वीफ्ट डिजायर के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बतायष कि क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ, गिरेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना मड़ियाहूं पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 50 किग्रा गांजा व एक स्वीफ्ट डिजायर वाहन संख्या यूपी 74 डी 6825 के साथ को प्रदीप सिंह पुत्र छागुर सिंह निवासी ग्राम हथेरा थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गिरफ्तारी कर उसके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा में पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## रासलीला के छठे दिन दशावतार लीला का हुआ मंचन

सोनभद्र। नगर स्थित श्री रामलीला मैदान में चल रहे विश्व प्रसिद्ध वृंदावन की रासलीला कार्यक्रम के छठें दिन दशावतार लीला का मंचन हुआ। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। स्वामी दाऊदयाल की मंडली के कलाकारों द्वारा लीला के अंतर्गत सखाओं से पता चला कि श्रीकृष्ण ने मिट्टी खाई है। मां यशोदा ने श्री कृष्ण का मुख खुलवाया तो उसमें गंगा, यमुना, सरस्वती, पहाड़ अनेक देवता और राक्षस दिखाई दिए। मां यशोदा डर गई। मां यशोदा ने श्रीकृष्ण से वन में अकेला जाने को मना किया। वह कहती हैं कि वहां बड़े-बड़े हाऊ रहते हैं तो बच्चों को खा जाते हैं। श्रीकृष्ण बोले मां मैंने अनेक अवतार धारण किए। लेकिन मुझे तो कोई हाऊ दिखाई नहीं दिया। मां यशोदा ने कहा जो अवतार धारण किए उन्हें मुझे दिखाओ। श्रीकृष्ण ने मां यशोदा को दशावतार के दर्शन करायें। गऊ, ब्राहमण, संत एवं पृथ्वी की रक्षा हेतु श्रीकृष्ण ने मच्छ, कच्छप, बराह, नरसिंह, वामन, परशुराम एवं श्रीराम आदि अवतार धारण कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। छठें दिन की लीला का समापन श्रीकृष्ण की दिव्य आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर समिति के जितेन्द्र सिंह, कृष्ण मुरारी गुप्ता, राम प्रसाद यादव, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, सत्येंद्र, आशीष अग्रवाल, संदीप चौरसिया, राजेश सोनी आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज पहुंचे मंडलायुक्त, किया निरीक्षण



आजमगढ़। आयुक्त आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ विवेक द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक डा शिव प्रकाश, चिकित्सा अधीक्षक डा दीपक पाण्डेय, सह आचार्य मेडिसिन विभाग डा अमित पटेल, उपस्थित थे। पूर्व में अस्पतालों में हुई आग की दुर्घटना के दृष्टिगत मण्डलायुक्त द्वारा जिला अग्मिशमन अधिकारी को सम्पूर्ण अस्पताल का गहनता से निरीक्षण कर अग्नि से होने वाली किसी प्रकार की घटना की संभावना को समाप्त करने हेतु आवश्यक सुझाव देने के निर्देश दिये। आयुक्त द्वारा अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से वार्ता किया गया। उन्होने मरीजों से अस्पताल में दवा एवं मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर मरीजों एवं उनके सहयोगी द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर नाश्ता में मिलने वाले अण्डे न खाने वाले मरीजों को अण्डे के बदले दाल जूस या खिचड़ी देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिये कि अण्डे के बदले अतिरिक्त फल आदि दिये जायें। जनरल बाथरुम के निरीक्षण में गन्दगी देखकर मण्डलायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही गायनो वार्ड का निरीक्षण किया गया, जिसमें भर्ती कुछ मरीज जिनकी सामान्य प्रसव हुआ व कुछ का आपरेशन द्वारा प्रसव कराया गया था, उनसे उनके ईलाज हेतु बाहर से दवा मंगाये जाने या किसी प्रकार का पैसा मांगे जाने के बारे में पूछने पर उनके द्वारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गयी। ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया तथा निर्देश दिये गये कि रेयर ग्रुप के ब्लड को स्टोरेज में अवश्य रखा जाये।

प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज आजमगढ़ द्वारा बताया गया कि अस्पताल परिसर में मरीजों की जाँच, ईलाज तथा उनको भोजन नियमानुसार दिया जाता है तथा इसके बदले उनसे किसी प्रकार का पैसा नही लिया जाता है, सभी प्रकार की सुविधाएं फ्री है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा) आजाद भगत सिंह, जिला अग्निशमन अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज आजमगढ़ सहित अन्य संबधित उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्यघर के लाभ की परियोजना अधिकारी ने दी जानकारी



मीरजापुर।नगर पालिका के प्रधान कार्यालय पर सभासदों, पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नेडा के परियोजना अधिकारी राजीव सिंह ने बैठक कर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के व्यतिगत और प्राकृतिक लाभ की जानकारी दी।

बैठक में परियोजना अधिकारी ने कहा कि सोलर पैनल लगाने से आपको बिजली बिल देने से छुटकारा मिल जायेगा और प्राकृतिक रूप से सोलर पैनल से अपने घर को रोशन कर सकेंगे।सोलर पैनल लगाने के लिए के केंद्र और राज्य सरकार द्वारा भारी सब्सिडी दी जा रही है, लगभग एक लाख आठ हजार रुपए तक की भारी सब्सिडी दी जा रही है।बैठक में कर निर्धारण अधिकारी अरविंद यादव ने कहा कि सूर्य भगवान की रोशनी से सोलर पैनल के माध्यम से अपने घरों को जगमग करे।सरकार द्वारा भारी सब्सिडी दी जा रही है, जिसे नगर की जनता अपने नजदीकी कैंप पर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवाए। रजिस्ट्रेशन के लिए आपको अपने बिजली के बिल का नंबर और मोबाइल नंबर लाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि आज विंध्याचल में तीस लोगो का रजिस्ट्रेशन किया गया है, इसके साथ कैंप में कर जमा करने के लिए कर समाहर्ता भी मौजूद रहेंगे।नगर की जनता अपने बकाए कर का भी भुगतान कैंप पर जाकर कर सकती है।कल चेतगंज वार्ड के इमामबाड़ा पानी टंकी और यूसुफ इमाम स्कूल में कैंप लगाया जायेगा। इस मौके पर सभासद राम यादव, ऋषभ जायसवाल, अजय मोदनवाल, कमलेश मौर्या, शरद सरोज, किशन कसेरा, सत्यनारायण जायसवाल, रमन सिंह, राजकुमार दुबे, कर अधीक्षक सरदेंदु सिंह, जलकल अभियंता ओमप्रकाश राम, जेई आशीष यादव, राजस्व निरीक्षक अनिल जायसवाल, राजित यादव, संजय पटेल, सौरभ कुमार, आनंद कसेरा, राकेश गुप्ता, विक्की मौर्या सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# परिषदीय छात्रों को मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़।ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र नवनीत कुमार चैबे के निर्देशन में मंगलवार को स्थानीय प्राधिकारी निकाय नगर पालिका परिषद् आजमगढ़ के सदस्यों की मौजूदगी में यूआरसी के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभासदों के जिलाध्यक्ष आनंद देव उपाध्याय ने कहाकि परिषदीय विद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कराई जाए ताकि यही बच्चे आगे चलकर विद्यालय का नाम रोशन करें। गुरूटोला वार्ड के सभासद मोहम्मद अफजल ने प्राथमिक विद्यालय गुरूटोला में साफ-सफाई एवं सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने की बात कहीं ताकि निजी विद्यालयो के तर्ज पर हाइटक गुरूटोला प्राथमिक विद्यालय को एक आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया। साथ ही इस दौरान विद्यालय परिसर में किसी भी तरह का अतिक्रमण हो उसे हटाकर स्वच्छ वातावरण में शिक्षण कार्य कराए जाने की बात कहीं। कार्यक्रम में जिला योजना समिति सदस्य सभासद गुरु टोला मोहम्मद अफजल व सभासद आनन्द देव उपाध्याय को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में आये सुझाव को अमल में लाए जाने की बात कही गई। अंत में एबीएसए नवनीत चैबे ने कहाकि शिक्षक, शिक्षार्थी एवं अभिभावक की एक चेन होती है तथा एक भी कड़ी टूटी या कमजोर हुई तो हम अपने लक्ष्य को हासिल करने में असफल हो जाए। संगोष्ठी में साल 2024-25 में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों/ योजनाओं और डीबीटी के माध्यम से यूनिफार्म स्कूल बैग, स्वेटर, जूता मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि का सीधे अभिभावकों के खाते में भेजा जाना, निपुण भारत मिशन, नई शिक्षा नीति, एसएमसी, बालिका मिशन, आपरेशन कायाकल्प, आउट आफ स्कूल बच्चों के नामांकन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में डा. राकेश भारती ने कायाकल्प, धनंजय मिश्रा एआरपी को डीवीटी इन्द्रासन पांडेय एआरपी ने बालिका शिक्षा, निपुण भारत मिशन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर रागिनी सिंह, संध्या तिवारी, पल्लवी बर्नवाल, जया श्रीवास्त, शशिबाला तिवारी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को दिखायी हरी झंडी

मीरजापुर ।जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा एवं अपर जिला जज प्रथम बलजोर सिंह, अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी (रा०लो० अ०) सन्तोष कुमार गौतम, अपर जिला जज एवं सचिव विनय आर्या, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सुरेन्द्र कुमार राय, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट चन्द्रगुप्त यादव, इण्डियन बैंक के मुख्य प्रबन्धक पुनित मिश्रा, बैंकवरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल ने संयुक्त रूप से 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन मामलों ,वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय के मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित होने वाले लाभकी जानकारी आम जनमानस को देने के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर से प्रचार वाहन को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया।

जनपद न्यायाधीश अरविन्द कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी (वि०रा०), अपर जिलाधिकारी (भूरा.), नगर पालिका परिषद, चकबन्दी विभाग, वन विभाग, एवं समस्त राजस्व के न्यायालयों में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को समय पूर्वान्ह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में सुलह योग्य मुकदमों एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया गया कि ई-चालान एवं लघु आपराधिक मुकदमों के निस्तारण हेतु प्रावधानित सरल पेटी अफॅन्स डिपाजिट योजना के तहत वादकारी घारा-206 सपठित धारा 253 द०प्र०सं. के अन्तर्गत अपने चालान का जुमार्ना सरल पेटी अफेंस डिपाजिट खाता सं० 349061700 85 भारतीय स्टेट बैंक डंकीनगंज मीरजापुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा ऑन लाईन जमा कर सकते है और प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों में पति पत्नी के विवाद के निस्तारण हुए जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित व अन्य पीड़िता आवेदक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जायेगा और परिवार न्यायाधीश एवं मध्यस्थगण द्वारा पक्षकारो को बुलाकर, समझौता के माध्यम से मुकदमें का समाधान कराया जायेगा।

# राज्य पर्यवेक्षक ने किया परीक्षा केन्द्रों का दौरा

जौनपुर। यूपी बोर्ड परीक्षा की पवित्रता को चुस्त दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार ने विभागीय कई टीमों का निरीक्षण करने के लिए गठन किया है। जिसके अंतर्गत मंगलवार के प्रथम पाली में राज्य पर्यवेक्षक ने परीक्षा के सुचिता की स्थलीय निरीक्षण किया। यूपी बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से संचालित है ।

राज्य सरकार ने परीक्षा की सूचिता पवित्रता के लिए अनेक टीमों का गठन किया है। जो अपने समय समय पर केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। मंगलवार को राज्य पर्यवेक्षक नंदकुमार , सेक्टर मजिस्ट्रेट अमरेश सिंह के साथ सिरकोनी क्षेत्र के हरगोबिंद सिंह इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, के पी पाण्डेय इंटर कालेज, राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कॉलेज, लालजी होरी लाल इंटर कालेज का निरीक्षण किया। सभी विद्यालयों की सुचिता ,पवित्रता से संतुष्ट दिखे। राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कॉलेज हुसेपुर में जब निरीक्षण के लिए विद्यालय की व्यवस्था को देखकर उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट के सामने विद्यालय की व्यवस्था के विषय में सराहा और कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था और विद्यालय में होनी चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक विनय कुमार श्रीवास्तव, स्टेटिक मजिस्ट्रेट इंजीनियर इंद्रजीत यादव , वाह्य केंद्र व्यवस्थापक रमापति, दिव्यांग बच्चों के डॉ पी डी तिवारी सहित अध्यापक तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## आशा कार्यकत्रियों ने किया विरोध-प्रदर्शन




सोनभद्र। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन बैनर तले कार्यकताओं ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री नामित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा। प्रदेश की विधान सभा के जारी सत्र में 2025 का बजट प्रस्तुत किया गया।

पूरे बजट में प्रदेश भर में स्वास्थ्य अभियानों में अगुआ की भूमिका निभा रही आशा कर्मियों की बेहतरी, उनके जीवन जीने लायक मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और उनकी सेवाओं की निरंतरता के सम्बन्ध में कोई चिंता नहीं की गई। 45 व 46 वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिस के अनुरुप कर्मचारी के रूप में मान्यता देने, न्यूनतम ईएसआई, ईपीएफ, ग्रेड्यूटी देने की दशक भर से उठ रही मांगों को अनसुना कर दिया गया। वेतन, प्रदेश में पिछले वर्ष 2 फरवरी को मिशन निदेशक के साथ हुई वार्ता में वर्ष 2019 से 2023 तक के और कुछ कृत कार्यों की एक दशक से बकाया प्रोत्साहन राशि के 1 लाख करोड़ से अधिक लापता भुगतान में अधिकांश की अदायगी का विश्वास दिलाया गया था किंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद उस दिशा में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। बजट में आशा वर्कर्स के वर्षों से उठ रहे सवालों को अनसुना कर दिया गया है। महोदय द्वारा वर्ष 2021 के दिसंबर माह में आशा को रु 6700/और संगिनी को 11500/रु भुगतान करने का बयान आज भी सदन में एक प्रश्न के उत्तर ए बताया गया किंतु यह मिथ्या है। प्रदेश की किसी एक भी आशा कर्मी को यह कथित भुगतान नहीं मिलता है। कई बार निदेशालय और सरकार से जानने के लिए और यह राशि भुगतान कराए जाने के लिए याचना की गई किंतु कोई कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। वहीं प्रदेश में आशा कर्मियों के कार्यों के टेप मिलने वाली प्रोत्साहन राशियों में किन दिन खोलकर दिखाओ वसूली बेनामी खातों में धान के स्थानांतरण और उनके नकदी कारण का खेल जारी है। इस मौके पर जानकी देवी सोनू सिंह सुमित्रा पार्वती विमल गीता सुमन नीलम उषा संगीता आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण जीवन ही भारत की मूल प्राण वायु




सोनभद्र। धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक विचारक, व पीठाधीश्वर सिद्ध पीठ श्री हनुमन्निवास अयोध्या धाम के पूज्य संत आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज का आगमन मंगलवार को सोनभद्र में हुआ ।जहाँ ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवनबोध गोष्ठी को किया सम्बोधित। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महाराज जी ने कहा कि ग्रामीण जीवन ही भारत की मूल प्राण वायु है। ग्राम्य संस्कृति का अर्थ है जो हमे प्राप्त है उसके प्रति कृतज्ञ होना।

ग्रामीण के वास्तविक संदर्भ को समझना होगा। विष्णु सहस्त्रनाम में स्वयं विष्णु जी को ग्रामणि कहा गया है। ग्राम शब्द का अर्थ ही है बाजार से रहित व्यवस्था। बाजार ने व्यक्ति से मूल्य को छीनकर एक यांत्रिक व्यवस्था में स्थापित कर दिया है। जबकि ग्राम्य संस्कृति समानुभूति आधारित सहकारिता की संस्कृति है। जिसमे बिचौलिए के लिए कोई जगह नहीं है। आज आधुनिकता के दौड़ मे नगरीय व्यवस्था में मनुष्य मूल्य रहित हो चुका है।आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी ने कहा कि ग्राम्य संस्कृति में ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जिससे अपशिष्ट उत्पन्न हो। ग्रामीण संस्कृति हर चीज को पचाने मे सक्षम है। ग्राम्य संस्कृति का जीवन बोध यही है कि हम अपने सुखों को कम करते हुए, एक समावेशी जीवन शैली के आधार पर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श भविष्य प्रदान करें। बाजार आधारित संस्कृति से इतर ग्राम्य संस्कृति औरजीवन बोध के द्वाराभारत के मौलिक चेतना में वापस आना होगा। और यहाँ कार्य लोक से संवाद द्वारा व्यक्ति के स्तर पर करना होगा। इस माध्यम द्वारा ही भारत के संस्कृति एंव समृद्धि का संरक्षण होगा। कहाँ की महाकुंभ को सरकारी योजना कहना भारत के सनातन धर्मभाव का अपमान, मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज ने कहा कि 60 से 70 करोड़ लोगों ने कष्ट सहकर स्नान करने महाकुंभ पहुंचे।

महाकुंभ को सरकारी योजना कहना भारत के सनातन धर्मभाव का अपमान है। महाकुंभ में इतने श्रद्धालुओं को पहुंचना, यह भारत के धार्मिक भावना का प्रतिफल है कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार पारस मिश्र ने किया। गोष्ठी में शामिल होने के बाद मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज विंध्य कन्या पीजी कॉलेज उरमौरा पहुंचें। यहां पर महाराज जी ने पत्रकारों से बातचीत किया , तत्पश्चात कॉलेज की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में भाग लिए । इसके बाद सोनभद्र के आध्यात्मिक, धार्मिक, पौराणिक एवं प्राकृतिक धरोहर शिवद्वार प्रभु भोलेनाथ का दर्शन कर, सोनभद्र के स्थापना दिवस पर सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम मे राहुल, हर्ष अग्रवाल, कीर्तन जगदीश पंथी, प्रभात सिंह चंदेल अरुणेश पांडे लालजी तिवारी, अवधेश दीक्षित, दयाशंकर पांडे समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गैरकानूनी गतिविधि से निपटने के लिए पुलिस तैयारः आरपी सिंह

सोनभद्र। त्यौहारों के मद्देनजर किसी भी गैरकानूनी गतिविधियों से निपटने के लिए पुलिस बल तैयार है।

यह बातें आर.पी. सिंह, आईजी विंध्याचल परिक्षेत्र मिजार्पुर द्वारा अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षकों/ थानाध्यक्षों व पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारियों के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आगामी त्यौहारों रमजान, होली व जनपद में शांति/ सुरक्षा व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा बैठक में कही गयी। कहा कि आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु सभी अधिकारीगणों/ थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर, संवेदनशील गांवों में अलग से पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर तथा धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाया जाय। प्रभारी 112 को जनपद की समस्त पीआरवी को मिलने वाली समस्त इवेन्ट पर शीघ्र अतिशीघ्र मौके पर पहुंच कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु अपराध समीक्षा बैठक भी की गयी। महोदय द्वारा सभी थानों के प्रभारी के साथ सम्बन्धित थानों के बारें में जानकारी लेते हुए उनकी समस्याओं को भी जाना। बैठक के दौरान जनपद के सभी थानों पर लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये। द्वारा जनपद के समस्त थानों पर अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चैराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, थानों के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए ।

## डीएम को पत्रक सौंप अविश्वास प्रस्ताव की मांग

आजमगढ़।क्षेत्र समिति हरैया के सदस्यों ने मंगलवार को जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल को पत्रक सौंप कर ब्लॉक प्रमुख हरैया संदीप पटेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के मांग किया। ज्ञापन देने आए लोगों ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख हरैया संदीप पटेल द्वारा विकास कार्यों में धांधली की जाती है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों का मानदेय नहीं दिया जाता है, करीब 3.7 लाख रुपए मानदेय का गबन कर लिया गया। जब इस बाबत ब्लॉक प्रमुख से मुलाकात की जाती है तो उनके द्वारा अनदेखा करते हुए धमकी दी जाती है। पूर्व में गबन की जांच करने के लिए बीडीओ को प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कार्य योजना नहीं लिया जाता है और न ही उनके क्षेत्र में कोई विकास कार्य कराया जाता है। आए दिन ब्लॉक प्रमुख द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्यों का उत्पीड़न करना आम बात हो गई। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में वंदना, बनारसी लाल, मंजू, संतोष, अंजनी, रीमा, नीतीश कुमार पाठक, लालमुनि आदि उपस्थित रहे। इस बाबत ब्लॉक प्रमुख हरैया संदीप पटेल से बात की गई तो उन्होंने जानकारी न होने का हवाला देते हुए कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

## बारात में दूल्हे के भाई के आकस्मिक मौत से मचा कोहराम

मीरजापुर। थाना लालगंज क्षेत्र के बहुती गांव में बीती रात गाजे बाजे के साथ आई बारात में दूल्हे के भाई की आकस्मिक मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया हालांकि घरातियों एवं बारातियों के सूझ-बूझ से वर-कन्या की शादी संपन्न हुई। बताते हैं कि लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत बहुती गांव निवासी अम्बर मौर्य के यहां हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा गांव के ऊंटी गांव निवासी विजय मौर्य अपने लड़के की शादी सम्पन्न कराने के लिए गांजे बाजे के साथ बारात लेकर आये। गीत गानें के बीच शादी की रश्मि पूरी हो रही थी कि देर रात दूल्हे के छोटे भाई कृष्णा उम्र 19वर्ष के पेट में अचानक दर्द हो गया। परिजनों ने कृष्णा को लेकर उपचार के लिए मण्डलीय अस्पताल लेकर गए। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने कृष्णा को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम बच गया इस दौरान घरातियों बारातियों की सूझबूझ से दूल्हे दुल्हन की शादी उदासी के बीच संपन्न कराई गई।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार की मौत

मीरजापुर। थाना राजगढ़ क्षेत्र के दो अलग-अलग घटनाओं में सोमवार की रात को हुए सड़क हादसे में चार लोगों की जान चली गई। क्षेत्र के इमिलिया चट्टी के पास मैजिक की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए, जिनका रात को उपचार के दौरान मौत हो गई। बताते हैं कि रात में बरात से लौट रहे बाइक सवार दो चचेरे भाई सेमरी मोड़ के पास सड़क हादसे में घायल हो गए। रात भर सड़क किनारे झाड़ी में पड़े रहे। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने देखकर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी ले गई। जहां डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनावल गरेरी निवासी सूर्या पाल 42 वर्ष अनी पत्नी नलनी देवी 40 वर्ष के साथ बाइक से सोमवार की रात को ददरा बाजार आए थे। दोनों घर वापस जाते समय इमिलिया 84 चट्टी के पास मैजिक ने टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों का पैर टूट गया। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। परिजन ट्रामा सेंटर वाराणसी न ले जाकर सोनभद्र अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान रात में दोनों की मौत हो गई।दूसरी घटना क्षेत्र के सेमरी मोड़ के पास हुई। सोनभद्र के घोरावल पेड़े गांव निवासी विष्णु 18 वर्ष अपने चचेरी भाई सुरेंद्र 19 वर्ष के साथ चुनार थाना क्षेत्र में किसी बरात में शामिल होने गया था। बरात से दोनों सोमवार की रात को बाइक से घर के लिए रवाना हो गए। रास्ते में सेमरी मोड़ के पास दोनों सड़क हादसे में घायल हो गए। रात भर दोनों वहीं पड़े रहे। उनको समय पर उपचार नहीं मिल सका। मंगलवार की सुबह नौ बजे ग्रामीणों ने दोनों को देखकर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी लेकर आई। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## 120 करोड़ रुपये के घोटाला मामले में अतरेला टोल प्लाजा से पांचवां आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना लालगंज के अतरैला समेत देश के 42 टोल प्लाजा से 120 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में पुलिस ने सोमवार को पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वह जौनपुर जिले का रहने वाला है। जनवरी में एसटीएफ ने चार आरोपियों की गिरफ्तारी किया था। फिलहाल मामले की जांच एसआईटी कर रही है। ज्ञात हो कि टोल टैक्स की वसूली में अनियमितता की शिकायत मिलने पर एसटीएफ लखनऊ के निरीक्षक दीपक सिंह ने 21 जनवरी को लालगंज पुलिस के साथ क्षेत्र के अतरैला स्थित शिव गुलाम टोल प्लाजा पर छापा मारा था। जांच के दौरान साफ्टवेयर के जरिये देश के 42 टोल प्लाजा से 120 करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ था। मौके से टोल प्लाजा के मैनेजर राजीव कुमार मिश्रा निवासी रानीपुर मेजा प्रयागराज, मनीष मिश्रा, निवासी हरदिहा लालगंज को गिरफ्तार किया गया था। मुख्य आरोपी आलोक सिंह, निवासी जौनपुर को वाराणसी से पकड़ा था। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने चौथे आरोपी आईटी इंजीनियर सावन लाल कुम्हावत को भी गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, बरेली समेत कई जिलों के 42 टोल प्लाजा संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं, मामले में जांच एसआईटी को सौंपी गई है। उक्त मामले में लालगंज पुलिस ने पांचवें आरोपी राजकुमार सिंह, निवासी रिजवी खां, किला रोड, शहर कोतवाली, जौनपुर को गिरफ्तार किया। एएसपी आपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि टोल प्लाजा घोटाले की जांच चल रही है। सोमवार को पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पट्टे से गौरक्षक की पिटाई , दीवान लाइन हाजिर



जौनपुर। जिले के जलालपुर थाना परिसर में एक दीवान द्वारा गौरक्षक की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाने के अंदर दीवान ने पट्टे से गौरक्षक की पिटाई की, जिससे उसकी पीठ पर लाल चकत्ते पड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही गौरक्षक संगठन के अन्य पदाधिकारी थाने पर पहुँच गए और विरोध प्रर्दशन किया। मामले की सूचना उच्चाधिकारियों तक पहुँचने पर तत्काल दीवान को लाइनहाजिर कर दिया गया, लेकिन संगठन के लोग इससे संतुष्ट नहीं हैं और दीवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की माँग कर रहे हैं। बताया गया कि गौरक्षकों को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक पिकअप वाहन में गायों को लादकर वध के लिए ले जा रहे हैं। इस पर गौरक्षकों ने जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज टोल प्लाजा के पास वाहन को रोककर पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद वे पुलिस के साथ थाने पहुँचे, जहाँ कथित रूप से एक दीवान ने गौरक्षक संगठन के एक सदस्य को पीट दिया। पिकअप वाहन में दो गायें लदी थी। इस मामले पर थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि एक व्यक्ति जबरन दफ्तर में घुसने का प्रयास कर रहा था, जिसे दीवान जी पहचान नहीं पाएं और इसी कारण विवाद हुआ। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दीवान को लाइनहाजिर कर दिया गया है।

## अवैध कब्जे की मांगी रिपोर्ट

जौनपुर। शहर में जगह-जगह स्थित सार्वजनिक उपयोग की जमीनों पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करवाए जाने की हरकतें कम नहीं हो रही हैं। इन पर अंकुश लगाए जाने के बजाय तहसील कर्मियों द्वारा अवैध कब्जा में मदद करने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला छोटी काशी मंदिर के पास स्थित घाट का है, जिस पर हो रहे कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। जिसका संज्ञान लेते हुए डीएम ने जांच रिपोर्ट मांगी है। जिलाधिकारी से की गई शिकायत के मुताबिक शहर के चकप्यार अली मोहल्ले में स्थित छोटी काशी मंदिर के पास स्थित घाट की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा भूमाफियाओं के सहयोग से कब्जा किया जा रहा है। आरोप है कि इस अवैध कब्जे में एक लेखपाल द्वारा सक्रिय सहयोग किया जा रहा है। इस घाट पर धोबी समुदाय द्वारा कपड़ा धोने का काम किया जाता है। इसके अतिरिक्त इसी घाट पर वर्षों से छठ पूजा और देव दीपावली जैसे पर्वों पर धार्मिक आयोजन होते हैं। खबर मिली है कि घाट पर आने जाने वाले रास्ते और नदी के किनारे घाट की जमीन पर तेजी से निर्माण करवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इसकी लिखित शिकायत जिलाधिकारी और सिटी मजिस्ट्रेट से की है। जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट को एसडीम सदर के साथ मौके पर जाकर मामला देखने और रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

संक्षेप

## आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी 6 मार्च को

**देवरिया।** जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि आबकारी दुकानों के वर्ष 2025-26 के व्यवस्थापन हेतु प्रथम चरण की ई-लॉटरी निर्धारित समय-सारणी के अनुसार 06 मार्च को अपराह्न 02:00 बजे से 03:45 बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (निकट केंद्रीय विद्यालय), देवरिया-सलेमपुर रोड, देवरिया के मल्टी परपज हॉल में संपन्न होगी। ई-लॉटरी स्थल पर केवल आवेदकों को ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए ई-लॉटरी पोर्टल से जारी फोटोयुक्त पंजीकरण स्लिप अनिवार्य होगी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रत्येक व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी ली जाएगी। कोई भी व्यक्ति शस्त्र या अन्य हथियार लेकर ई-लॉटरी परिसर में प्रवेश न करें। महिला आवेदकों की तलाशी महिला पुलिस कर्मियों द्वारा की जाएगी।

## सीएम सामूहिक विवाह कार्यक्रम 8 मार्च को

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लालबहादुर ने बताया कि 08 मार्च 2025, शनिवार को केन्द्रीय विद्यालय/राजकीय आई.टी.आई. परिसर, देवरिया में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 300 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। यह योजना सभी वर्गों के लिए संचालित है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल ?51,000 का व्यय किया जाएगा। इसमें ?35,000 (विधवा, परित्यक्ता या तलाकशुदा महिलाओं के मामले में ?40,000) की धनराशि कन्या के बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। इसके अलावा ?10,000 की राशि गृहस्थी सामग्री, वधू वस्त्र एवं आभूषण आदि के लिए दी जाएगी, जबकि विधवा, परित्यक्ता या तलाकशुदा महिलाओं के मामले में यह राशि ?15,000 होगी। विवाह समारोह में भोजन, टेंट आदि व्यवस्थाओं के लिए ?6,000 का व्यय किया जाएगा। यह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और विवाह संस्कार को गरिमा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

## अब कैमरे अपराधियों की करेंगे पहचान

**अमेठी।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाने का निर्णय लिया है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले के पांच सबसे व्यस्तम चौराहों पर एनपीआर (नंबर प्लेट रीडिंग) कैमरे लगाए जाएंगे। ये हाई क्वालिटी कैमरे किसी भी वाहन की नंबर प्लेट को तुरंत स्कैन कर उसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंचा देंगे। इससे अपराधियों के वाहनों की पहचान करने और उन्हें ट्रैक करने में पुलिस को आसानी होगी। अब तक अपराधी वारदात को अंजाम देकर भीड़भाड़ वाले इलाकों से होकर आसानी से फरार हो जाते थे, लेकिन इन कैमरों की मदद से ऐसा करना मुश्किल होगा। अपराध में संलिप्त किसी भी वाहन की नंबर प्लेट कैमरा स्कैन करके रियल-टाइम सूचना कंट्रोल रूम तक भेजेगा, जिससे पुलिस तुरंत हरकत में आकर अपराधियों तक पहुंच सकेगी। कैमरों की मदद से बाइक स्टंट करने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान भी की जा सकेगी एसपी ने बताया कि पांच प्रमुख चौराहों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां चारों दिशाओं से आने-जाने वाले वाहनों की पहचान के लिए इन कैमरों को लगाया जाएगा।

# एनएच पर एक माह में सर्वाधिक 23 की मौत

## जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के सभी आवश्यक उपायों पर हुई चर्चा



**कुशीनगर।** आयुक्त गोरखपुर मंडल गोरखपुर अनिल ढींगरा के साथ डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी की अध्यक्षता एवं डीएम विशाल भारद्वाज व एसपी संतोष कुमार की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पुलिस लाइन के सभागार में हुई।

आयुक्त गोरखपुर मंडल गोरखपुर अनिल ढींगरा ने समीक्षा बैठक दौरान जनवरी एवं फरवरी माह में हुए दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु पर चिंता जाहिर करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो से इन घटनाओं में कमी लाए जाने के संबंध में चर्चा की गई एवं इसके लिए जो भी संसाधन, आवश्यकताएं, बजट की जो भी जरूरत हो उसे बताएं ताकि उसकी व्यवस्था कर दुर्घटनाओं में कमी लाई जाय। समीक्षा दौरान ब्लैक स्पॉट के संबंध में सभी 29 के सापेक्ष 12 स्थानों की एक एक के संबंध में पूर्ण जानकारी ली गई। एनएचआई के प्रबंधक द्वारा एनएच 28 पर कुल 5 स्थानों पर अंडर पास बनाने की जानकारी दी गई, जिसके जहत फाजिलनगर, पटहेरिया, बाघ नाथ चौराहा हाटा आदि स्थान सम्मिलित हैं। कमिश्नर ने कहा कि एनएच पर एक माह में 23 की मृत्यु ये संख्या बहुत अधिक है इसमें कमी लाने के सभी उपायों पर संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता बताई गई, एवं जिस तरह का सहयोग अपेक्षित हो हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त एक्सियन पीडब्ल्यूडी द्वारा रामबाग एवं झांगा बाजार के ब्लैक स्पॉट स्थानों की जानकारी दी गई साथ ही बोर्ड लगा होने की भी जानकारी दी गई। जनपद की सड़क दुर्घटनाओं अध्यवधिक तुलनात्मक समीक्षा दौरान एडीएम को यातायात से वार्ता कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने का निर्देश कमिश्नर द्वारा दिए गए। इसी प्रकार प्रवर्तन की कार्यवाही से अवगत कराने उपरांत कमिश्नर ने दुर्घटनाओं में मृत्यु के कारणों के संबंध में पूछ ताछ की तथा इसके रोकने के उपायों को तलाश करने का निर्देशित किया। समीक्षा दौरान कैमरे लगवाने, गन्ना लदी ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगवाने, नाबालिग वाहन चालकों के गाड़ियों का तौल न करने हेतु चीनी मिलों से वार्ता करने, स्कूली वाहनों के फिटनेस शत प्रतिशत करा लेने, पडरौना के सुभाष चौक, पर बसों के कारण जाम लगने सहित अवैध टैक्सी स्टैंडों को बंद कराने अथवा स्थानांतरण कराने आदि सभी विषयों पर चर्चा करते हुए प्रभावी कार्यवाही हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया। डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी ने सभी विभागों को मिल कर आपसी तालमेल से व्यवस्थाएं ठीक कराने का निर्देश दिए गए, एवं सड़क पर संचालित टैक्सी स्टैंड को बंद किए जाने अथवा खाली स्थान पर शिफ्ट कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने ट्रैफिक अभियान के अंतर्गत अवैध टैक्सी/ई रिक्शा चालकों, ट्रैक्टर, के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था बनाए जाने सहित रूट निर्धारित किए जाने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा एनएच पर बनने वाली अंडर पास की जानकारी ली गई तथा जाम लगने वाले स्थानों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कार्मिकों की कमी बताई गई साथ ही उन्होंने ट्रैक्टर ट्राली से हुए दुर्घटनाओं के क्रम में कहा ज्यादातर ट्राली चालक नाबालिग ही होते हैं जिसके लिए चीनी मिलों से वार्ता कर तौल रुकवाने सहित अन्य प्रभावी कार्यवाही किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। जिलाधिकारी ने तमकुहीराज से लेकर सुकरौली तक एनएच पर एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने हेतु सीएमओ को निर्देशित किया गया। एसपी संतोष कुमार मिश्र द्वारा कसया, हाटा, क्रासिंग पर अंडर पास की आवश्यकता बताई गई, तथा गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्रालियों से रामकोला, कप्तानगंज में हो रही समस्याओं से अवगत कराते हुए भविष्य के लिए आवश्यक उपायों को तलाश कर प्रभावी कार्यवाही किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए गए।

जनपद में होली के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष, ईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक कर सभी को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने एवं सतर्क रहने की हिदायत कमिश्नर द्वारा एक एक थानाध्यक्ष से पुछताछ कर दी गई। डीआईजी ने सभी को सतर्क रहने के साथ ही कहा कि ये होली का त्यौहार बड़ा त्यौहार है इसमें पुलिस विभाग की जिम्मेदारियां अधिक हैं उन्होंने होलिका दहन वाले स्थानों को देख लेने, संवेदन शील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने सहित आबकारी की दुकानें चेक कर लिए जाने एवं धार्मिक स्थलों के आस पास निगरानी बढ़ाए जाने आदि समस्त विषयों पर चर्चा कर सभी को पूर्ण रूप से तैयारी कर लिए जाने का निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीएम वैभव मिश्रा, एएसपी रितेश कुमार, समस्त एसडीएम, समस्त सीओ, अधिशासी अभियन्ता, पीडब्ल्यूडी, एनएचआई प्रबंधक, एआरटीओ मु0 अजीम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमओ अल्पना रानी सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर महाबोधि महाबिहार बोधगया बौद्धों को सौंपने की मांग



**कुशीनगर।** सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी, परासखांड, रामपुर कुशीनगर द्वारा बोधगया मुक्ति आंदोलन के क्रम में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर को सौंपकर महाबोधि महाबिहार बोधगया पूर्ण रूप से बौद्धों को सौंपने की मांग की। मंगलवार को सोसाइटी के संरक्षक भंते डॉ नन्द रतन महाथेरा के नेतृत्व में पहुंचे बौद्ध भिक्षुओं और उपासकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भंते डॉ नन्द रतन ने कहा कि बोधगया केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा ही नहीं है आपितु विश्व के करोड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ज्ञापन में बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 को निरस्त करने, मंदिर प्रबंधन से गैर बौद्धों का हस्तक्षेप समाप्त करने मंदिर का प्रबंध बौद्धों को सौंपने की मांग की गई। इस दौरान भंते विनय, भंते संघदीय, भंते दीक्षा नंद, भंते धर्मवीर, भिक्षु सूर्या, भिक्षु धनन्द, भंते डॉ करुणा, सँवरू प्रसाद, डॉ राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र पटेल एडवोकेट, सुभाष कुशवाहा, पारसनाथ, बृजनाथ मौर्य, रामप्रताप कुशवाहा, नंद किशोर कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# टीबी मुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी जरूरी

- टीबी रोगियों के पोषण की व्यवस्था में रहेंगे अग्रणी : बीडीओ
- दवा संग पौष्टिक आहार से शीघ्र स्वस्थ होते है मरीज : डॉ मुकेश
- ब्लॉक सभागार में 12 टीबी रोगियों में बांटी पोषण की पोटली

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान में मिले मरीजों को गोद लेकर पोषण की पोटली देने के लिये सीडीओ गुंजन द्विवेदी के प्रेरणा एवं निर्देश के क्रम में मंगलवार को विकास खण्ड कसया के ब्लाक सभागार में 12 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरजीत यादव ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान में जनभागीदारी जरूरी है। जन जन को इस अभियान को सफल बनाने के लिये जागरूक करना पड़ेगा। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप सम्बोधित करते हुये एमोटीसी डॉ




मुकेश यादव ने कहा कि इस पुनीत कार्य में जो भी व्यक्ति अपनी भूमिका निभा रहा है मैं उसे साधुवाद देते हुये उसके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि आप द्वारा दिये गये प्रोटीनयुक्त आहार दवा के साथ खाकर मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहे है। अध्यक्षता कर रहे खण्ड विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र ने कहा कि मरीजों को पोषण उपलब्ध कराने में हमारा विभाग अग्रणी भूमिका में रहेगा। उन्होंने कहा कि आज जो भी व्यक्ति लोग लिया उसके द्वारा रोगियों के उपचार चलने तक प्रतिमाह पोषण की पोटली दी जायेगी। कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया।

पोषण सामग्री की व्यवस्था एवं आगन्तुकों का स्वागत तथा आभार एडीओ पंचायत नीरज चतुवेर्दी ने किया। गोद लेने वालों में अमरजीत यादव, सुभाष चंद्र,नीरज चतुवेर्दी, रामनगीना कुशवाहा, आदित्य चंद, सरिता गुप्ता, पवन कुमार, अपूर्वा प्रियदर्शिनी, व्यास प्रसाद, मिर्जा शमशुल बेग, ओम प्रकाश सिंह, अनिल प्रजापति द्वारा एक एक टीबी रोगी को गोद लिया गया।

# आईजी ने कमरौली थाने का किया निरीक्षण



**अमेठी।** अयोध्या परिक्षेत्र के आई जी प्रवीण कुमार आज एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुँचे जहाँ उन्होंने कमरौली थाने का निरीक्षण करने के बाद मुसाफिरखाना सर्किल क्षेत्र के सभी चौकीदारों के साथ बैठक की। आईजी ने सभी चौकीदारों को टोपी टार्च व टिफिन का वितरण भी किया। आई जी ने जिला मुख्यालय गौरीगंज पहुँच कर त्योहारों के मद्देनजर अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की।

निरीक्षण और बैठक को लेकर आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि ये पुलिस की नियमित प्रक्रिया है। क्योंकि यह त्योहार का समय है। रमजान और होली का महीना चल रहा है। साथ-साथ अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को लेकर जो रूटीन मीटिंग होती हैं। उसमें उद्देश्य रहता है कि कैसे आप भ्रमण करके जो वहां की गुणवत्ता है उसको कैसे बेहतर कर सकते हैं। इसके साथ ही जो आवश्यक व्यवस्थाएं हैं उसको सुनिश्चित किया जाता है। उसको लगातार हम लोग मिलकर सुनिश्चित कर रहे हैंहर भूमिका के लिए खाकी को तैयार रहना होता है चाहे वह भीड़ प्रबंधन हो त्यौहार हो चाहे उत्सव हो या जलसा हो। हम लोग हर कसौटी पर निश्चित तौर पर अपने कर्तव्य निष्पादन पर खरे उतरेंगे। ऐसा मेरा विश्वास है और आगे भी हम लोग अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे। होली और रामनवमी को लेकर भी तैयारी की जा रही है। पीस कमेटी के साथ बैठक की जा रही है जो महत्वपूर्ण लोग हैं उनके साथ संवाद चल रहा है। जगह-जगह सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। समाज में जो अच्छे लोग हैं उनका सहयोग लिया जा रहा है जो खुराफाती हैं उन पर भी नजर रखी जा रही है। कोई अफवाह फैलाने की चेष्टा करेगा और कोई सांप्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने का प्रयास करेगा उसे पर कठोरता कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करते मिले तो होगी कार्रवाई

**अमेठी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निशा अनंत की अध्यक्षता में प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के राजकीय चिकित्सकों (एलोपैथिक) के निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध हेतु गठित जनपदीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह द्वारा समिति के गठन एवं उद्देश्य की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। सीएमओ ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकारी डॉक्टर एलोपैथिक प्राइवेट प्रैक्टिस निर्बंधन नियमावली 1983 यथा संशोधित नियमावली 2003 व 2005 में प्राविधानों एवं शासन की मंशा के क्रम में जनपद के समस्त राजकीय चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस कदापि ना करें, यदि कोई चिकित्सक निजी प्रैक्टिस में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों से इस आशय का शपथ पत्र ,प्रमाण पत्र भी लिया गया है कि उनके द्वारा कोई प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं की जा रही है। बैठक में डीएम ने सीएमओ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त अधीक्षक सीएचसी को निर्देशित किया है कि आप व आपके अधीन कार्यरत सभी चिकित्सकों द्वारा उप्र सरकारी डॉक्टर एलोपैथिक प्राइवेट प्रैक्टिस निर्बंधन नियमावली 1983 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, किसी भी चिकित्सक द्वारा उपरोक्त नियमावली का उल्लंघन किए जाने की पुष्टि होने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए शासन को संस्तुति प्रेषित की जाएगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बैठक में यह भी निर्देश दिया कि कोई भी चिकित्सक मरीजों को बाहर से दवा ना लिखें।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**अमेठी।** जनपद के थाना रामगंज क्षेत्र के आलमपुर गांव में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । जानकारी के अनुसार अमेठी जिले रामगंज थाना क्षेत्र आलमपुर गांव आंचल गुप्ता (24 वर्ष) के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार, वह अपने कमरे में थी, जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिवार वालों ने शक होने पर झांककर देखा, तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए.आनन-फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई.पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है. परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है. पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

## 6 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी आबकारी दुकानों की ई-लाटरी

**अमेठी।** जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य ने बताया कि जनपद अमेठी में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु देशी शराब, कम्पोजिट दुकान, भांग व मॉडल शॉप की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ऑनलाइन ई-लाटरी 6 मार्च 2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से 03:45 तक कलेक्ट्रेट सभागार अमेठी में सम्पन्न होगी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि समस्त आवेदक पावती सहित निर्धारित तिथि को ससमय प्रतिभाग करने हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# प्रोजेक्ट प्रवीण योजना का शुभारंभ

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कौशल विकास मिशन के प्रयोजन से सेंटर आफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) के तत्वाधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जामो प्रोजेक्ट प्रवीण योजना कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य 13 से 18 साल की बालिकाओं को हाथ में हुनर प्रदान करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला समन्वयक विवेक कुमार ने अपने उद्बोष में कहा कि इन बालिकाओं को समय से हाथ में हुनर दिया जाना है, जिससे की स्वयं अपना विकास कर सकती हैं इसी क्रम में कार्यक्रम के विष्शिट अथिति श्रीमती अनुपमा रानी सेवा योजना अधिकारी ने कार्यक्रम में जानकारी प्रदान करते हुए कहीं की दिन प्रतिदिन महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की यह योजनाएं कारगिल सील हो रही है इनके हाथ में हुनर देकर




जो नेक कार्य कर रही है धन्यवाद के पात्र हैं कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जामों के प्रधानाचार्य गीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कार्यक्रम में जो बालिकाओं से संबंधित हैं ब्यूटीशियन ट्रेड पर कार्यक्रम आधारित जानकर खुशी जाहिर की और कहीं की आज के समय में यह प्रत्येक घर में लागू हो गया है शादी के साथ-साथ कई फंक्शन में महिलाएं अपने को सजना सवरना चाहती है और ब्यूटीपार्लर खोलकर पैसा कमा रही है सन्दीप सिंह, मृत्युंजय तिवारी का संचालन भीष्म प्रताप सिंह डीपीएमयू ने भी जानकारी प्रदान की और कार्यक्रम में कल्याण मिश्रा ने सबको धन्यवाद प्रदान की कार्यक्रम में नीलम दीक्षित और प्रशिक्षिका अर्चना, सृष्टि सिंह जानकारी प्रदान की इस कार्यक्रम में 35 बालिकाओं ने भाग लिया इसमें सुरभि प्रियांशी श्रेया नंदिनी अरूणिता वैष्णवी तनु वंदना उपस्थिति रही यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रयोजन से और सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी और इण्टरप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट सीटेड के तत्वाधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जामों चलाया जा रहा है।

## बुजुर्ग का अपमान बताता है कि पुलिस के रवैये में सुधार नहीं हो रहा

**आगरा।** थाना लोहामंडी की आलमगंज पुलिस चौकी पर एक बुजुर्ग के साथ हुई मारपीट और अपमानित किए जाने की घटना में पीड़ित को न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। जाहिर है कि बुजुर्ग के कोर्ट जाने की नौबत तब आई होगी जब अधिकारियों के स्तर से उनकी सुनवाई नहीं हुई। इस घटना से यह साबित होता है कि पुलिस के रवैये में तनिक भी सुधार नहीं है।

## कलेक्ट्रेट स्थित नवनिर्मित सभागार का डीएम ने किया निरीक्षण



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट स्थित नवनिर्मित सभागार का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि इसका शीघ्र उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण की गुणवत्ता और डिजाइन संबंधी बिंदुओं का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और तय मानकों का पालन किया जाए। साथ ही, समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि कार्य में अनावश्यक विलंब या अनियमितता पाई गई, तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एएनएम सेंटर के निर्माण में मिली अनियमितता ठेकेदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश

**देवरिया।** ग्राम पंचायत छितरूआ, विकास खंड देवरिया सदर में उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ, निर्माण प्रखंड, गोरखपुर प्रथम द्वारा ए०एन०एम० सेंटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, देवरिया से जांच कराई गई। जांच के दौरान निर्माण स्थल पर गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। निर्माण में सफेद बालू का प्रयोग किया गया था, जिससे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। प्लीन्थ तोड़कर सरिया की जांच की गई, जिसमें कम सरिया पाया गया। इससे स्पष्ट हुआ कि कार्यदायी संस्था एवं उसके ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता की घोर अनदेखी की गई है। जिलाधिकारी ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई जाए। साथ ही, निर्मित कराए गए कार्य को ध्वस्त कर मानक के अनुरूप पुनः निर्माण सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था द्वारा पर्यवेक्षण में लापरवाही बरते जाने को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु शासन को पत्र प्रेषित जिलाधिकारी ने जिले में कार्य कर रही सभी निर्माण कार्यदायी संस्थाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी पाई गई, तो ठेकेदार के साथ-साथ संबंधित अभियंताओं के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने निर्माण कार्यों की सतर्कता से निगरानी करें, अन्यथा लापरवाही पाए जाने पर उनकी भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। जनपद में हो रहे प्रत्येक निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप पूरा किया जाना चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों और संस्थाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भटनी के लाल ने प्रतिभा का लहराया परचम लंदन में बना प्रोफेसर, बधाइयों का तांता

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय बिकास खण्ड के ग्राम पिपरा बिट्ठल निवासी शक्ति सिंह पुत्र अंगद सिंह अपने प्रतिभा का परचम लन्दन में लहराया और एस्टन यूनिवर्सिटी बर्मिंघम लन्दन में प्रोफेसर पद पर हुए नियुक्त। इनकी प्रारंभिक शिक्षा फूलकुवारी देवी भटनी में हुई और राजकीय इण्टर कॉलेज देवरिया से 2010 में हाई स्कूल, एम जी इण्टर कॉलेज गोरखपुर से 2012 में उत्तीर्ण किये। इण्टर मीडिएट, बी एस सी दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर से 2015 में उत्तीर्ण किये। एम एस सी भौतिक विज्ञान में दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर 2017 में पी एच डी, आई आई टी रुढ़की से 2024 में उत्तीर्ण करने के बाद इनकी नियुक्ति प्रोफेसर के पद पर एस्टन यूनिवर्सिटी बर्मिंघम लन्दन में हो जाने पर घर परिवार में और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इसका श्रेय आप अपने गुरुजनों और माता पिता और दादा लालबहादुर सिंह को दिया है। ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान शक्ति सिंह की प्रोफेसर पद पर नियुक्ति होने पर ग्राम प्रधान अशोक सिंह, अजीत कुमार सिंह जिला पंचायत सदस्य, विजय कुमार गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत भटनी अनिल पाण्डेय प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्रा ,सतेन्द्र कुमार गुप्त प्रबन्धक अजय कुमार यादव रोशन जमीर (कल्लू) आदि सम्भ्रान्त लोगो ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बिना हेलमेट, तीन सवारी व गलत दिशा में वाहन चलने वालों का एमवी एक्ट में चालान



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी द्वारा थाना रामपुर कारखाना पुलिस के साथ थाना रामपुर कारखाना क्षेत्रान्तर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों, तीन सवारी, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने वालों, गलत दिशा से वाहन चलाने वालों आदि के विरुद्ध एमवी एक्ट में कार्यवाही की गयी इसी क्रम में यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह व यातायात पुलिस देवरिया द्वारा सुभाष चौक व गोरखपुर ओवर ब्रिज के पास बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों, तीन सवारी, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने वालों, गलत दिशा से वाहन चलाने वालों, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने वालों आदि के विरुद्ध एमवी एक्ट में कार्यवाही की गयी और यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरुक किया गया तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए कसया ढाला के पास ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग करते हुए कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत वाहन चेकिंग की गयी और नियमों पालन न करने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट में कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 282 वाहनों का ई-चालान भी किया गया।

## ट्रेनों के निरस्त और मार्ग परिवर्तन से यात्रियों को हुई परेशानी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अपने गन्तव्य स्थान तक जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पडा। बताया गया है कि रेलवे द्वारा ट्रेनो के निरस्तीकरण व मार्ग परिवर्तन की सूचना पहले ही प्रसारित करवा दिया था। इसके बावजूद भी स्टेशन पर ट्रेन पकडने के लिए रेल यात्रियों कीसंख्या अधिक देखने को मिली। सुबह कृषक एक्सप्रेस ट्रेन गोरखपुर तक ही चली। जिससे वाराणसी जाने वाले रेल यात्रियों को अपने गंतब्य स्थान पर जाने के लिए दुसरी ट्रेन का इंतजार किया और कुछ दुसरे साधन से यात्रा पुरी की। काफी समय प्लेटफार्म का चक्कर काटना पडा। वाराणसी जाने के लिए दोपहरबाद जब गोरखपुर से चली तभी से ट्रेन यात्री ओवरब्रिज पर चहलकदमी या प्लेटफार्म करते नजर आये और भटनी ट्रेन रुकते ही ट्रेन यात्री ट्रेन मे बैठकर राहत की सांस ली।

संक्षेप

## करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में एक युवक विद्युत करंट की चपेट में आकर झुलस गया, इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मासूम के सिर से पिता का साया छिन गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अंतर्गत महापरापुर गांव में बुद्धिलाल पुत्र शिवलाल 27 वर्ष टेंट हॉउस का ब्यवसाय करता है, सोमवार की शाम वह ट्रैक्टर ट्राली से सीलिंग में लगने वाली कैंची उतार रहा था, इसी बीच ऊपर से गुजरी 11000 की विद्युत तार से लोहे की कैंची छू गई, चपेट में आते ही बुद्धिलाल गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन परिवारीजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां राहत न मिलने पर हैलट कानपुर ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत बताया। जहाँ से पोस्टमार्टम के बाद शव आज जब गाँव महपरापुर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की माँ तथा पत्नी राखी रो रोकर बेहाल है। मृतक का पुत्र अभी एक वर्ष की ही आयु पूर्ण कर पाया है। आज ही गंगा नदी के बहेलवा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।ग्रामीणों में गाँव के मध्य से निकली ग्यारह हजार की विद्युत लाइन के कारण हुए इस हादसे से विद्युत विभाग के प्रति रोष है।

## चौरसिया धर्मशाला का होगा जीर्णोद्धार

पुरवा, उन्नाव। भगवंतनगर विधानसभा अंतर्गत बक्सर स्थित सिद्धपीठ मां चंद्रिका धाम में जर्जर चौरसिया धर्मशाला के जीर्णोद्वार की योजना सजातीय लोगों द्वारा बनाई जा रही है जिसकी बैठक आगामी नौ मार्च की जाएगी। उन्नाव के बक्सर निवासी सधन लाल चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बक्सर में उनके समाज की एकमात्र धर्मशाला है जो अत्यंत जीर्ण-शीर्ण है। सामाजिक हित में धर्मशाला का पुनरुद्धार आवश्यक है। इसी कड़ी में आगामी 9 मार्च को बक्सर में चौरसिया चक्की कारखाना में स्वजातीय बंधुओं के साथ बैठक कर निर्माण कार्य हेतु निर्णय लिया जाना है। पुरवा निवासी लक्ष्मीकांत चौरसिया ने सभी स्वजातीय बंधुओं से 9 मार्च को बक्सर पहुंचने की अपील करते हुए निर्माण कार्य में अपना योगदान देने का आग्रह किया है।

## पत्रकार के पिता का निधन

सीतापुर। वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश द्विवेदी के पिता दिनेश चंद्र द्विवेदी का मंगलवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। उन्होंने 73 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। लखनऊ से उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर अप जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार राहुल मिश्रा, अनिल विश्वकर्मा, हिमांशु सिंह मोनू, वैभव दीक्षित, अनंद तिवारी,रविंद्र तिवारी, संदीप श्रीवास्तव, अवनीश मिश्रा, रविंद्र सक्सेना, विनीत पांडे, दुर्गेश शुक्ला, सुभाष शुक्ला, उदय सिंह, अमित शुक्ला, सुनील शर्मा, पुलकित शर्मा, श्याम प्रकाश शुक्ला, अनुज सक्सेना, महेश कश्यप, नवनीत दीक्षित, अर्पित सिंह आज पत्रकारों ने गहरा शोक जताया है।

## तीन महिलाओं व युवक के खिलाफ केस दर्ज

सीतापुर। महमूदाबाद के एक गांव में एक युवक व तीन महिलाओं के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव निवासिनी युवती ने पुलिस को दिए गए शिकायत्री पत्र में बताया है कि रिश्तेदारी आये मिश्रिख के नेमपुरवा के नरेंद्र सिंह यादव उसके घर घुस आया और वह अश्लील हरकतें करते हुए कमरे के अंदर खींचने लगा। आरोप है कि शोर मचाने पर मां-बाप आ गए और बचाव करने लगे। आरोप है कि नरेंद्र के पक्ष से सुषमा, कुसुमा, रामेन्द्री आ गईं और सभी ने मिलकर पीड़िता व उसके माता-पिता के साथ मारपीट की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक युवक के खिलाफ छेड़छाड़ व तीन महिलाओं के खिलाफ मारपीट का केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

# कांग्रेस सांसद की धमकी मामले में जमानत मंजूर

## सांसद यौन शोषण के केस में अभी भी रहेंगे जेल में

सीतापुर। दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को न्यायालय सेएक राहत भरी खबर सामने आई है। सांसद पर मुकदमा दर्ज करने वाली महिला नेता के पति द्वारा कोतवाली में मुकदमा वापस लेने की धमकी मामले में सीजेएम कोर्ट ने सांसद को जमानत मंजूर करते हुए राहत दे दी है। न्यायाधीश ने25-25 हजार के दो अधिपत्र के साथ अन्य दस्तावेज दाखिल करने पर जमानत देनेके लिए आदेशित किया है।

बताते चले कि मामला नगर कोतवाली इलाके का है। यहां क्षेत्र की महिला नेता ने कांग्रेससांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था।30 जनवरी को पुलिस नेसांसद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके उपरांत सांसद की करीबी महिलारेशमा खातून पर सांसद राकेश राठौर के इशारे पर पीड़िता के घर पहुंचकरमुकदमा वापस लेने और दबाव बनाकर उन्नाव कांड करने की धमकी दिलाने का आरोपलगा था।जिला कारागार में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को न्यायालय सेएक राहत भरी खबर सामने आई है। सांसद पर मुकदमा दर्ज करने वाली महिला नेताके पति द्वारा कोतवाली में मुकदमा वापस लेने की धमकी मामले में सीजेएमकोर्ट ने सांसद को जमानत मंजूर करते हुए राहत दे दी है। न्यायाधीश ने25-25 हजार के दो अधिपत्र के साथ अन्य दस्तावेज दाखिल करने पर जमानत देनेके लिए आदेशित किया है।मामला नगर कोतवाली इलाके का है। यहां क्षेत्र की महिला नेता ने कांग्रेससांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था।30 जनवरी को पुलिस नेसांसद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके उपरांत सांसद की करीबी महिलारेशमा खातून पर सांसद राकेश राठौर के इशारे पर पीड़िता के घर पहुंचकरमुकदमा वापस लेने और दबाव बनाकर उन्नाव कांड करने की धमकी दिलाने का आरोप लगा था।

## सांसद राकेश राठौर का लिया गया वॉयस सैंपल

सीतापुर। जिला कारागार में दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद सांसद राकेश राठौर को मंगलवार को लखनऊ ले जाया गया। वहां विधि विज्ञान प्रयोगशाला में उनका वॉयस सैम्पल लिया जाएगा। सांसद को एक बोलेरो में विवेचक अनूप शुक्ला लखनऊ लेकर गए हैं।बता दें कि सांसद पर 17 जनवरी को दुष्कर्म का केस दर्ज होने के बाद एक ऑडियो वायरल हुआ था। दावा था कि उसमें पीड़िता और सांसद की आवाज है। सांसद ने यह स्वीकार कर लिया था कि आवाज उनकी ही है इसके बाद भी सीजेएम कोर्ट ने उनके अधिवक्ता को सैंपल कराने को कहा था। मंगलवार को पुलिस लाइन से पुलिस बल मुहैया कराया गया। इस सुरक्षा व्यवस्था के साथ सांसद को विवेचक जेल से लेकर लखनऊ निकल गए हैंसुबह 7.30 बजे तहसीलदार अतुल सेन सिंह, सीओ सदर दिनेश शुक्ला टीम के साथ जिला जेल पहुंचे। टीम सुबह 8.15 बजे सांसद को लेकर लखनऊ रवाना हुई। दोपहर 12.22 बजे उन्हें जेल में दाखिल करा दिया गया।

## सनातन संस्कृति का उत्थान ही इस हिन्दू संगठन का लक्ष्यः राम मोहन

सीतापुर। भारत सरकार मे पंचायती राज मंत्रालय के सदस्य आचार्य राम मोहन शुक्ल ने दिल्ली से लखनऊ जाते वक्त सीतापुर के नैमिष धाम पहुंच कर माँ



ललिता देवी के दर्शन किए। उसके बाद एसफोर के कार्यलय पहुंच कर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पाण्डेय से मुलाकात कर आगामी चुनाव पर चर्चा की। साथ ही परशुराम चौक पर स्थित भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

यूपी के संरक्षक आचार्य राम मोहन शुक्ल ने बताया कि बहुत वर्षों से सनातन धर्म पर हमले हो रहे थे वहाँ तक सबसे प्राचीन सनातन धर्म की तरफ कोई नेता ध्यान नहीं दे रहा था। लेकिन भारत को विश्व में बहुत ही सम्मान जनक स्थान दिलाने वाले प्रधानमंत्री मोदीएवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सनातन धर्म का दिनों दिन सम्मान बढ़ रहा है। हिन्दू देवी देवताओं के अपमान करने का खेल अब समाप्त हो चुका है। आचार्य ने बताया की हिन्दू एकता और सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए अखिल भारतीय हिन्द महासभा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने कर्तव्य को निभा रहे हैं तथा हिन्दू एकता पसनातन संस्कृति का उत्थान ही इस हिन्दू संगठन का मुख्य लक्ष्य है।इस दौरान संतोष कुमार वशिष्ठ एस फोर के जिलाध्यक्ष अलोक रस्तोगी, मुन्ना मिश्रा, जीतेन्द्र मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने दर्ज कराया मामला

पाटन, उन्नाव। दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर विवाहिता के साथ आए दिन मारपीट करने एवं प्रताड़ित किए जाने को लेकर पीडिता द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने सास, ससुर, देवर, नंदन सहित पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर की शहनाज का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज के तहत ग्राम बाबू खेड़ा थाना बारा सगवर में इंसान अली के पुत्र मोहम्मद समीर के साथ हुआ था। शादी में पुत्री के वालिद ने अपने सामर्थ्य से अधिक दान दहेज भी दिया था, किंतु वालिद द्वारा दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे और आए दिन अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल तथा 80000 रुपए नगद की मांग को लेकर विवाहिता शहनाज को पति व ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उसके साथ मारपीट करते तथा प्रताड़ित करते थे और विगत दिवस घर से भगा दिया और कहा कि जब मोटरसाइकिल व 80 हजार रुपया लेकर आओगी तभी घर में घुसने दिया जाएगा तब से विवाहिता अपने मायके माता-पिता के घर पर है। ससुराल पक्ष के द्वारा अपने साथ अतिरिक्त मांग को लेकर हो रहे व्यवहार से तंग आकर पीड़िता ने पति मोहम्मद समीर ससुर झब्बू तथा सास, ननंद व देवर को नाम जद कर तहरीर दी। पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ दहेज अधिनियम की धारा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, जांच के साथ आरोपियों की तलाश जारी है।

## रमजान और होली पर्व पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। अपर पुलिस अधीक्षक ने एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में आगामी रमजान व होली पर्व पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु कोतवाली परिसर में संभ्रांत लोगो के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्रीय लोगों से उक्त पर्व में आने वाली समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र व अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चंद्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चंद्र ने आगामी पर्वो रमजान व होली पर्व पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु सभ्रांत लोगो से होलिका दहन स्थल व रमजान में किसी प्रकार के अतिक्रमण व अन्य समस्याओं की जानकारी लेते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने एवम अराजकतत्वों पर नजर बनाए रखने की बात कही। यदि कोई शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें पुलिस प्रशासन हर समय आप लोगों के सहयोग में तत्पर है। इस दौरान सीओ माया राय ने होली व रमजान पर्वो को आपसी सौहार्द के साथ मानने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने अहमदाबाद माथर गांव में होलिका दहन स्थल पर अतिक्रमण की सूचना पर टीम भेजकर कब्जा मुक्त कराने की बात कही। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन पति हरिशरण, नसीम खां, अनूप सिंह, रवी मिश्रा, शैलेश यादव, जाने आलम, सर्वेश, राहुल सिंह आदि समेत काफी संख्या में ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## 22 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए स्मार्ट टीवी का किया वितरण



जिला संवाददाता(vol)

लहरपुर/सीतापुर।स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सीखो सिखाओ फाउंडेशन के तत्वाधान में स्मार्ट कक्षाओं के लिए स्मार्ट टीवी का वितरण किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह के द्वारा 22 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना हेतु स्मार्ट टीवी का वितरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व दक्षता आधारित शिक्षा हेतु बच्चों को दक्ष बनाने हेतु सीखो सिखाओ संस्था, शिक्षकों के साथ मिलकर कक्षाओं को स्मार्ट बनाने में सहयोग कर रही है इससे स्मार्ट कक्षाओं से विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति व ठहराव बढ़ेगा एवं शिक्षको के कक्षा संचालन में मदद मिलेगी जो बच्चों के निपुण बनाने में सहायक होगी। खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय ढखेरा, लालपुर, सिंगनापुर, न्यामूपुर, निबौरी सहित 22 विद्यालयों को सीखो सिखाओ संस्था के पदाधिकारीयों के सहयोग से स्मार्ट टीवी का वितरण किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीखो सिखाओ फाउंडेशन से जीतेंद्र कुमार डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, आशीष पाण्डेय ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, मानस, अशोक वर्मा, अर्पित त्रिवेदी सहित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## पिता ने नौकरी करने गये बेटे को वापस भारत बुलाने की लगाई गुहार

जिला संवाददाता(vol)

- परिजन बेटे के साथ कुछ गलत होने की जता रहे आशंका
- पिता ने विदेश मंत्रालय का खटखटाया दरवाजा,पूर्व कार्यवाहक सीएम ने लिखा पत्र

सीतापुर। करीब दो वर्ष नौकरी करने सऊदी गया युवक लापता हो गया। युवक का छह महीने से परिजनों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। परेशान परिजन युवक को ढूंढने के लिए स्थानीय प्रशासन से लेकर दूतावास तक चक्कर काट रहे हैं। परिजनों ने युवक को वापस भारत बुलाने की मांग की है।

परिजन बेटे के साथ कुछ गलत होने की आशंका जता रहे हैं। कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र के मानापुर मजरे मुर्तजानगर निवासी मुनव्वर का पुत्र आसिफ 2 मई 2022 को सिलाई का काम करने मदीना गया था। उसे मदीना में कफील अबू तमीम के यहां काम मिला था। करीब डेढ वर्ष तक आसिफ ने वहीं काम किया। पिता मुनव्वर के अनुसार छह माह पूर्व आसिफ भारत आने के लिए छुट्टी मांगने कफील के पास गया तो कफील ने उसको भारत आने से मना कर दिया और उसके पासपोर्ट पर प्रतिबंध लगवा दिया। उसी समय आसिफ की आखरी बार बात हुई थी उसके बाद से उसका कोई संपर्क भी नहीं हो सका है। युवक के परिजनों ने इस सम्बंध में डीएम से लेकर दूतावास तक कई शिकायती पत्र दिए। एक बार दूतावास के स्तर से परिजनों से संपर्क भी साधा गया किन्तु प्रपत्र मांगने के बाद दोबारा कोई संपर्क नहीं किया गया। युवक की वापसी के सम्बंध में प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी ने भी विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर प्रभावी कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद दूतावास के द्वारा परिजनों से संपर्क भी किया गया किन्तु आज तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकल सका है। युवक के पिता ने अपने बेटे को वापस भारत बुलाने की गुहार लगाई है।

## इंडियन बैंक ने शुरू किया नगर पालिका का ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल




लहरपुर /सीतापुर ।स्थानीय नगर पालिका परिषद सभागार में ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल का शुभारंभ इंडियन बैंक के सौजन्य से किया गया। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद के सभागार में मंगलवार को इंडियन बैंक और नगर पालिका परिषद के सौजन्य से ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल का शुभारंभ हाजी जावेद अहमद पालिका परिषद अध्यक्ष के द्वारा बटन दबाकर किया गया, इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नगर पालिका के द्वारा सभी नगर वासियों को सुविधा प्रदान करने के लिए घर बैठे ऑनलाइन पालिका के टैक्स चाहे प्रॉपर्टी टैक्स हो या पानी टैक्स हो या कमर्शियल सभी प्रकार के टैक्स जमा करने के लिए ऑनलाइन पालिका पोर्टल का शुभारंभ किया गया है जिसके द्वारा नगरवासी सभी प्रकार के टैक्स ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती रूपन विनायक अंचल प्रमुख इंडियन बैंक सीतापुर ने पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद को पुष्पगुच्छ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख इंडियन बैंक श्रीमती रूपन विनायक ने कहा कि, इंडियन बैंक के सौजन्य से ऑनलाइन टैक्स जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है इससे संबंधित पोर्टल पर नगर वासी अपने सभी प्रकार के टैक्स ऑनलाइन जमा कर सकेंगे जिससे उन्हें समय की बचत होगी और बैंक का चक्कर भी नहीं काटना पड़ेगा। कार्यक्रम को इंडियन बैंक के जोनल ऑफिस के मुख्य प्रबंधक ईरेश पांडे ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन अंकुश श्रीवास्तव ने किया।इस मौके पर बोलते हुए पालिका प्रसाद के अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल ने बताया कि, पालिका कर्मियों को सभी नगर वासियों को ऐप डाउनलोड करने की जिम्मेदारी दी गई है इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, नगर पालिका का यह कदम प्रधानमंत्री की डिजिटल भारत के सपनों को साकार करने की एक दिशा है इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों को घर बैठे सभी सुविधाएं प्राप्त होगी। इस मौके पर स्थानीय शाखा प्रबंधक बैंक मोहम्मद वसीम, मेराज अली, पालिका परिषद के सभासद, पालिका कर्मी और नागरिक उपस्थित थे।

## मार्च में दिखने लगे आम के पेड़ों पर बौर, अच्छी पैदावार की आस



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में इस वर्ष आम की फसल अच्छी होने की संभावना है। क्षेत्र में सैता फिरोजपुर खुर्द क्षेत्र के तमाम गांव में आम के बागो मे बौर आ गया है बागवानों के अनुसार आम बनने के का समय नाजुक होता है इस समय भुनगा कीट खरा रोग का खतरा बना रहता है भुनगा कीट कोपलो तथा छोटे फलो को नुकसान पहुंचाता है यह कीट प्रभावित हिस्से पर चिपचिपा पदार्थ छोडता है इससे फल और डंठल पर सफेद फफूंद जैसा दिखाई देता है साथ मे मंजरियाँ सूखकर गिर जाती हैं फिरोजपुर खुर्द के श्रवण कुमार और नैनी खेडा के धर्मेंद्र सिंह उर्फ नान्हा ने बताया की इस साल पिछले साल से अच्छी होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया की बौर से लेकर आम पकने तक विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। कृषि विशेषज्ञो नेक्षेत्र के बागवानों को सलाह दी है बौर निकलने के बाद नियमित देख रेख करे। कीट भुनगो को देखकर उचित दवा का छिडकाव करे।

## प्रदूषण विभाग की अनदेखी से आमजन परेशान

सीतापुर। हरगाँव क्षेत्र में जगह जगह मानकविहीन गुड़बेल चल रहे हैं जिनसे वृहदस्तर पर प्रदूषण निकल रहा है और लोगों को बीमारियों की सौगात दे रहा है।



लखीमपुर सीतापुर मार्ग पर स्थित झरेखापुर में लगभग100 से अधिक गुड़बेल संचालित हैं वहीं हरगाँव-महोली मार्ग पर भी सैकडों की संख्या में गुड़बेल संचालित हैं जिनमें से 24 घंटे काला धुवां निकलता रहता है जिससे आमजन के साथ साथ आसपास के ग्रामवासी भी परेशान है जहरीले धुएं से आंखों में जलन,खांसी सहित फेफड़ों से संबंधित बीमारी भी हो रही है तथा पास में स्थित आम के बागों का बौर भी धुएं के कारण खराब हो रहा है जिस फल आना भी न के बराबर आएंगे, मंगलवार सुबह नीचे फैले धुएं के कारण लोगों का सड़क पर निकलना भी मुश्किल हो रहा था।स्वच्छ हवा प्रदूषित करने के अलावा गुड़बेल जमीन से जल का असीमित दोहन भी कर रहे हैं और प्रदूषित पानी को भी बिना उपचारित कर आसपास गड्ढों में भर रह है जिससे पीने वाला पानी भी प्रदूषित हो रहा है।इसके बाद भी प्रदूषण विभाग जहर उगल रहे इन गुड़बेलों पर मेहरबान है और कोई भी कार्यवाई करने से बच रहा है।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डाक्टर दिनेश त्रिपाठी ने बताया इस प्रकार के प्रदूषण के स्वच्छ हवा के साथ साथ फेफड़े तथा एलर्जी से संबंधित बीमारियां होने की संभावना रहती है।

## चोरों ने हजारो का माल किया पार

सीतापुर। कोतवाली महोली इलाके के हरदासपुर गांव निवासी कमलेश मिश्रा का परिवार सोमवार की रात घर मे सो रहा था। रात्रि के किसी पहर में चोर घर मे घुस गए। घर मे पहुंच कर चोरों ने बक्से का ताला तोड़ दिया। जिसके बाद चोर बक्से में रखी 30 हजार रुपये की नगदी, सोने और चांदी के जेवर समेट कर मौके से फरार हो गए। मंगलवार की सुबह परिवार को वारदात की जानकारी हो सकी। मंगलवार को कमलेश मिश्रा की पत्नी सोनी मिश्रा ने घटना की नामजद तहरीर कोतवाली में दी है। जिसमे गांव के ही दो लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## सुहागिनों ने नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली कलश यात्रा



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। महमूदाबाद के शिवाजी नगर में नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति स्थापना को लेकर रामकुंड चैराहा स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर से मंगलवार को कलश यात्रा निकाली।

108 सौभाग्यशाली सुहागिनों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा निकाली गई। सुहागिनों द्वारा मां संकटा देवी धाम के पवित्र सरोवर से जल भरकर कलश मंदिर परिसर में स्थापित किए गए। मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम चार मार्च से 11 मार्च तक चलेगा। महमूदाबाद के शिवाजी नगर में बच्चूलाल गुप्त व राजेंद्र गुप्त के द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति स्थापना को लेकर मंगलवार की सुबह 108 सुहागिन महिलाओं ने मां संकटा देवी धाम स्थित पवित्र सरोवर से जल भर कर कलश यात्रा निकाली। सुहागिनों द्वारा मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किए गए। मूर्ति स्थापना का वैदिक विधान पंडित रोहित कुमार के द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया गया। मूर्ति स्थापना के सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान चार मार्च से 11 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से सांय सात बजे तक भागवत कथा का आयोजन पं. अशोक त्रिवेदी के द्वारा किया जायेगा। 11 मार्च को विधि विधान से मूर्ति स्थापना के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कलश यात्रा के दौरान पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, कृष्णकुमार गुप्त, विशाल गुप्त सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

सीतापुर। महमूदाबाद के सिधौली मार्ग स्थित विधायक आवास पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सीतापुर आंख अस्पताल की ओर से किया गया। आयोजित शिविर में 75 लोगों को आपरेशन के लिये चिन्हित करने के साथ 151 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा व दवाओं का वितरण किया गया।



महमूदाबाद सिधौली मार्ग स्थित विधायक आवास पर मंगलवार को सीतापुर आंख अस्पताल की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए विधायक आशा मौर्या ने बताया कि सीतापुर आंख अस्पताल की डा. सोनिया भरद्वाज अपने पैरामेडिकल स्टॉफ एकता नूर, साध्वी वर्मा, जूही सिंह, राम्‍किशोर शुक्ल व सुनैना के द्वारा 151 लोगों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें 75 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। जिनका निशुल्क ऑपरेशन सीतापुर आंख अस्पताल में कुशल डॉक्टरों के द्वारा किया जाएगा। शिविर के दौरान कोतवाल अनिल सिंह, आकाश मौर्य, रवि अवस्थी, मंडल अध्यक्ष कमलेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष पहला विजय सिंह, विदित वर्मा ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया।

## सेल्समैन की मोटरसाइकिल से बदमाशों ने उड़ाये रुपये

महोली/सीतापुर। बाइक सवार तीन युवकों ने गुटखा सेल्समेन की मोटरसाइकिल मे टगे झोले से उडाये एक लाख इकतीस हजार रुपए उड़ाए। घटना सीसीटीवी में हुई कैद। मालूम हो कि शेरू जो की एक पान मसाले का व्यापारी है उसकी दुकान पर विवेक सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी मिश्रिख जो एक पान मसाला कंपनी में बतौर सेल्समैन कार्य करता है। आज लगभग दोपहर1:00 के बाद कस्बे के शेरू की दुकान पर विवेक अपनी मोटरसाइकिल से बकाया पैसों की वसूली करने गए थे जैसे ही वह दुकान पर पहुंचे तभी उनकी मोटरसाइकिल में टगां रुपए से भरा थैला पास मे ही खड़ा एक बदमाश लेकर भागा ।जैसे ही घौटना की जानकारी विवेक को हुई विवेक ने उस बदमाश का पीछा किया कुछ दूर पर मोटरसाइकिल पर दो बदमाश अपने साथी को मोटरसाइकिल पर बैठा कर कस्बे से फरार हो गये। घटनास्थल पर एक बदमाश की पैरों की चप्पल छूट गई जिससे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई घटना के बाद महोली कोतवाल विनोद कुमार मिश्रा ने कई टीमों के साथ महोली कस्बे के आसपास लगे कई दर्जन सीसीटीवी कैमरो की फुटेज अपने कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश तेज कर दी है ।कोतवाल विनोद मिश्रा ने बताया शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

संक्षेप

## कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन 7 मार्च को

बांदा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में सतविक सोलर ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड अंबाला कैंप के लिए कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन होना है जो 7 मार्च को किया जाएगा। उक्त प्लेसमेंट में प्रतिभाग करने के लिए प्रतिष्ठित कंपनी का चयन किया जाएगा। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी चाहे वह पुरूष हों या महिला जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष हो प्लेसमेंट में प्रतिभाग कर सकते हैं। जिनकी योग्यता आईटीआई इलेक्ट्रिकल, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल होना चाहिए जिनका वेतनमान कंपनी के नियमानुसार दिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए सभी शैक्षणिक एवं तकनीकी दस्तावेजों की छायाप्रतियों के साथ तथा दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व आधार कार्ड अनिवार्य है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि जिले के सभी राजकीय, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के आईटीआई एवं डिप्लोमा के उत्तीण अभ्यर्थी पुरूष व महिला सभी भागीदारी कर सकते हैं।

## सिंचाई बंधु की बैठक 11 को

बांदा। उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सिंचाई बंधु समिति के लिए नामित उपाध्यक्ष बलवान सिंह की अध्यक्षता में सिंचाई बंधु समिति की आगामी बैठक 11 मार्च को 11 बजे विकास भवन सभागार में होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशाषी अभियंता केन नहर प्रखंड ने बताया कि जिले के सभी किसान बंधु सिंचाई से संबंधित समस्याओं के निराकरण को लेकर तथा अपने सुझाव हेतु इस बैठक में शामिल हों।

## एड्स से बचाव के लिए कार्यशाला, दी जानकारी

बांदा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सरकारी एवं निजी क्षेत्र के चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल कर्मियों के लिए एचआईवी एक्ट 2017 एवं यूनिवर्सल प्रिक्सन हेतु एक दिन की संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी एक्ट के बारे में अनुराग तिवारी सहायक लीगल एंड डिफेंस काउंसिल द्वारा विस्तार से बताया गया। उन्होने बताया कि इस एक्ट का उद्देश्य एचआईवी एवं एड्स से लोगों का बचाव एवं इसके विस्तार को रोकना है। उन्होने कहा कि संक्रमित व्यक्तियों में प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण अन्य बीमारियों से ग्रसित होने की संभावना बनी रहती है जिसका उपचार सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाता है। डॉ अजय कुमार, जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी द्वारा एड्स के फैलाव एंव बचाव के बारे में बताया गया। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी बृजेन्द्र कुमार, डॉ देवेश माथुर, डॉ विजय केसरवानी, डॉ हेमंत सिंह, डॉ नरेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ नवीन चक, डॉ ऋषि पटेल, संजय सिंह, उमा शुक्ला सहित मेडिकल कालेज जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, टीबी क्लीनिक के पैरामेडिकल स्टॉफ एवं वार्ड ब्वाय मौजूद रहे।

## स्नातक विधायक प्रतिनिधि ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। जिले में मेडीकल कॉलेज में भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों व अधिकारियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर स्नातक विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह यादव ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा है। शिकायती पत्र में बताया कि जिले के मेडीकल कॉलेज के महिला अस्पताल में स्थित प्रसव विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बताया कि पूरे अस्पताल में संक्रमण की तरह फैले भ्रष्टाचार के चलते आमजन के जीवन से खिलाबाड़ हो रहा है। बताया कि 1 मार्च को शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाली प्रसूता की मौत भी इसी लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते हुयी है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण की सेवानिवृत्त न्यायाधीश से उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा दिलायी जाये, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके।

## पटरी पर दो टुकड़ों में मिला शव

ललितपुर। तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेश पुरा के समीप रेलवे लाइन पर कोतवाली तालबेहट के ग्राम जमालपुर निवासी नीरज पुत्र हनुमत उर्म करीब 22 वर्ष का शव रेल पटरियों पर पड़ा मिला, सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

# वन विभाग की टीम ने किया सीन रीक्रिएट

## शिकारियों के निशाने पर जनपद के जंगली जानवर और खनिज संपदा



देवेन्द्र पाठक

ललितपुर। गौना रेंज के रसोई गाँव के पास माहौली वन ब्लॉक में मृत पाए गए तेंदुए के संबंध में मंगलवार को प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग गौतम सिंह ने उप प्रभागीय निदेशक डा0 शिरीन, सतेन्द्र कुमार तोमर एवं रेंजर के साथ घटना स्थल पर जाकर सीन रीक्रियट किया गया। इस दौरान टीम ने उसी वृक्ष पर सीन बनाया और तेंदुआ किस तरह से फंदे में फसकर मरा, पर विचार मंथन किया। वहीं प्रभाग की उच्च अधिकारियों की टीम ने गहन जांच की। जांच के दौरान जंगल एवं आस-पास के लगे कृषि क्षेत्र की झाखड्वाड़ी आदि की कॉम्बिंग की गई तथा मौके से थोड़ी दूर 3 फिट लम्बी लकड़ी एवं लोहे का तार बरामद हुआ है। कुछ संदिग्ध भी जांच टीम की निगरानी में आए हैं। डीएफओ गौतम सिंह ने बताया कि संदिग्धों का पता लगते ही गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू की जाएगी। जांच के दौरान तेंदुए के 1-2 पद चिन्ह एवं लकड़ी के खींचने के कुछ निशान भी देखे गए। आज की जांच टीम में प्रभागीय वनाधिकारी गौतम सिंह उपप्रभागीय वनाधिकारी महरौनी एवं ललितपुर सतेन्द्र तोमर, डॉ शिरीन, भा.व.से. प्रशिक्षु सचिन कुमार, रेंज अधिकारी गौना सुभाष एवं रेंज स्टाफ आदि मौजूद रहे। डीएफओ ने बताया कि जांच की प्रक्रिया एवं अन्य छानबीन प्रक्रिया जारी है। संदिग्धों के कन्फर्म होते ही गिरफ्तारी एवं अन्य आगे की बैधानिक कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो लोड करते हुये जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वह अपने खेतों पर क्जिल वायर न लगायें, क्योंकि यह वायर टूटता नहीं है, और जानवर इसमें फंसकर मर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम क्षेत्र में भ्रमण करेगी और अगर ऐसा वायर किसी के खेत की बाडी लगा पाया गया तो संबंधित धाराओं के तहत कार्यवाही भी की जायेगी। आपको बता दें कि सोमवार की सुबह गौना रेंज अंतर्गत महौली-रीछा के जंगल में एक पेड़ पर जवान नर तेंदुएं का शव फंदें पर लटकता पाया गया था। संभवतः शिकारियों ने जानवरों का शिकार करने के लिए फंदा लगाकर छोड़ दिया होगा, इस फंदे की चपेट में बाघ आ गया और पेड पर चढ गया। जिस कारण फंदा फसने से वह लटक कर मर गया। शव को वन कर्मियों ने पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित कर लिया था। नर तेंदुए के गले में फंदा कसा हुआ था। जंगल में सक्रिय शिकारियों ने हिरन, सुअर आदि जानवरों के लिए फंदा लगाया होगा, जिसमें तेंदुआ फस गया होगा। इस फंदे के साथ बंधु लकडियों के गट्ठर के अटकने से तेंदुएं का दम घुट गया होगा।

### पहले भी फंस चुके हैं तेंदुएं

आपको बता दें कि 9 फरवरी 2023 को गौना रेंज में ही ग्राम डोंगरा के जंगलों में शिकारियों के फंदे में तेंदुआ फसा मिला था। करीब छह माह पूर्व देवगढ़ के जंगलों में शिकारी पंजे में एक तेंदुआ फंसा मिला था। यह खबर को दबा लिया गया था और अब यह खबर बाहर निकली है।

### जनपद के जंगलों में जैव विविधकता

जनपद के जंगलों में जैव विविधकता होने के कारण यहां पर अनेकों प्रकार के जानवर हैं, जिनमें बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरन, चीतल सहित अनेकों प्रकार के जानवर एवं पक्षी हैं, जिस कारण यहां का जंगल शिकारियों के निशाने पर रहता है। शिकारी आये दिन जाल बिछाकर जानवरों का शिकार करते हैं। वन विभाग की आठ रेंजें यहां पर हैं, लेकिन विभागीय उदायीनता एवं रेंजरों की सुस्ती के कारण जंगलों की सही तरीके से वॉचिंग नहीं होती है, जिसका फायदा अवैध खनिज का कारोबार करने वालों सहित लकड़ी माफिया एवं शिकारी उठाते हैं।

## सरकारी योजनाओं में लाभार्थियों को दें अधिकाधिक ऋण : डीएम

ललितपुर। जनपद के विकास और योजनाओं एवं सीडी रेश्यो को आगे बड़ाने के लिए विभिन्न स्तर पर ऋण वितरण योजना चलाई जा रही है। वित्तीय वर्ष में अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष 85.14 प्रतिशत 2081.89 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया जा चुका है। मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने समीक्षा कर जनपद के विकास के लिए फसली व औद्योगिक ऋण सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के अधिक से अधिक ऋण वितरण करने के लिए सभी बैंक शाखाओं के प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट सभागार में ऋण वितरण योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभागों को ऋण वितरण करना होगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओ की समीक्षा भी की जिसमे किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, प्राथमिकता क्षेत्र मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित सभी को योजनाओं की प्रगति पर जोर देने के लिए निर्देशित किया, साथ ही बैंकर्स को स्वयं सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री युवा ऋण स्वीकृति के लंबित आवेदन को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रंजित कुमार ने सभी जिला सम्न्यबक को निर्देश दिए कि शाखा मे लंबित ऋण पत्रावलियो को जल्द से जल्द निपटान करें। कहा कि बैंकर्स शासन द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक एनआरएलएम स्वनिधी योजना सहित योजनाओं के अंतर्गत अधिक संख्या में पात्र लाभार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नाबार्ड के सलिल कुमार अर्कवंशी द्वारा तैयार करायी गई वर्ष 2025-26 में जनपद ललितपुर की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना की बुकलेट का विमोचन किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केके पांडेय, रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि संदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार डीसी एनआरएलएम सलिल अर्कवंशी, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी आरडी वर्मा, मुकेश पटेल, सतीशचन्द्र आरसेटी एवं विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक आदि मौजूद रहें। जनपद में ऋण वितरण की स्थिति वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत 2024-25 तक प्राथमिकता क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य 2428.47 करोड़ के सापेक्ष 1751.16 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त हुई। ऋण वितरण का वार्षिक लक्ष्य का 72.11रू प्रतिशत प्राप्त किया है।

## महिला अस्पताल में अनियमितताओं की जांच हर बार पहुंच जाती है ठंडे बस्ते में

### अधिवक्ता संवाद ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

ललितपुर। मेडीकल कॉलेज के महिला अस्पताल में बरतीं जा रहीं अनियमित्ताओं और व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को अधिवक्ता संवाद ने प्रदर्शन करते हुये प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों द्वारा उपचार न करना व कर्मचारियों द्वारा अनैतिक धन की मांग के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे है लेकिन शासन व प्रशासन द्वारा कार्यवाही मात्र दस्तावेज तक ही सीमित रह जाती है। छह सूत्रीय बिन्दुओं को दशार्ते हुये अधिवक्ता संवाद ने बताया कि विगत 19 फरवरी 2024 को मेडिकल कॉलेज स्थित रक्तकोष के पास 5 हजार रुपए में ओ ग्रुप का रक्त उपलब्ध कराने का मामला प्रकाश में आया था, जिस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जांच करने के निर्देश दिये। जिसके पश्चात प्राचार्य ने 4 सदस्यीय टीम गठित कर 8 दिन में जांच पूर्ण करने के निर्देश दिये, मामले की जांच हुयी, जिसके बाद मामला ठण्डे वस्ते में चला गया। जबकि रक्त का व्यापार एक गम्भीर मामला था। दूसरा मामला 23 फरवरी 2024 को जिला महिला अस्पताल के एस.एन.सी.यू. में भर्ती एक नवजात की देखरेख व डायपर देने की एवज में 500 रुपए की मांग की गयी थी जिसमें कुछ पैसे देने का वीडियो वायरल हुआ था, मामले में जांच बैठी इसके बाद कार्यवाही के स्थान पर राजीनामा की स्थिति बन गयी। जबकि भारत वर्ष का संविधान नवजात शिशु की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। तीसरा मामला 28 फरवरी 2024 को जनपद के ग्राम खड़ोवरा निवासी एक युवक ने 3 हजार रुपए में एक यूनिट रक्त खरीदा था व दूसरी बार खून देने पर भी अधिक रुपए लेने की शिकायत की, अस्पताल प्रशासन ने कमेटी बनाकर जांच की व परिणाम शून्य रहा। जबकि यह अत्यंत गम्भीर प्रकृति का मामला था। 16 अप्रैल 2024 को जनपद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बहु के प्रसव हेतु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर प्रसव के नाम पर 5500 रुपए की गयी जब तीमारदार ने रुपए लेने का कारण जाना तब विवाद की स्थिति बन गयी और विवाद का वीडियो वायरल होने के पश्चात सामाजिक संगठन की शिकायत पर जांच शुरू हुयी, बाद में उक्त मामला भी जांच अधिकारियों ने इतिश्री करते हुये मामला ठण्डे वस्ते में पहुंचा दिया। 28 फरवरी 2025 को ग्राम बरखिरिया निवासी सुशीला कुशवाहा ने महिला आयोग की सदस्या से बहु के प्रसव के नाम पर 6 हजार रुपए लेने की शिकायत की थी जिस पर जॉच टीम बनायी गयी व सम्बन्धित अधिकारी उक्त प्रकरण को भी ठण्डे वस्ते में भेजने का प्रयास कर रहे है। वर्तमान में 01 मार्च 2025 को प्रसूता की मौत होने व जिला महिला चिकित्सालय के चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगने के पश्चात भी कार्यवाही में शिथिलता जांच अधिकारियों की लापरवाही प्रदर्शित करती है। अधिवक्ता संवाद ने महामहिम राज्यपाल से उक्त प्रकरणों में मेडिकल कॉलेज में तैनात प्राचार्य डी0नाथ की भूमिका की भी जांच कराये जाने और लगातार लापरवाही व अनैतिकता का माहौल मेडिकल कॉलेज व महिला चिकित्सालय में बना हुआ है जिस कारण समस्त प्रकरणों की जांच माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज के पदस्थ न्यायाधीश से कराये जाने की मांग उठायी। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह चैहान एड., वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी एड., शेर सिंह यादव एड., विकास झां एड., अंशुल पाठक एड., शशिकान्त राजपूत एड., शंकर एड., आशीष कुमार मित्तल, ए.के.राय, शिशुपाल सिंह लोधी एड., प्रदीप कुमार पाराशर एड. के अलावा अनेकों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अब कलेक्ट्रेट में नो हेलमेट, नो एंट्री हुआ प्रभावी




ललितपुर। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर में नो हेलमेट-नो एण्ट्री को प्रभावी कर दिया है। गत दिवस ही कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर दोनों ओर नो हेलमेट नो एण्ट्री के नोटिस व मुख्य सचिव के आदेश की प्रति चस्पा कर दी गयी थी। इसके बाद मुख्य द्वार पर होमगार्डस की तैनाती करते हुये बिना हेलमेट के कलेक्ट्रेट में प्रवेश करने वालों को बाहर ही रोक दिया गया। हालांकि कुछ लोगों में इसके लिए आक्रोश दिखा तो कई लोगों ने इस कार्य की मुक्त कंठ से सराहना भी की। मुख्य सचिव के आदेश पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि चार पहिया वाहन से कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों को सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता होगी। मंगलवार की सुबह जैसे ही लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे तो उन्हें गेट पर ही रोक दिया गया। लोगों को बताया गया कि मुख्य सचिव के निर्देश व डीएम अक्षय त्रिपाठी के आदेश पर नो हेलमेट नो एण्ट्री को प्रभावी किया गया है। हालांकि कलेक्ट्रेट के कई कर्मचारी हेलमेट लगाये बिना ही पहुंचे थे, तो वहीं अधिकारियों के कार चालक भी बिना सीट बेल्ट लगाये ही कलेक्ट्रेट में प्रवेश कर गये। इसे देखकर लोगों को हैरानी तो हुयी, लेकिन पहला दिन था, इसलिए आगे उम्मीद जतायी जा रही है कि नो हेलमेट नो एण्ट्री का पालन सख्ती से किया जा सकेगा।

## सिपाही ने गोली मारकर दी जान



बिजनौर। पीएससी मुरादाबाद में तैनात बिजनौर निवासी सिपाही शिवम ने सरकारी रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

मौत की खबर मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन घटना की सूचना मिलने पर मुरादाबाद चले गए। बिजनौर जनपद थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव सैदपुरी निवासी शिवम पुत्र हरपाल 2019 में अपने दोस्त आलोक कुमार के साथ पीएसी में भर्ती हुआ था। शिवम पीएसी की नौंवी वाहिनी में तैनात था। उसके दोस्त आलोक की 24 वीं वाहिनी में तैनाती थी। मृतक सिपाही के पिता हरपाल ने बताया कि उसने कुंभ ड्यूटी के बाद जल्द ही घर आने की बात कही थी।

सोमवार को शिवम ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मौत की खबर मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की खबर सुनते ही सिपाही का पिता, भाई, मां बेहोश हो गए। सिपाही की मौत से गांव में शोक छा गया। सोमवार की देर शाम मुरादाबाद से शिवम का शव लाने के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। शिवम की आत्महत्या करने का अभी तक कारण नहीं पता चल पाया है।

## राशन डीलर व उसके पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज



बिजनौर। गरीबों का राशन हडपने वाली उचित दर विक्रेता की दुकान का पूर्ति विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। धामपुर पूर्ति निरीक्षक धर्मेन्द्र वर्मा ने अपनी ओर से तहरीर देकर धामपुर कोतवाली पुलिस में उचित दर विक्रेता संध्या रानी अग्रवाल व उनके पुत्र दिव्यांशु अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

धामपुर पूर्ति निरीक्षक धामपुर धर्मेन्द्र वर्मा ने धामपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पूर्व में मिली शिकायतों के बाद पूर्ति विभाग की टीम ने 21 फरवरी 2025 को उचित दर विक्रेता संध्या रानी अग्रवाल की दुकान का औचक निरीक्षण किया था। मौके पर मौजूद कार्ड धारकों ने बताया था कि उनसे राशन डीलर द्वारा हर महीने अंगूठा लगवा लिया जाता था। कई बार चक्कर लगवाने के बावजूद कार्ड धारक खाली हाथ लौटते थे। विक्रेता के स्टक रजिस्टर और ऑनलाइन रिपोर्ट में भारी गडबडी थी। 4091 क्विंटल गेहूं और 94611 क्विंटल चावल गायब मिला। उचित दर विक्रेता संध्या रानी अग्रवाल से पूछे जाने पर उन्होने कहा कि मार्च तक वह स्टक पूरा कर देंगे। जांच में पुष्टि होने के बाद डीएम के अनुमोदन से संध्या रानी अग्रवाल व उनके पुत्र दिव्यांशु अग्रवाल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि जिन गरीबों को राशन नही मिला क्या उन्हें उनको उनका राशन मिलेगा? शिकायतकर्ता मकसूदन पत्नी अब्दुल सत्तार, इमराना, नितिन सैनी, सईदा, क्रांति देवी, लक्ष्मण, रमा, मोहित, मौहम्मद अकबर, सुनीता, राजू अंसारी, इरशाद, आशीष, डालचन्द्र आदि का कहना है कि अंगूठे लगवाने के बाद भी कई माह तक राशन नहीं दिया गया। उधर धामपुर पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक धामपुर धर्मेन्द्र वर्मा की तहरीर पर उचित दर विक्रेता संध्या रानी अग्रवाल तथा उनके पुत्र दिव्यांशु अग्रवाल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी।

## बीडा अध्यक्ष को भ्रमण के दौरान सब कुछ नहीं मिला ओके

### नोडल अधिकारी ने ग्राम रोंडा में भ्रमण कर योजनाओं व विकास कार्यों की देखी जमीनी हकीकत

ललितपुर। बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण/नोडल अधिकारी सीईओ अमृत त्रिपाठी ( आईएएस ) ने गत दिवस विकास खण्ड जखौरा के ग्राम रोंडा का भ्रमण किया एवं नवीन मण्डी परिसर अमरपुर में मियावाकी वृक्षारोपण की स्थिति का जायजा लिया। नोडल अधिकारी ने ग्राम रोंडा पहुंचकर उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने बच्चों का छात्रांकन, मिड डे मील, बच्चों का शैक्षिक स्तर व अध्यापकों की उपस्थिति की समीक्षा की। मौके पर बच्चों से गणित विषय के सवाल पूछकर शैक्षिक स्तर की जांच की गई, पढ़ाई का स्तर संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पानी की टंकी खाली थी, नलों में पानी नहीं आ रहा था, हैण्डपम्प की समरसेविल मोटर भी खराब बतायी गई। साथ ही जल जीवन मिशन अंतगर्त किये गए कनेक्शन से भी पानी नहीं आ रहा था। इस पर नोडल अधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को आज ही टंकी की सफाई कराकर पानी भरवाने एवं समरसेविल की मरम्मत कराकर आपूर्ति सुचारु कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम से जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल आपूर्ति का रोस्टर तलब करते हुए आपूर्ति चालू कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राज्यमार्ग से ग्राम के अंदर तक लगभग 2.5 किमी सड़क खराब हालत में है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क कई वर्ष पहले जिला पंचायत द्वारा डलवायी गई थी, मौके पर सड़क के किनारे कचरे को जलाया जा रहा था, जिस पर निर्देश दिये गए कि कचरे को जलाया न जाये बल्कि उसका उचित निस्तारण किया जाए। सीईओ ने सीएमओ व डीपीओ को निर्देशित किया कि ग्राम में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की चैकलिस्ट बनाकर उनका जमीनी स्तर पर सत्यापन करा लें, यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों को इनका लाभ मिल भी रहा है या नहीं। मौके पर ग्रामीणों ने पोषाहार नियमित रुप से न मिलने की शिकायत की, जिस पर नोडल अधिकारी ने शिकायत की जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराने व नियमित रुप से पोषाहार वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की स्थिति को क्रॉस वैरिफाई करा लें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। नोडल अधिकारी ने नवीन मण्डी परिसर अमरपुर में पूर्व में किये गए मियावाकी वृक्षारोपण की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी जखौरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गिरवां तिराहे पर नहीं थम रही जाम की समस्या



बांदा। जिले के गिरवां थाना क्षेत्र के गिरवां तिराहे में भारी जाम लगा रहा। जिसमें राहगीरों को निकलने में बड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। गर्मी व प्यास के कारण राहगीरों का हाल बेहाल रहा। बताते चलें कि गिरवां तिराहे पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। यह मार्ग मुख्यालय से कालिंजर होते हुए मध्य प्रदेश तक जाता है। जिसके चलते इस रास्ते पर बड़े पैमाने पर वाहनों का आवागमन होता है साथ ही खदानों के चलते दिन-रात ट्रकों की निकासी होती है। जिसके कारण इस तिराहे पर आए दिन जाम की समस्या होती है। इतने लंबे जाम के बाद जहां कई घंटों तक राहगीर परेशान रहे वहां पुलिस का एक भी सिपाही दिखाई नही पड़ा जबकि महज चंद कदम की दूरी पर थाना बना है। राहगीर तथा स्थानीय लोगों ने पुलिस को जमकर कोसा और कहा कि आए दिन इस समस्या से जूझना पड़ता है लेकिन पुलिस यहां कभी नही दिखाई पड़ती। यात्रियों में अमित, रोहित, शारदा, निशांत, प्रेम, नीरज आदि लोगों ने बताया कि जब भी यहां से निकासी होती है अक्सर जाम की समस्या होती है इस बावत थाना प्रभारी से बात की गयी तो उनका नंबर कवरेज ऐरिया से बाहर बता रहा था।

## निःशुल्क पॉपकार्न मशीनों का वितरण



बांदा। उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के तत्वावधान में 2024-25 के मंडल स्तरीय चयनित ग्रामोद्योगीय पुरस्कार एवं निःशुल्क पॉपकॉर्न मशीन का वितरण मंगलवार को किया गया। यह वितरण कैंप कार्यालय में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ रहे। मुख्य अतिथि ने दीप जलाकर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज, राजेन्दर कौर, वरिष्ठ प्रबंधक जिला ग्रामोद्योग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम मे रामअवतार सेवा निवृत्त प्रबंधक ग्रामोद्योग, मनीषा देवी प्रधान सहायक, चुनुबाद सहायक विकास अधिकारी, संजीव कुमार वरिष्ठ सहायक, संतोष कुमार, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, पंकज आदि लोग मौजूद रहे। इस आशय की जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्दर कौर ने दी।

## दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग



ललितपुर। महिला अस्पताल में आजादपुरा निवासी प्रसूता की उपचार न मिलने से हुयी मौत का आरोप लगाते हुये वी-5 पंचरत्न विश्वकर्मा समाज ने जिलाध्यक्ष विजय डयोढि ?ा के नेतृत्व में प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि विगत शनिवार को मेडीकल कॉलेज के महिला अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही एवं उपेक्षा के चलते प्रसूता की इलाज के आभाव में मृत्यु हो गयी थी जो अत्यंत दुरूखद एवं शर्मनाक है। इस सम्बन्ध में उन्होंने पीडित पक्ष को न्याय दिलाये जाने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाने, पीडित परिवार को आर्थिक मदद उपलब्ध करायी जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय वरिष्ठ समाजसेवी, लॉयन चेयरमैन मनमोहन जड़िया, जिलाध्यक्ष विजय ड्योडिया, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, हिंदू परिषद अध्यक्ष नवलकिशोर सोनी, कैलाश झा अध्यक्ष, बी.आर.विश्वकर्मा, मज्जू सोनी, अनूप ताम्रकार, पवन विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा, सत्येंद्र विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्मा, प्रदीप झा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, सौरभ सोनी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विकास झा, संतोष सोनी, मनोज सोनी, राहुल झा, मनीष झा, रवि विश्वकर्मा, राजेश झा, रमेश झा व अन्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

## सजनाम बांध की माइनर को सुचारू संचालित करने की मांग

ललितपुर। सजनाम बांध की माइनर जिससे बजर्रा, भड ?ऊ के अलावा अन्य ग्रामीण अंचलों में खेतों के लिए पानी जाता है, को अविलम्ब सुचारू रूप से संचालित किये जाने की मांग करते हुये किसानों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि सजनाम बांध से निकली माइनर को सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा रोक-रोक कर चलाया जा रहा है, जिससे किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है और पक कर तैयार होने को आयी गेंहू की फसल सूखने की कगार पर पहुंच रही है। बताया कि गांव में आने वाली माइनर को संचालन कर रहे लोगों द्वारा कभी दिन में तो कभी रात में खोल दिया जाता है, जिससे कई खेतों में पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने डीएम से सजनाम बांध की माइनर को सुचारू रूप से संचालित किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय नाहर अहिरवार, सुके अहिरवार, चुन्नी अहिरवार, छिम्मा, दसई अहिरवार, शिशुपाल सेन, रागवेन्द्र यादव, अनुराग, दुर्गाप्रसाद, श्रीपत, जगपाल, शिशुपाल सिंह, सनत कुमार, जगभान, लखपति, करन सिंह, बलीराम, रोशन, शैलेन्द्र चन्देल, गौतम, मुन्नालाल, विनोद कुमार, तुलई, अशोक, गनपत, कंचन, शिवचरन, खुशीराम, माते, इन्द्रपाल, भरत सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# बढ़ती आर्थिक चुनौतियां

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह पदभार संभालते ही लगभग पूरी दुनिया के खिलाफ ट्रेडवार छेड़ दिया है, उससे वैश्विक अर्थव्यवस्था के समझ एक गंभीर चुनौती खड़ी हो गयी है। भारत के लिए स्थितियां और भी जटिल हो सकती हैं क्योंकि भारत को विकसित अर्थव्यवस्थाओं की पंक्ति में खड़ा होने के लिए चौतरफा विकास की जरूरत है। हम प्रतिदिन निरंतर सुनते रहे हैं कि 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार और भाजपा-एनडीए का यह संकल्प है और देश की जनता का भी आह्वान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया के लिए कारखाना करार दिया है, जबकि यह अर्द्धसत्य लगता है, क्योंकि भारत मैन्यूफैक्चरिंग (विनिर्माण, उत्पादन आदि) में पिछड़ता जा रहा है। लक्ष्य तय किया गया था कि इस क्षेत्र का जीडीपी में योगदान कमोबेश 25 फीसदी होना चाहिए, लेकिन यह हिस्सेदारी 15 फीसदी से भी कम हो गई है। यह ऐसा क्षेत्र है, जिसमें रोजगार के व्यापक अवसर बनते हैं। दरअसल भारत मैन्यूफैक्चरिंग हब के बजाय ट्रेडिंग देश बनता जा रहा है। चीन से आयात बढ़ना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इधर विश्व बैंक के साथ-साथ कुछ अन्य एजेंसियों और संस्थाओं की रिपोर्ट भी सामने आयी है। ऐसे रिपोर्ट भारत की अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थितियों, श्रम-शक्ति और भागीदारी, हमारी



औसत आय आदि के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन और सर्वेक्षण पर आधारित होती हैं, लिहाजा उन्हें सिरे से नकारा नहीं जा सकता। यदि भारत सरकार पारदर्शी, स्पष्ट और निष्पक्ष डाटा देश के सामने पेश करती रहती, तो इन रिपोर्टों की कोई जरूरत ही नहीं थी और देश के औसत नागरिक के सामने तमाम स्थितियां साफ होतीं। जो भी डाटा सरकारी विभाग जारी करते हैं, वे या तो अर्द्धसत्य होते हैं अथवा यथार्थ को ढक कर चलते हैं। बहरहाल अब आकलन यह किया जा रहा है कि यदि भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनना है, तो उसकी सालाना आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी लगातार होनी चाहिए, लेकिन अभी 2025-26 के बजट में विकास दर 6.5 फीसदी का अनुमान लगाया गया है। लगभग यही अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का है। वास्तव में यह विकास दर 5 फीसदी के करीब होगी, क्योंकि कई समीकरणों, तथ्यों, उत्पादन, मुद्रास्फीति की दर आदि का सही मूल्यांकन बाद में ही किया जा सकता है। अभी भारत में प्रति व्यक्ति आय करीब 2.20 लाख रुपये सालाना बताई जाती है, जबकि विकसित देश बनने के लिए यह कमोबेश 15.48 लाख रुपये होनी चाहिए। भारत में करीब 100 करोड़ लोगों के पास इतना अतिरिक्त पैसा नहीं है कि वे गैर-जरूरी चीजों पर भी खर्च कर सकें। मात्र 10 फीसदी भारतीयों के पास ही निरंतर खर्च करने की क्षमता है। क्या भारत की अर्थव्यवस्था और जीडीपी 10 फीसदी लोगों के बूते ही है? यदि भारत को वाकई विकसित देश बनना है, तो श्रम की भागीदारी 65 फीसदी या उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि यह भागीदारी फिलहाल 56.4 फीसदी है। आम आदमी की औसत आय करीब 28 फीसदी बढ़ी है, जबकि उद्योगपतियों और अमीरों की आय में 350 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह आर्थिक असमानता भारत का यथार्थ है, लिहाजा विकसित अर्थव्यवस्था को लेकर और गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अभी तो भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होने से भी पीछे है। वैसे दावे तो 30 ट्रिलियन डॉलर के भी किए जा रहे हैं। जिस देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को, हर माह, मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा हो और यह योजना 2029 तक जारी रहनी हो, तो वह देश 2047 तक विकसित देशों की जमात में शामिल कैसे हो सकता है? दरअसल मुफ्तखोरी की राजनीति देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर रही है, लिहाजा भारत में कौशल की कमी है, उत्पादन की कमी है, आय-व्यय के समीकरण असंतुलित हैं। ऐसे में अर्थव्यवस्था कैसे विस्तार पाएगी? ऊपर ट्रंप के संभावित झटके से सहमी वैश्विक अर्थव्यवस्था अगर मंदी की तरफ बढ़ती है, तो भारत के लिए आर्थिक गतिविधियों को सुचारू बनाना जटिल हो जायेगा। इसलिए अर्थव्यवस्था को लेकर लंबे-चौड़े दावे के बजाय गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

## विचार

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

चेहरे पर झुर्रियां पड़ गयीं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले पड़ गये। परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

किसी भी हालत में अपनी ताकत पर घमंड न कर। यह बहुरुपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है।

-हाफिज.

अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृही उससे बेगार कराती है।

-जयशंकर प्रसाद.

सूखी, कठोर और कटुतापूर्ण वाणी, सुनने वाले के मर्मस्थलों, हड्डियों को गला देती है।

-महात्मा विदुर.

# असमानता के दुष्चक्र में फंसती अर्थव्यवस्था

नरेंद्र शर्मा

**भारत की अर्थव्यवस्था जैसी दिखती है, वैसी है नहीं। पहले यह बात सिर्फ कुछ अर्थशास्त्री ही कहा करते थे, जिनको आमतौर पर देश विरोधी मान लिया जाता था, पर अब यह बात बहुत से ऐसे अर्थशास्त्री भी कह रहे हैं, जिनको देश विरोधी तो नहीं ही माना जा सकता। इसलिए जितना जल्दी हो सके इस विरोधाभास से छुटकारा पाना चाहिए।**

काफी लंबे अर्से से जो डर सता रहा था या दूसरे शब्दों में जिसकी आशंका उभर रही थी, अंततः वह आशंका हकीकत के रूप में सामने आ गई है। वेंचर कैपिटल फर्म 'ब्लूम वेंचर्स' के एक ताजा रिपोर्ट ने भारत के राजनेताओं को भले परेशान किया हो, लेकिन दुनियाभर के निवेशकों, अर्थशास्त्रियों और समाजशास्त्रियों के कान खड़े कर दिये हैं, क्योंकि इस रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में गरीबी जितनी दिखती है, उससे कहीं ज्यादा है। दूसरे शब्दों में अपने यहां समृद्धि का जो अनुमान लगाया जा रहा है, विशेषकर मजबूत मिडिल क्लास को लेकर जो हमारी और दुनियाभर की धारणाएं हैं, वे गलत साबित हो रही हैं। हिंदुस्तान की मौजूदा आबादी करीब 1 अरब 42 करोड़ के आसपास है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी में बमुश्किल 13 से 14 करोड़ मिडिल क्लास आबादी ही ऐसी है, जिसकी क्रयशक्ति दुनिया के दूसरे मिडिल क्लास उपभोक्ताओं के बराबर या उनसे बेहतर है, वर्ना तो हमारे यहां जो करीब 40 से 44 करोड़ मिडिल क्लास आबादी का अनुमान लगाया जा रहा है, वह बड़ा धोखा है। क्योंकि इनमें से 30 से 34 करोड़ ऐसे मिडिल क्लास लोग हैं जो फिलहाल महंगाई की हकीकत और अपनी क्रयशक्ति की वास्तविकता के बीच पिस रहे हैं। अगर कहा जाए कि इनके साथ दुखद यह हो रहा है कि उन्हें माना तो सम्पन्न वर्ग का जा रहा है, लेकिन ये खुद अपनी हकीकत जानते हैं।

वास्तव में भारत में जो मिडिल क्लास का एक बड़ा तबका बताया और दिखाया जाता है, वह वैसा नहीं है, जैसा उसके बारे में सोचा और समझा जाता है। भारत के वास्तविक 13 से 14 करोड़ सम्पन्न मिडिल क्लास के अलावा जो 30 करोड़ अन्य मिडिल क्लास लोग हैं, उसे ब्लूम वेंचर्स की रिपोर्ट में इमर्जिंग या आकांक्षी मिडिल क्लास कहा गया है, जो खर्च करने की इच्छा तो रखता है, लेकिन ऐसा करने से घबराता है, क्योंकि पिछले चार सालों में यानी कोरोना महामारी के बाद से लगातार उसकी आय या तो घटी है या स्थिर है, जिससे उसे अपने नीचे की तरफ जाने का खतरा सता रहा है। अगर इस पूरे संदर्भ को व्यापक आर्थिक नजरिये दे देखें तो कहा जा सकता है कि भारत में एक लंबे समय से अमीर और गरीब वर्ग के बीच जो खाईं धीरे धीरे बढ़ रही थी, वह हाल



के कुछ सालों में खासकर कोरोना के दौरान या उसके बाद से बहुत ज्यादा तेजी से बढ़ी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास देश की कुल आय के करीब 57.7 फीसदी पर कब्जा है। जबकि 1990 में इस 10 फीसदी आबादी के पास देश की कुल आय का करीब 34 फीसदी था यानी करीब 34 सालों में अमीरी और गरीबी के बीच फासला करीब 24 फीसदी बढ़ गया है। इसी तरह निचले 50 फीसदी लोगों की कुल आय तब जहां 22.2 फीसदी लोगों के पास हुआ करती थी, वहीं अब यह महज 15 फीसदी लोगों तक सिमटकर रह गयी है।

**चिंतन**

कहने का मतलब यह है कि ऊपर से भी और नीचे से भी देश में गरीबी और अमीरी के बीच की दूरी लगातार बढ़ रही है। यह कई वजहों से खतरनाक है। हालांकि इस संबंध में कोई ठोस अध्ययन सामने नहीं आया, लेकिन पिछले पांच महीनों से जिस तरह से देश का शेयर बाजार लगातार गिर रहा है, कहीं उस गिरावट के पीछे निवेशकों का यह डर तो नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जितनी बड़ी और जितनी ठोस दिखायी जा रही है, वैसी है नहीं? लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि देश में उपभोक्ता सामानों की मांग घट रही है। जहां तक मांग का सवाल है तो उसमें एक विरोधाभास तो यह उभरकर आया है कि देश में महंगी और लग्जरी चीजों की मांग बढ़ रही है, जबकि कम और मझोले दर्जे की चीजों की मांग घट रही है। इसको इस उदाहरण से भी समझा जा सकता है कि हाल के सालों में देश के सभी बड़े महानगरों में न सिर्फ लग्जरी घरों की मांग बढ़ी है बल्कि इनकी बिक्री में भी 12 से 15 फीसदी का इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ भारत के सभी बड़े और मझोले शहरों में कम बजट वाले घरों की मांग पिछले 10 सालों में 15 से 22 फीसदी तक कम हुई है, बढ़ी तो है ही नहीं। यही हाल लग्जरी कारों का भी है। लग्जरी कारें भी देश में आम कारों से ज्यादा (औसत के मामले में) बिक रही हैं। भारत के कुल बाजार में इस समय सस्ते घरों की हिस्सेदारी महज 18 फीसदी है, जबकि 2019-20 में यह करीब 40 फीसदी थी। ठीक यही बात दूसरे ब्रांडेड चीजों पर भी लागू हो रही है। बाजार में लगातार एक्सपीरियंस इकोनॉमी फल फूल रही है। ब्लूम वेंचर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कोल्ड प्ले और एड सिरॉन जैसे अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के कंसर्ट पूरी तरह से सफल हो रहे हैं, चाहे इनमें हिस्सेदारी की टिकट कितने ही ऊंचे दामों की क्यों न हो। दूसरी तरफ लोकल उत्पादों या निचली और मध्यम दर्जे की उपभोक्ता चीजों की मांग घट रही है। मतलब साफ है कि पिछले पांच सालों में पहले से गरीब लोग तो और ज्यादा गरीब हुए ही हैं, जो लोग गरीब नहीं हैं, मध्यवर्ग के दायरे में आते हैं, लेकिन कभी भी इस दायरे से नीचे फिसल सकते हैं। ऐसे लोग बहुत डरे हुए हैं और अपनी खरीदारी ही नहीं बल्कि अपनी जरूरतों को भी कम कर दिया है या आम भाषा में कहें तो मन मार लिया है और बाजार की तरफ घूमने जाने तक का नाम नहीं लेते। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था ठहर सी गई है।

सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी बाजार से मंदी जाने का नाम नहीं ले रही या फिर यह कह सकते हैं कि बाजार इस कदर उठ नहीं रहा कि कैश इनफ्लो बढ़े और लोगों में खर्च करने की हिम्मत व बेफिक्री आये। यह खतरनाक स्थिति है। अगर पारिभाषिक शब्दों में कहें तो भारत की अर्थव्यवस्था ग्रोथ के मामले में ठहर सी गई है। यह अकारण नहीं है कि हाल के सालों में जिन कंपनियों ने खुद को मध्यवर्गीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के उत्पादों पर फोकस करने का मन बनाया, वो कंपनियां या तो खतरे के लाल निशान के पार पहुंच गई हैं या इतनी कमजोर खुद को महसूस कर रही हैं कि वे बाजार में अपनी गतिविधियों को चाहकर भी नहीं बढ़ा पा रहीं।

सवाल है यह स्थिति कितनी खतरनाक है और क्या सरकार और देश का आर्थिक तंत्र इस भयानक सच्चाई को समझ पा रहा है? समझ पा भी रहा है तो क्या इससे निपटने की कोई कोशिश कर रहा है? इस रिपोर्ट का अध्ययन करने और इस अध्ययन से निकले निष्कर्षों को कलमबद्ध करने वाले सजिथ पाई ने एक मीडिया संस्था से बातचीत करते हुए कहा है कि सरकार ने पिछले दिनों आम बजट में टैक्स छूट देकर जो करीब 12 अरब डॉलर की पूंजी को बाजार में खर्च करने के अलिखित उद्देश्य के तहत मुक्त किया है, अगर वह पैसा बाजार में आता है, तब तो भारतीय अर्थव्यवस्था में जीडीपी के स्तर पर आधे से पौने फीसदी तक का इजाफा होगा वर्ना रिकॉर्ड फसल उत्पादन के बावजूद देश के उपभोक्ता बाजार में तेजी देखने को शायद ही मिले। क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि देश में उपभोक्ता चीजों की खपत उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़े और इस खपत के बढ़ने के पहले लोगों की आय में भी भरपूर इजाफा हो, तभी यह स्वस्थ चेन देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकती है और उसे बेखबर होकर आगे बढ़ने की, हिम्मत दे सकती है, वर्ना मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स द्वारा किये गये व्यापक अध्ययन से कहीं ज्यादा खतरनाक स्थिति पैदा हो सकती है।

लब्बोलुआब यह कि भारत की अर्थव्यवस्था जैसी दिखती है, वैसी है नहीं। पहले यह बात सिर्फ कुछ अर्थशास्त्री ही कहा करते थे, जिनको आमतौर पर देश विरोधी मान लिया जाता था, पर अब यह बात बहुत से ऐसे अर्थशास्त्री भी कह रहे हैं, जिनको देश विरोधी तो नहीं ही माना जा सकता। इसलिए जितना जल्दी हो सके इस विरोधाभास से छुटकारा पाना चाहिए।

## सोशल मीडिया

प्रभु श्रीराम जी भरत जी से कहते हैं कि हमें प्रजा से ऐसा कर लेना चाहिए....जैसे सूर्य-समुद्र, नदी तथा तालाब से पानी लेता है। यही है 'रामराज्य' की अवधारणा। सीएम योगी.



महकुंभ संपन्न हुआ.. एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ, प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक पर्व से एक साथ जुड़ी। पीएम मोदी.



नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान इंसानियत की मिसाल कुली भाइयों ने पेश करते हुए कई यात्रियों की जान बचाई। इसके लिए मैंने आज उनका धन्यवाद किया। राहुल गांधी.



# जीवन के झंझावात

**अंतर्दृष्टि**

जीवन के हर कदम पर पुरुषार्थ की परीक्षा होती है। व्यक्ति को हमेशा परीक्षाओं के बीच से गुजरना पड़ता है। मनुष्य का जीवन झंझावातों से भरा हुआ है और सबको जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का कारण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।

# जे नर पुलिस गीत गावहिं

**व्यंग्यलोक**

1.गला काटन ये कथा है न्यारी। नेता पुलिस मीडिया निहारी।। नेता और पुलिस आपस में एक दूसरे के गलबैयां डाले हुए घूम रहे हैं। मीडिया भी अपना माइक जाल फैला रहा है। सोशल मीडिया अपनी चैनल बाजी की कथाएं सुना रहा है। इस कलाकार गला काट प्रतियोगिता में नेता पुलिस और मीडिया का मिलाजुला खेल चल रहा है। 2.एनकाउंटर कठिन नहीं भाई। करत पुलिस जो उसे सुहाई।। पुलिस चरितकथा में कवि कहते हैं कि अगर कोई आत्मसमर्पण भी कर दे, तो पुलिस के लिए एनकाउंटर करना कोई कठिन काम नहीं है। पुलिस जिसे चाहे मार सकती है, जिसे चाहे तार सकती है। सच यह है कि जो पुलिस के मन में आता है, वही इसे पूरा करती है।



राम विलास जॉगिड़

3.डॉन पुलिस नेता गठबंधी। उलूक समाना जनता अंधी।। पुलिस चरित कथा में स्पष्ट कहा गया है कि डॉन, पुलिस और नेता का आपस में गठबंधन है। लठबंधन है। ठगबंधन है। स्वार्थ के धागे से पिरोया विचित्र बंधन है। आपस में किस समय कैसा बंधन है? यह कोई नहीं जान सकता। इनके बंधन में जनता उल्लू के समान अंधी हुई पड़ी है। जनता को कुछ भी मालूम नहीं है कि कौन किस के पास, किस बंधन से बंधा है। 4.पुनि पुनि पुलिस बयान सुनाए। सुनि सुनि मंत्री कथा हरषाए।। तरह-तरह के मंत्री और तरह-तरह की कथाएं पुलिस गलियारे में गूंजती रहती हैं। इस बारे में कवि कहते हैं कि पुलिस के बयान पुनः पुनः अलग-अलग ढंग के सामने आते हैं। बयान हवा में लहराते हैं। वे फिर से नए होकर इतराते हैं। ऐसी कथा सुनकर अच्छे-अच्छे मंत्री हर्षित होते हैं। लेकिन जब पुलिस का मूड घूम जाए तो वही मंत्री जाने कब एनकाउंटर हो जाए। यह खुद पुलिस को भी मालूम नहीं होता है। 5.दैहिक दैविक भौतिक तापा। पुलिस राजहिं सबहैं ब्यापा।। कवि कहता है कि पुलिस राज चारों ओर पसरा पड़ा है। जो भी प्राणी पुलिस के चक्कर में उलझ जाता है उसे शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, दैविक, राजनीतिक सभी प्रकार के कष्ट भुगतने पड़ते हैं। कवि ने पुलिस के चक्कर में आने की स्थिति को स्पष्ट उजागर किया है। 6.नेता भरन पोषन कर जोई। पुलिस समान दूजा नहीं कोई।। कहा गया है कि नेताओं के भरण-पोषण के लिए समय-असमय पर पुलिस ही सब बंदोबस्त करती है। छुट-भैया नेताओं के लिए छोटे भैया प्रकार के पुलिसकर्मी! बड़-भैया नेताओं के लिए बड़े प्रकार के पुलिसकर्मी! सब अपना काम स्वार्थगत करते हैं। नेताओं का जितना भरण-पोषण पुलिस करती है, उतना प्रशासन नहीं कर पाता है।

# रंगों और मस्ती के पर्व होली के हैं विविध रूप



**पर्व/त्योहार**

समीर चौधरी

मेरे एक दोस्त ने कुछ दिन पहले मुझसे फोन पर कहा, यार, मैं अपने ही शहर में होली मनाते हुए थोड़ा बोर सा हो गया हूं। वही रूटीन। कुछ नया अनुभव करना चाहता हूं। इस बार होली का लम्बा सप्ताहांत (14 से 16 मार्च) भी है। तुम तो देश-दुनिया घूमते रहते हो, कोई ऐसी जगह बताओ जहां जाकर होली मनाने का आनंद ही आ जाये। रंग, संगीत और मस्ती के त्योहार होली को नये अंदाज से मनाने के लिए मैंने उसके सामने सात विकल्प रखे, जहां होली की उमंग, मेरे अनुभव से, अलग व यादगार अंदाज की होती है और यह उस पर छोड़ दिया कि वह इस बार के लिए किसका चयन करता है।

अगर एक जगह का नाम लिया जाये जहां होली हिंदी फिल्मों की तीव्रता व जोश की तरह मनायी जाती है, वह मथुरा/वृंदावन है। माना जाता है कि यहीं पर भगवान कृष्ण ने रंग फेंकने की परम्परा का आरंभ किया था और यहां होली का जश्न कई सप्ताह तक चलता है। शुरूआत बरसाना में लट्ठमार होली से होती है, जिसमें महिलाएं मजाक में पुरुषों को लाठी से पीटती हैं (हां, वास्तव में)। इसके बाद आप वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में जायें, जहां होली के रंगों का भक्ति से संगम हो जाता है। पूरा शहर गुलाल, भजन व नाचती भीड़ का केंद्र बन जाता है। यह भरपूर मस्ती है, जिसका जीवन में एक बार हिस्सा न बनना बेवकूफी है। अगर आपको होली में वैभव चाहिए तो आपको जयपुर जाना चाहिए। इस गुलाबी शहर के सिटी पैलेस में होली का आयोजन किया जाता है, जिसमें केवल आमंत्रित व्यक्ति ही हिस्सा ले सकते हैं। इस जश्न में हाथी होते हैं, परम्परागत लोकनृत्य व संगीत होता है और पर्याप्त शाही वैभव भी, जिसे देखकर आपको लगेगा कि आप समय में पीछे लौटते हुए राजपुताना के युग में पहुंच गये हैं। अगर आप मेहमानों की सूची में नहीं हैं तो भी चिंता की कोई बात नहीं है। जयपुर की सड़कें रंगों, संगीत और हर कोने में पार्टी से भरी हुई मिलेंगीं। इसके अतिरिक्त, अगर आपको इस मस्ती से ब्रेक चाहिए तो शहर में शानदार महल व किले हैं जो होली के बाद के डिटॉक्स के लिए परफेक्ट हैं। दिल्ली में कोई चीज आधी अधूरी नहीं होती है। होली भी यहां त्योहार की जगह मेला बन जाती है। होली-थीम के संगीत उत्सव जिनमें डीजे व रेन डांस से लेकर क्लासिक, मस्ती भरी स्ट्रीट होली तक दिल्ली में आपको सब कुछ मिल जायेगा, आप रंग भरे पानी में शराबोर हो जायेंगे। अगर आपको संगीत, आर्गेनिक रंग और स्थानीय व पर्यटकों का मिश्रण चाहिए तो आप होली फेस्टिवल में रंगवाली होली का चयन करें। एक बात का ध्यान रखें- दिल्ली की स्ट्रीट होली अक्सर अदब की सीमाओं से बाहर निकल जाती है, इसलिए अगर आप सभ्य अनुभव करना चाहते हैं तो संगठित पार्टियों तक खुद को सीमित रखें। पश्चिम बंगाल में होली को बसंत उत्सव कहा जाता है और इसका जश्न पूर्णतः रबिन्द्रनाथ टैगोर की शैली में मनाया जाता है- शायरी, नृत्य व संगीत के साथ बजाय हुडदंग व रंगों के। शांतिनिकेतन के विश्व भारती विश्वविद्यालय में आयोजित होली का यह रूप दिलकश होता है- कल्पना कीजिये कि छात्र पीले वस्त्रों में हैं, लोक गीत गा रहे हैं और आप पर फूल बरसा रहे हैं। अगर आपको संस्कृतिक, सभ्य व दिल को स्पर्श करने वाली होली पसंद है तो आपके लिए शांतिनिकेतन उचित स्थान है।

पुष्कर की होली का जश्न अगले स्तर की दीवानगी है और यही मुख्य कारण है कि पर्यटकों में यह सबसे अधिक मशहूर है। यह जगह आमतौर से अपनी पवित्र पुष्कर झील व शांत घाटों के लिए जानी जाती है, लेकिन होली पर यह विशाल खुले आसमान की पार्टी में बदल जाती है। मुख्य चैराहे पर हजारों लोग एकत्र हो जाते हैं, रंगों में भीगे हुए, ईडीएम धुनों पर थिरकते हुए और पूरे जोश के साथ जश्न मनाते हुए। स्थानीय लोग व पर्यटक मिलकर ऐसे रंग फेंकते हैं जैसे कल होनी ही नहीं है। दोपहर तक यह मस्ती छतों पर चली जाती है, जहां लोग चाय, गुझियां, ठंडाई के साथ पार्टी को जारी रखते हैं, डूबते सूरज के शानदार नजारे तक। अगर आप सोचते हैं कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार है तो पंजाब में होला मोहल्ला देखने तक रुकें। होली के एक दिन बाद यह जश्न आनंदपुर साहिब में रंगों की बजाय मार्शल आर्ट्स के प्रदर्शन के साथ मनाया जाता है। भयंकर गतका (सिक्ख मार्शल आर्ट्स), घोड़े की पीठ पर किये गये स्टंट्स और कुश्ती आपको देखने को मिलेंगी और पृष्ठभूमि में भक्ति संगीत व लंगर भी होगा। यह एक्शन से भरी होली है। दक्षिण भारत में होली कुछ खास नहीं मनायी जाती है, लेकिन हम्पी अपवाद है।

## आपकी बात

### सभी छात्रों को दें टैबलेट

उत्तर प्रदेश सरकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है लेकिन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और दूसरे छात्रों को समय पर यूनिफार्म नहीं मिलता है। कई बार घटिया कपड़ों से बना यूनिफॉर्म मिल जाता है। इस व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिफॉर्म का पैसा छात्रों को नकद देने का फैसला किया है। यह एक ऐसी पहल है जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा।

**गिरीश त्रिपाठी, लखनऊ.**

### प्रवासियों से बदसूलकी

अमरीका अवैध प्रवासियों के साथ जो कुछ कर रहा है उसे कदापि सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। सरकार से भी इस मुद्दे पर सवाल पूछे जा रहे हैं और अमरीका के समक्ष भी यह मुद्दा उठाया गया है कि अवैध प्रवासियों को भेजते समय उनके साथ मानवीय बर्ताव किया जाये। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में बताया कि अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की एक प्रक्रिया है और यह वैध प्रवास को बढ़ावा देने के लिए है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की संधि भी है और भारत इसका हिस्सा भी है। शायद इसी के मद्देनजर भारत ने ट्रंप प्रशासन के समक्ष 18 हजार अवैध प्रवासियों की वापसी में मदद की पेशकश भी की है। यहां अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। दरअसल आपत्ति अवैध भारतीय प्रवासियों के साथ अमरीका के बर्ताव को लेकर है। अवैध प्रवासियों को अगर हथकड़ी लगाकर भेजने के बजाय सामान्य नागरिक की तरह भेजा जाता तो इससे कोई आफत नहीं आ जाती। आखिर अवैध प्रवासी कोई आतंकी तो हैं नहीं। यह ठीक है कि रोजी-रोजगार की तलाश में वे अमरीका बिना जरूरी कागजात के चले गये लेकिन वहां उन्होंने कोई और अपराध नहीं किया है। इसलिए अगर अवैध प्रवासियों को सभ्य तरीके से डिपोर्ट किया जाये।

**राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## रोजगार मेला 7 को

बहराइच। प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विकास खण्ड परिसर शिवपुर में 07 मार्च 2025 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में क्षेत्र के 06 नियोजकों सुरक्षा क्षेत्र की एस.आई.एस. कम्पनी के साथ साथ क्वैशकार्प लिमिटेड, पीपल ट्री आनलाइन, एल.आई.सी., ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक, सिसका एल.ई.डी. तथा पशुपतिनाथ बायोटेक्नोलॉजी द्वारा प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोजगार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 8 को

बहराइच। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 08 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम (एनआईएक्ट) बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाओं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

## डॉक्टर रेहान अलवी बने राष्ट्रीय पत्रकार महासभा के जिलाध्यक्ष

बाराबंकी। राष्ट्रीय पत्रकार महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष फैसल रहमान सफवी व फाउण्डर चेयरमैन श्रवण कुमार पाण्डेय ने डॉ. रेहान अलवी को बाराबंकी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। मनोनीत जिलाध्यक्ष डॉ. अलवी ने जिला, ब्लाक एवं तहसील स्तर पर कार्यकारिणी के गठन करने एंव पत्रकारों के हित में कार्य किये जाने की बात कही।

## शादी समारोह के दौरान किशोरी से दुष्कर्म

गोसाईगंज-अयोध्या। थाना महाराजगंज इलाके के एक गांव में शादी समारोह के दौरान एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर केस दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक वारदात 3 मार्च की रात लगभग एक बजे की है, उसकी 18 वर्षीय पुत्री अपने भाई के घर पूरा बाजार आई हुई थी। वहीं पड़ोस में शादी थी जिसमें शामिल होने के लिए बेटी का दोस्त श्रवण निषाद पुत्र राजेश निषाद निवासी सन्दलपुर विक्रमजोत थाना छावनी जनपद बस्ती भी आया हुआ था। आरोप है कि देर रात श्रवण ने उसकी बेटी को बात करने के बहाने घर के पीछे बुलाया और जबरन झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच कुछ ग्रामीणों की नजर पड़ी और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता रोते हुए अपनी मां के पास पहुंची और आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिवारजन उसे लेकर थाना महाराजगंज पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी एसएचओ राजेश सिंह के मुताबिक मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और युवती का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

# भगवान राम का जीवन जनमानस को देता है प्रेरणा

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अवध विवि का स्वण जयंती समारोह




अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय मंगलवार को अपना स्वर्ण जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय का विकास तभी संभव है जब सभ्य समाज में मानव का निर्माण हो। खोए हुए को पुनः प्राप्त करना और उसे आकार देना एवं गठित करना शिक्षण संस्थानों का प्रमुख दायित्व है। गुणवत्तापरक शिक्षा व संस्कारों को ग्रहण कराने का कार्य शिक्षकों का है। शिक्षा विद्यार्थी के सम्पूर्ण विकास में सहायक है। विश्व स्तर पर हो रही प्रतिस्पर्धा में युवाओं को भारी योगदान देना होगा। राज्यपाल ने कहा कि आज की पीढ़ी का यह दायित्व है कि आने वाले भविष्य में सभी क्षेत्रों के युवा अपना अहम योगदान दे। शिक्षण संस्थान द्विस्तरीय शिक्षा का आदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं को मल्टीपल विषय चुनने की आजादी है। इससे हम अपने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में प्रशिक्षित कर सकते है। विश्वविद्यालय स्तर पर यह तय किया जाए कि विद्यार्थियों की रूचि को बढ़ावा देने के लिए नए नए प्रयोग किए जाए। राज्यपाल ने कहा कि राम हमारे आदर्श है जो हमारे जीवन में चरित्र के निर्माण में सहायक है। भगवान राम जीवन चित्रण जनमानस को शिक्षा देता है। कि हमें सामान्य तौर पर भेद-भाव से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि सबरी का चरित्र हमें क्या सिखाता है। इस पर विचार करना चाहिए। एक दूसरे से सीखना ही जीवन है। समारोह में कुलाधिपति ने खेल पर जोर देते हुए कहा कि खेल बच्चों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज समाज में बच्चों को खेलने से मना करने की धारणा पनप रही है। जबकि बच्चों को इससे मना करना उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा डालना है। सात साल के बच्चों का अस्सी से नब्बें प्रतिशत विकास हो जाता है। यह शोधों से पता चला है कि बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए खेल आवश्यक है। राज्यपाल ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बताया कि यह वर्ष महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म ज्योति का उत्सव मना रहा है। विश्वविद्यालयों को इस पर व्यापक चर्चा कर महारानी होल्कर के योगदान को समझना चाहिए। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालयों में शोध कार्यां के मूल्यांकन के लिए वैश्विक स्तर पर कार्य करना होगा। तभी हम उच्च गुणवत्ता को प्राप्त कर सकेंगे। तभी शिक्षण संस्थानों को नैक मूल्यांकन राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके। इससे हमारी विश्व रैकिंग में सुधार होगा। समारोह की मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक परिणाम संतोषजनक और विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध हुए हैं। इसके तहत भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से संबंधित विषय-वस्तुओं को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है।

## पौष्टिकता के लिए आहार में शामिल करें मोटे अनाज: राज्यपाल



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल व मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी द्वारा परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा अवधी चित्रकला प्रदर्शनी का क्रमवार अवलोकन किया। कुलाधिपति ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए राम के जीवन वृतांत के विभिन्न पक्षों को जाना। शबरी के साथ राम, राम सुग्रीव मित्रता, ताड़का वध, निषादराज से मित्रता, राम-हनुमान संवाद, अयोध्या सरयू तट की महिमा, अवध क्षेत्र के सामान्य जनजीवन में राम के प्रभाव को चित्रण के माध्यम से अलग-अलग प्रदर्शित किया गया। वहीं इस प्रदर्शनी में भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक आधार के प्रतीक राम के जीवन आदर्श का चरित्र चित्रण एवं राज्य व्यवस्था, वन गमन राक्षसों के संहार का चित्रण प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा तैयार किया गया। जिन्हे कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि द्वारा सराहा गया। राम भक्त हनुमान के प्रभु श्री राम के प्रति समर्पण की भावपूर्ण चित्रकारी ने आगंतुकों को भी प्रभावित किया। दूसरी ओर परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की मिलेट्स फूड की प्रदर्शनी लगाई जिसका कुलाधिपति व मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन किया गया। उन्होंने स्टॉलो पर जाकर मोटे आनाज से बने व्यजन का लुफ्त उठाया। छात्र-छात्राओं की तारीफ करते हुए कहा कि अपने भोजन में मोटे आनाज को शामिल करे। इसके साथ ही उन्होंने स्वस्थ्य एवं पौष्टिक आहार के लिए केंद्र सरकार द्वारा अन्नश्री योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहन किया। इस मिलेट्स फूड प्रदर्शनी में ज्वार, बाजरा रागी, सांवा, चना काकुन जैसे अन्य 26 प्रकार के मोटे अनाजों की प्रदर्शनी लगाई गई। छात्रों ने बताया कि इस प्रर्दशनी का उद्देश्य देश भर में पौष्टिक आहार योजना अन्नश्री से शरीर में पोषक तत्वों की कमी को पूरा किया जा सकेगा।

# नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर परिवहन विभाग सख्त

## 6 ओवरलोड वाहन सीज, अन्य अभियोग में 2 दर्जन चालान




बाराबंकी। नियमो का उल्लंघन कर सड़को पर संचालन करने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। इस दौरान अलग-अलग टीमो ने ओवरलोड़, बकाया टैक्स, बिना परमिट, फिटनेस के संचालन मिलने पर दर्जनो वाहन सीज व चालान किये। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे मे बे-ढ़ंग रुप से खड़े वाहनो समेत बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, एचएसआरपी, ओवरलोड़, बकाया टैक्स, बिना परमिट दर्जनो वाहनो के चालान किये। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने बाराबंकी-गोण्ड़ा मार्ग पर 6 ओवरलोड़ वाहनो को थाना मसौली व मोहम्मदपुर चैकी मे निरुद्ध किया। तथा अन्य अभियोगो मे 13 चालान किये।

## एसपी ने किया मीटिंग हाल-शेड व भवन जीर्णोद्धार का लोकार्पण



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने चैकी थाना कोठी के मीटिंग हाल, शेड एंव चैकी कैसरगंज के भवन का सौन्दर्यीकरण, जीर्णोद्धार का लोकार्पण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने परिसर का निरीक्षण करते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ आलोक कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक कोठी संतोष कुमार सिंह, चैकी प्रभारी कैसरगंज मो0 फिरोज खान समे अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## सर्राफा व्यापारी से हुई लूट में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार, जेवरात बरामद




बाराबंकी। थाना घुंघटेर पुलिस ने सरार्फा व्यापारी से हुई लूट की घटना से सम्बधित दो वांछित अभियुक्तों को जेवरात बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीकृत मु0अ0सं0 63/2025 धारा 309(4)/317(2)(4) बीएनएस से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्त अरमान शेख पुत्र शब्बीर शेख निवासी मनवा थाना अटरिया, सीतापुर, व अनुराग मिश्र पुत्र रमेश कुमार मिश्र निवासी रूपईडीह थाना खरगूपुर गोण्डा को जमुवा से 24 अदद बिछिया सफेद धातु, 2 जोड़ी पायल सफेद धातु, 19 अदद अंगूठा सफेद धातु, 1270 रुपये नकद बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक बेंचू सिंह यादव, उ0नि0 आदर्श पाण्डेय, उ0नि0 अभिषेक, हे0का0 ललित सरोज, का0 काशीनाथ, अरविन्द राजभर मौजूद रहे।

## प्रयास ट्रस्ट के स्वास्थ्य शिविर में 51 लोग रक्तदान कर बने महादानी



अमानीगंज-अयोध्या। क्षेत्र के प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर पर शनिवार को प्रयास ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 लोग रक्तदान कर महादानी बने। अयोध्या आई हॉस्पिटल द्वारा नेत्र परीक्षण कर 21 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। स्वर्गीय लखराजी देवी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रयास ट्रस्ट के अध्यक्ष राम अवध यादव के माताजी की पुण्यतिथि पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर में निजी पैथोलॉजी द्वारा रक्तचाप, शुगर सहित विभिन्न प्रकार की जांच निशुल्क की गई। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर अयोध्या के मेडिकल स्टाफ द्वारा ब्लड संग्रह किया गया। प्रयास ट्रस्ट के अध्यक्ष राम अवध यादव ने बताया कि अयोध्या आई हॉस्पिटल द्वारा 26 मोतियाबिंद के रोगियों को चिन्हित किया गया है। सामान्य नेत्ररोगियों को चश्मे व आई ड्रॉप वितरित दिए गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को विभिन्न बीमारियों से जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के संयोजक प्रधान किनौली धर्मचन्द्र यादव, लालजी यादव, सोहन लाल यादव, रामतेज, राजेश्वर, अखिलेश, गुड्डू शुक्ला, शुभम चैरसिया आदि क्षेत्र के गणमन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्रों को किया गया सम्मानित

मिल्कीपुर-अयोध्या। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में जिले के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई हैस शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खंडासा के छात्रवृत्ति के लिए जनपद में सर्वाधिक 11 बच्चों का चयन हुआ है। अमानीगंज ब्लाक के परीक्षा समन्वयक मानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खंडासा के 11 छात्र में नौ छात्र /छात्रा पिछड़ा वर्ग, व दो छात्र-छात्रा सामान्य वर्ग के चयनित किए गए हैं स जिन्हें भारत सरकार की ओर अगले 4 वर्षों तक 48000 रुपए प्राप्त होगीस प्रत्येक वर्ष जनपद अयोध्या के लिए 208 बच्चों का कोटा निर्धारित है जिसके आधार पर राष्ट्रीय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा प्रतिवर्ष नवंबर में होती है जिसमें इस बार 204 बच्चों का चयन हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी अमानीगंज राजेश कुमार ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खंडासा में पहुंचकर सभी सफल 11 छात्रों को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर अपनी शुभकामनाएं दी।

# श्यामलाल यादव की मनाई गई 24वी पुण्यतिथि

## सपा प्रदेश अध्यक्ष ने समाधि स्थल पर पहुंच अर्पित किये श्रद्धासुमन



बाराबंकी। स्वः श्यामलाल यादव पिछड़ो दलितो व जरुरतमंदो की आवाज थे। गरीबो, कमजोरो व जरुरतमंदो की मदद करना ही स्वः नेता जी के जीवन का उद्देश्य था। स्वः नेता जी ने पूरे जीवन मानवता की सेवा कर श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। जिससे हम सबको आज भी प्रेरणा मिलती है। उक्त उद्गार सफदरगंज स्थित श्यामलाल यादव स्मारक इण्टर कालेज परिसर में हुकुम सिंह हेल्प फाउडेशन के अध्यक्ष एंव समाजवादी पार्टी नेता, सुपुत्र ज्ञान सिंह यादव द्वारा समाधि प्रेरणा स्थल पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे पुष्पाजंलि अर्पित करने के पश्चात समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने व्यक्त किये। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्री पाल ने आगे कहा कि स्वः नेता जी ने सदैव आम आदमी के लिये सघर्ष किया। जोकि हमेशा याद रखा जायेगा। आने वाली पीढ़िया उनके कार्यो से सीख लेगी। समाधि स्थल पर श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालो मे मोहनलालगंज सांसद आ0के चैधरी, पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया, पूर्व एमएलसी रामवृक्ष यादव, राजेश यादव, हिमाशू यादव, डा0 चन्द्रशेखर यादव, नेगपाल, प्रमोद रावत, जयपाल, सहजराम यादव, श्रीकिशन यादव, बबलू यादव, रमापति यादव, लखपत रावत, मंशाराम यादव, राजवीर, सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने मरीजों में बांटी पोषक आहार की पोटली



सोहावल-अयोध्या। नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तगंज बाजार निवासी पवन पटेल जो सामाजिक संगठन दि आयुष्मान फाउंडेशन के संस्थापक है। अपने पिता स्व0 हौसिला प्रसाद वर्मा की 7 वीं पुण्यतिथि पर सीएचसी सोहावल में भर्ती मरीजों में पोषक आहार की पोटली का वितरण किया। पवन पटेल ने अपने पिता जी को याद करते हुए बताया कि उन्होंने सदेव सत्य के मार्ग पर चलने और सेवा की भावना रखने की सीख दी थी। जिसका परिणाम है कि आज कई वर्षों से सामाजिक कार्य कर पा रहा हूँ। इस मैके पर समाजसेवी के साथ अधीक्षक पी सी भारती, सत्य प्रकाश गांधी पांडेय, राहुल गुप्ता, सुरेंद्र कोरी आदि मौजूद रहे।

## एक ही परिसर में पूर्व माध्यमिक व राजकीय हाईस्कूल के संचालन पर जताई आपत्ति

अयोध्या। एक ही परिसर में पूर्व माध्यमिक व राजकीय हाई स्कूल के संचालन के फल स्वरुप सीमांकन पर जाताया आपत्ती प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने परिषदीय विद्यालयों में स्थित राजकीय हाईस्कूलों के बाउंड्रीवाल व अतिरिक्त कच्छा कच्छों के निर्माण से बच्चों के बैठने के लिए नहीं बच रही जमीन। बिना भौगोलिक परिस्थितियों को जाने व अनापत्ति के बिना कराए जा रहे निर्माण कार्य यहीं नहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अभी एक वर्ष पहले निर्मित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की लगभग 40 मीटर बाउंड्री वाल को बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति कर दिया गया ध्वस्त वहीं जिला मंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की भूमि पर किया जा रहा अतिक्रमण शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव शिक्षक भय वश नहीं कर पा रहे विरोध ।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद के ऐसे राजकीय विद्यालयों जो की जो पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के परिसर में स्थित है उनमें किया जा रहे अतिरिक्त कक्षा कक्ष व बाउंड्री वॉल के निर्माण पर आपत्ति जताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या संतोष कुमार राय को ज्ञापन सोपा है दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विकासखंड रुदौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमुनिया मऊ पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुजागंज कन्या कंपोजिट विद्यालय रुदौली में इतनी भूमि नहीं है की बीच में चारदीवारी उठाते हुए अतिरिक्त कक्षा कक्षा का निर्माण कराया जाए वहां की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए वह इसी प्रकार जनपद के अन्य विद्यालयों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए बिना उच्च अधिकारियों के परामर्श विद्यालय बिना संस्थाओं के सहमत व शासनादेश के अनुरूप ही कार्य कराया जाए।

# अधिवक्ता पवन मिश्र ने वकीलों को किया सम्मानित

## धर्म जागरण बाराबंकी धाम संयोजक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के स्वः पंडित कन्हैया लाल शुक्ला सभागार में धर्म जागरण बाराबंकी धाम संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी की अध्यक्षता में एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने कई मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ हर माह के प्रथम मंगलवार को धर्म जागरण धाम की बैठक किए जाने को लेकर सभी की सर्वसम्मति बनी। इसके साथ ही अधिवक्ता पवन कुमार मिश्रा द्वारा बैठक में उपस्थित अधिवक्ता बंधुओं को अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया गया। और अपने विचार व्यक्त करते हुए अधिवक्ता श्री मिश्रा ने कहा कि बीते वर्ष उनके द्वारा संकल्प लिया गया था कि जनपद के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ व विशिष्ट कार्य करने वाले अधिवक्ता बंधुओं का स्वागत निरंतर जारी रहेगा। बैठक का समापन कल्याण मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एडीजीसी राकेश चन्द्र, रामजस सिंह, सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, अमरेन्द्र कुमार पाठक, सतीश मौर्या, बृजेश मौर्य, विजय पाण्डेय, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, यशोदा नन्द मिश्र, इन्द्रजीत सिंह, अंकुल वर्मा, संगीत पाठक, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, राजेश कुमार मिश्रा, बच्चाराम वर्मा, गोपाल कृष्ण वैश्य आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बहराइच महोत्सव : डीएम व एसपी ने अधिकारियों संग किया मंथन

- डीएम ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी
- महोत्सव से आम जनमानस का होगा स्वस्थ मनोरंजन-ऊर्जा का होगा संचार: डीएम



बहराइच। बहराइच महोत्सव-2025 के उल्लास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोमवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी वं पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों संग कलेक्ट्रेट सभागार में मंथन किया। डीएम ने महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्थाओं के दृष्टिगत अधिकारियों की तैनाती, अग्निशमन, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं हेतु कैंप, ऑनलाइन चिकित्सकों की उपलब्धता, एम्बुलेंस, सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, साज-सज्जा, सफाई, बिजली, पानी, पंडाल, मंच, गणमान्य अतिथियों के आगमन, आगन्तुकों के बैठने की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, ट्रैफिक व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत विश्लेषण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने आम जनमानस के मनोरंजन को केंद्र में रखकर महोत्सव को और अधिक रोचक बनाने हेतु उपस्थित अधिकारियों से विचार आमंत्रित किये।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि 08 मार्च 2025 को माननीय जनप्रतिनिधिगण द्वारा बहराइच महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया जाएगा तत्पश्चात तीन दिन तक रंगारंग मनोरंजक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण होगा। साथ ही इंदिरा गांधी स्टेडियम में उक्त तीन दिनों तक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि महोत्सव प्रांगण में विभिन्न विभागों के स्टॉल, महिलाओं की खरीदारी संबंधी स्टॉल, फूडिंग जोन, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले आदि की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को प्रायोजित करने के लिए जनपद के सक्षम संभ्रांतजनों व संस्थाओं को भी आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के प्रस्तुतीकरण के दौरान उस कार्यक्रम को प्रायोजित करने वाले संभ्रांतजनों व संस्थाओं के बारे में मंच से अनाउंसमेंट किया जाएगा और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि विकासखण्डवार कूपनों के बाक्स से लकी ड्रा के माध्यम से विजेताओं का चयन किया जायेगा। ताकि जनपद के सभी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व हो सके। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बात का विशेष ख्याल रखा जाए कि फूडिंग जोन में लगने वाले स्टालों पर उपलब्ध सामग्री उत्तम क्वालिटी की हो और मेले में आने वालों को विशिष्टतायुक्त एवं बेस्ट क्वालिटी की खाने-पीने की सामग्री सामान्य दरों पर उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर उनकी उचित व्यवस्था की जाए। डीएम ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाए तथा नियमित रूप से कूड़ा उठान कराया जाए। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान ट्रैफिक की व्यवस्था को सुचारु रखा जाए और कहीं जाम की स्थिति ना आने पाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, गणमान्य अतिथियों व जनप्रतिनिधियों के आगमन-प्रस्थान आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि सेक्टर व जोनल स्कीम के तहत अधिकारियों की तैनाती की जा रही है साथ ही मेलाधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिकारी को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी महोत्सव की समाप्ति तक पूरी संजीदगी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण मनोयोग से आम जनमानस को सहयोग प्रदान करेंगे।

संक्षेप

## मौत बनकर दौड़ रहे डंपर ने निगल ली एक और जिंदगी

**सलोन, रायबरेली।** सड़को पर मौत बनकर दौड़ रही डम्फर ने एक और जिंदगी निगल ली । साइकिल से दवा कराने जा रहे बुजुर्ग को अनियंत्रित डम्फर ने कुचल दिया है ।जिससे मौके पर ही बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई ।वही गाड़ी छोड़कर चालक भाग निकला ।जबकि वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ लिया ।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जगतपुर से सलोन की तरफ जा रहे अनियंत्रित डम्फर ने दवा कराने जा रहे पूरे चमारन मजरे रेवली निवासी साइकिल सवार बुजुर्ग चैबे राम यादव (70) पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ यादव को पीछे से जोरदार टक्कर मारकर कुचल दिया ।जिससे मौके पर ही बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई ।वहीं दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रहे डम्फर ग्रामीणों ने पकड़ लिया ।जबकि चालक मौके से भाग निकला ।वही घण्टो सलोन जगतपुर मार्ग जाम रहा ।घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है ।कोतवाली प्रभारी जितेंद सिंह का कहना है कि घटना की तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## मरीजों को वितरित की पोषण किट

**मोतिगरपुर, सुल्तानपुर।** धर्मराज पाठक सीएचसी मोतिगरपुर में मंगलवार को भारत सरकार की ओर से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत के विशेष अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 20 टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. अवनीश मिश्र ने बताया कि टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार लाना और उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार से टीबी मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकेंगे। सरकार द्वारा संचालित इस अभियान के तहत टीबी उन्मूलन के लिए नियमित जांच, उपचार और जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी। 20 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित समुदाय को टीबी मुक्त भारत बनाने में सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान डॉ. बिंदु यादव, डॉ. जेपी वर्मा, डॉ. अरुण कुमार, फार्मासिस्ट रामसूरत गुप्ता, एचईओ सत्यदेव सिंह, राहुल गोस्वामी, विजय प्रकाश भारती और अजय मिश्र सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## एकमुश्त समाधान योजना की तिथि बढ़ायी जाये

**खीरों,रायबरेली।** सरकार द्वारा किसानो को राहत देने की बात भले ही कही जा रही हो किन्तु विद्युत बकाए मे छूट की अवधि 30 अप्रैल तक की जाए जिससे किसान अपनी फसल बेचकर विद्युत बकाये मे छूट का लाभ उठाते हुए अपना बकाया बिल जमा कर सके। किसान अपने खून पसीने की कमाई किसी तरह समय आने पर ही प्राप्त कर पाते है। अप्रैल-मई के महीने मे गेहूं की फसल बेचकर ही पैसा प्राप्त करते है। पूर्व की सरकारो मे मार्च माह के अंत तक सरचार्ज की छूट प्रदान की जाती थी। उपभोक्ताओं ने सरकार का ध्यान समाचार पत्र के माध्यम से समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए सरचार्ज की अवधि अप्रैल माह के अंत तक बढ़ाई जाने की मांग की है, जिससे उपभोक्ता अपना विद्युत बकाया जमा कर सके।

# एएसपी ने शिव मंदिर किया उद्घाटन



**सलोन, रायबरेली।** सलोन थाने में पुराने शिव मंदिर को जीर्णोद्धार के बाद नया रूप दिया गया। कोतवाली प्रभारी जितेंद सिंह के नेतृत्व में एवम जन सहयोग से एडिशनल एसपी संजीव सिन्हा ने शिव मंदिर का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया है। इसके पूर्व थाने पर पहुंचे एएसपी को पुलिस कर्मियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया है ।उपस्थित भक्तों और स्थानीय लोगों को प्रसाद का वितरण भी किया गया ।मंगलवार को सलोन थाना परिसर में बने शिव मंदिर जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का लोकार्पण करने अपर पुलिस अधीक्षक संजीब सिन्हा पहुँचे ।उन्होंने हवन में शामिल होकर आहुति दी। इसके बाद फीता काट कर मंदिर का उद्घटान किया ।इस मौके पर एएसपी ने कहा कि भगवान शिव के मंदिर जीर्णोद्धार हुआ है ।थाना आप सभी का है ।आप लोगो को ही इस मंदिर की देखभाल करनी है ।इस मौके पर तमाम सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

### पुलिस कर्मियों को एएसपी ने बांटे टैबलेट व स्मार्टफोन

**रायबरेली।** रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ने नए कानून को लेकर साक्ष्य एकत्रित करने के लिए व लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए डीजी कार्यालय से भेजे गए विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को थानों में तैनात पुलिस कर्मियों को वितरित किया गया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा द्वारा डिजिटल साक्ष्य एकत्रित करने हेतु डीजी कार्यालय से मिले टैबलेट, स्मार्टफोन, सहित अन्य उपकरणों को पुलिसकर्मियों में वितरित किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि डिजिटल साक्ष्य एकत्रित करने हेतु पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा आधुनिकीकरण व 1 जुलाई 2024 से नए कानून के तहत डिजिटल साक्ष्य एकत्रित करने के उद्देश्य से कुल,41 टेबलेट 408 स्मार्टफोन, 11 प्रिंटर 220 पेनड्राइव, 22 हार्ड डिस्क 1320 ।4 बंडल पेपर तथा 11 फॉरेंसिक किट का वितरण किया गया है। इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से हो रही घटनाओं पर साक्ष्य एकत्रित करके त्वरित कार्यवाही की जा सकेगी।

## रंजिश के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 6 घायल, 2 रेफर

● दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**नसीराबाद, रायबरेली।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे ,पत्थर चले। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों से दो महिला सहित 6 घायल हुए हैं। पुलिस ने घायल महिलाओं को मेडिकल के लिए सीएचसी नसीराबाद भेजा ।बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर 8 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक को सौंपी गई है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गढा मे धर्मराज पुत्र साहबदीन व गोपी चन्द्र पुत्र मंगल पक्षों मे पुरानी रंजिश को लेकर पहले वाद विवाद फिर कहासुनी होने लगी बाद में मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हुए और लाठी डंडे तथा पत्थर चलने लगे। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षो से दो महिला सहित 6 लोग घायल हुए। एक पक्ष से उर्मिला देवी पत्नी राजेश व धर्मराज, राज कुमार, विनय सहित चार लोगों को गम्भीर चोटे आई, वहीं दूसरे पक्ष से प्रभावती पत्नी गोपीचंद व गोविंद आदि को भी गम्भीर चोटे आईं हैं ।पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी नसीराबाद भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद 2 घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक प्रिंस सोनकर को सौंपी गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार छात्र घायल

**बछरावां, रायबरेली।** मंगलवार सुबह शिवगढ़ से बछरावां हाईस्कूल की परीक्षा देने आ रहे दो बाइक सवार युवक तिलेण्डा के निकट अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये बछरावां सीएचसी पहुँचाया गया जहाँ एक कि गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।कस्बे के उत्कर्ष इंटर कॉलेज में बरखण्डी विद्यापीठ शिवगढ़ का हाइस्कूल परीक्षा का सेंटर आया हुआ है जिसमे प्रथम पाली की परीक्षा देने के लिए दो छात्र सौरभ साहू पुत्र रमेश चंद्र साहू वा राजपाल पुत्र नौमीलाल बाइक द्वारा बछरावां आ रहे थे , थानाक्षेत्र के तिलेंड। नाले के निकट उनकी बाइक को किसी अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी जिसके चलते दोनों छात्र खाई में गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए , इलाज के लिये दोनों को बछरावां सीएचसी लाया गया जहाँ दोनों के प्राथमिक उपचार के बाद सौरभ की साहू की गंभीर दशा को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है ।

## दो दिवसीय शिविर में सिखाये गये योग क्रियाओं के गुर



**अमेठी, मुसाफिरखाना।** अनहद प्रयास -संस्था की ओर से उच्च प्राथमिक विद्यालय पिसियांवा में दो दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में योग क्रियाओं के अभ्यास के साथ बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया ।जल ,स्थल और वायु प्रदूषण के कारणो और प्रभावों के बारे में बच्चों को प्रशिक्षित किया गया ।शिविर का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी राम ललित ने किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण की सुरक्षा मानव जीवन की महती आवश्यकता है। नियमित योगाभ्यास करने से हम तमाम तरह के रोगों से बच सकते हैं। स्वास्थ्य ही धन है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित दिनचर्या और योग दोनों चीजें जरूरी हैं ।विद्यालय के प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण वातावरण में हानिकारक गैसों की मात्रा बढ़ रही है। आक्सीजन की स्वच्छता पर संकट है ।देश दुनिया के कई शहरों में सांस के रोगी लगातार बढ़ रहे हैं। स्वच्छ प्राण वायु मिल पाना मुश्किल हो रहा है ।देश की राजधानी दिल्ली एक प्रमुख उदाहरण है ।शिविर का समापन पूर्व प्रधानाध्यापक सीता शरन विश्व कर्मा ने किया। वीरेंद्र बहादुर सिंह, अंजनी कुमार तिवारी,शकीना बानो, मिथिलेश, मनसा देवी आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**अमेठी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा जनपद में नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही है। मंगलवार प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत ने परीक्षा केंद्र श्री रणन्जय इंटर कॉलेज गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रांग रूम, परीक्षा कक्ष, विद्युत व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा एवं केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से चलती पाई गई। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम के माध्यम से विद्यालय के समस्त कक्षों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए।

## लालगंज-रायबरेली हाईवे पर हुई दुर्घटना में सभी मृतकों की हो गयी है शिनाख्त

**लालगंज, रायबरेली।** सोमवार को लालगंज- रायबरेली हाईवे पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना के सभी मृतकों की पहचान हो गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया सड़क दुर्घटना में महेश नगर लालगंज निवासी रजनीश उर्फ मोनू पुत्र उमाशंकर, थाना खीरों गांव एकौनी निवासी निगम बेड़िया पुत्र जैपाल और दिनेश बेड़िया पुत्र सहदेव, लालगंज सराफा मंडी निवासी गिरजा शंकर सोनी पुत्र रामदुलारे, जताई का पुरवा भोजपुर थाना सरेनी निवासी रमनदीप काशी पुत्र रामगोपाल की मौत हुईहै। कोतवाल ने बताया सभी मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। गौरतलब है कि सोमवार सुबह 10 बजे के करीब लालगंज ऑटो रिक्शा में 10 सवारी बिठाकर ड्राइवर रजनीश शर्मा लालगंज से रायबरेली जा रहा था तभी बरस गांव के सामने डंपर ट्रक ने ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी थी जिसके चलते मौके पर ही ऑटो रिक्शा चालक रजनीश शर्मा सहित चार लोगों की मौत हो गई थी और एक की मौत एम्स अस्पताल में दौरान इलाज हुई थी। अभी भी एक युवक एम्स अस्पताल में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है, उसकी पहचान भी नहीं हो पाई है। इसके अलावा ऑटो रिक्शा में बैठी पांच सवारी भी घायल हुई थी जो इलाज करा कर अपने घर चली गई हैं।

### टहलते समय युवक पर कुत्ते ने बोला हमला

**हरचंदपुर, रायबरेली।** घर के बाहर खड़े एक युवक पर कुत्ते ने हमला बोल दिया ।कुत्ते के हमले से युवक घायल हो गया ।जिसे आनन फानन नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। पूरा मामला बरगदहा गांव का है जहां श्यामू पुत्र लक्ष्मण घर के बाहर टहल ही रहे थे कि तभी एक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया और जब लोगों ने कुत्ते को दौड़ाया तो कुत्ता वहां से भाग गया। श्यामू के पैर में कुत्ते ने काटा तो घाव बन गया। परिजन आनन फानन घायल श्यामू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरचंदपुर ले जाया गये। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करके घर भेज दिया।

# अवध यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रदर्शनी में केएनआई को मिला प्रथम स्थान



● डॉ राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी में मोटे अनाज पर लगाई गई थी बृहद प्रदर्शनी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि फैजाबाद में स्वर्ण जयंती समारोह के तहत एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मोटे अनाज को बढ़ावा देना था। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन विवि की कुलपति प्रतिभा गोयल व कुलसचिव उमानाथ जी के मार्गदर्शन में हुआ।

प्रदर्शनी में विभिन्न कॉलेजों से आए छात्रों ने मोटे अनाज से बने विभिन्न खाद्य पदार्थों को प्रस्तुत किया। विवि परिसर में लगभग 100 स्टाल लगाए गए, जिनमें सुलतानपुर के केएनआई संस्थान के छात्रों द्वारा बनाए गए मोटे अनाज के लड्डू, बिस्किट, इडली और ढोकला ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और इन विशेष उत्पादों के लिए सुलतानपुर के के एन आई संस्थान की छात्रों कु. अंकिता यादव और कु. खुशबू वर्मा को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों ने इन उत्पादों को डॉक्टर अन्विता सिंह, सहायक प्राध्यापिका गृह विज्ञान के मार्गदर्शन में तैयार किया था। कमला नेहरू संस्थान के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में उनके संस्थान द्वारा लगाए गए स्टाल को राज्यपाल ने सबसे उच्च कोटि का माना। इसके बाद, संस्थान के बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि सुलतानपुर के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि प्रदर्शनी में एक ही प्रथम पुरस्कार का प्रावधान था और यह पुरस्कार सुलतानपुर के छात्रों को प्राप्त हुआ।

## बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन

**अमेठी।** बोधगया में चल रहा महाबोधि विहार मुक्ति आंदोलन अब शहर से गांव तक पहुंच रहा है। बुद्ध की ज्ञान स्थली पर हिंदू महंतों के अवैध कब्जे और आमरण अनशन कर रहे बौद्ध भिक्षुओं के साथ अमानवीय व्यवहार, पुलिस की मदद से आंदोलन को कुचलने के सरकारी प्रयास की चर्चा हर गांव में है। महाबोधि विहार को बौद्धों को सुपुर्द करने और बी टी एम सी एक्ट को समाप्त कर नया प्रबंधन अधिनियम बनाने के लिए बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क ने चरण बंद आंदोलन शुरू किया है ??। पहले चरण में बौद्धों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया है। सात सूत्रीय ज्ञापन में महाबोधि मंदिर प्रबंध समिति अधिनियम - 1949को रद्द करने , महाबोधि विहार मंदिर परिसर से शिवलिंग हटाने, महाबोधि विहार को बौद्धों के सुपुर्द करने के साथ ,देश की चुनाव प्रक्रिया से ईवीएम को हटाते हुए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग शामिल है। बौद्धों का कहना है कि महाबोधि विहार को 1897 में ही विश्व धरोहर घोषित किया जा चुका है ।फाह्यान और ह्वेनसांग के सफरनामे और ए एस आई की उत्खनन रिपोर्ट में भी यह स्थल बौद्ध स्थल साबित हुआ है। सम्राट अशोक ने परिसर में एक महल भी बनवाया था ।इस महल के इतिहास को उजागर करते हुए महाबोधि विहार को बौद्धों के सुपुर्द किया जाना चाहिए। आंदोलन के द्वितीय चरण में 8मार्च को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन,22मार्च को प्रदर्शन रैली,9अप्रैल को जेल भरो आंदोलन और एक जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया गया है। ज्ञापन देते समय जग प्रसाद कोरी, राम चन्द्र मौर्य,हरिनाथ बौद्ध, तुलसी राम शास्त्री, हरिश्चंद्र,राम मिलन मौर्य, गुरु प्रसाद बौद्धाचार्य , अखिलेश कुमार, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पत्नी पीठ पर लादकर दिव्यांग पति को सीएमओ ऑफिस पहुंची विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने



**रायबरेली।** सीएमओ ऑफिस का एक वीडियो सामने आया जो व्यवस्था की पोल खोलकर रख दे रहा है। यहाँ एक महिला अपने दिव्यांग पति का विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिये उसे पीठ पर लादकर इधर उधर भटकती दिख रही है। महिला अपने पति का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिये सीएमओ ऑफिस आई थी।

यह मामला सोमवार का है। सोमवार को सीएमओ ऑफिस में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का साप्ताहिक दिन निर्धारित किया गया है। पहली बार सीएमओ ऑफिस आई महिला को जानकारी नही थी कि उसे पति का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिये इतनी मुश्किलें झेलनी पड़ेगी। ऑफिस में मेडिकल के लिये उसे इधर से उधर तहलाया गया जिसमें उसे मजबूरन पति को पीठ पर लादकर इधर से उधर भटकना पड़ा। यहाँ व्हील चेयर की व्यवस्था नही थी। यदि होती तो उसे इस प्रकार से परेशान न होना पड़ता। थाना हरचंदपुर क्षेत्र देदोर की रहने वाली रिंकी ने बताया कि वह सोमवार को पति का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिये सीएमओ कार्यालय आई हुई थी। व्हील चेयर की कोई व्यवस्था न होने के कारण उसे मजबूरी में पति को पीठ पर लादकर करके इधर से उधर जाना पड़ा। वह चाहती हैं कि सीएमओ ऑफिस में उसके पति का दिव्यांग प्रमाण पत्र बन जाये और यहां जो भी अव्यवस्था है उसमें सुधार किया जाए ताकि दिव्यांग को सुविधा मिल सके। इस मामले में सीएमओ डॉ नरेश चन्द्रा का कहना है कि सोमवार को एक महिला अपने पति का दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने के लिए सीएमओ ऑफिस आई थी। सीएमओ ऑफिस में दिव्यांग प्रमाण पत्र कार्यालय के बाहर व्हीलचेयर की सुविधा दी गई है। हो सकता है उस दिन उस महिला को वह व्हिक चेयर दिखाई न दिया हो या उसने किसी से पूछा न हो। बाकी सोमवार को सभी दिव्यांग यहां आते हैं उन सभी को यह जानकारी है कि यहां व्हीलचेयर की सुविधा रखी गई है।

## रंगदारी मांगने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर व उसका भाई गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईंगंज पुलिस ने मंगलवार को रंगदारी मांगने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर सहित दो सगे भाइयों को जेल भेज दिया। दोनों भाइयों पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने रविवार को रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने की धारा में केस दर्ज किया था।



थानाक्षेत्र भरथीपुर निवासी विजय शंकर पाण्डेय पुत्र हनुमान दीन पाण्डेय ने गांव के सगे भाई अब्दुल रहमान, अब्दुल जब्बार के ऊपर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। पुलिस को आरोपितों की तलाश थी। सोमवार देरशाम को थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव, हेडकांस्टेबल आखिर सिंह और कांस्टेबल रोहित सिंह के साथ आरोपितों को भरथीपुर नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया अब्दुल जब्बार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर पूर्व में गुंडा एक्ट और माफिया की कार्रवाई की जा चुकी है। आरोपित के ऊपर जनपद के विभिन्न थाने में हत्या, जनलेवा हमला, गैंगस्टर सहित करीब 20 आपराधिक मुकदमा दर्ज है। वहीं उसके भाई अब्दुल रहमान के ऊपर हत्या और जनलेवा हमला, गैंगस्टर एक्ट सहित पांच मुकदमे दर्ज है। दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## बालिकाओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट व महिला के कानूनों के प्रति किया गया जागरूक



**रायबरेली।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर कंपोजिट विद्यालय भुएमऊ में पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट एवं महिला केन्द्रित कानूनों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी/तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल बेटियों के अधिकारों की रक्षा करने में मदद करता है, बल्कि समाज में उनकी स्थिति को भी सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बेटियां बेटों से कम नही है बेटियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास कराना चाहिए जिससे बेटियां पढ़कर आगे बढ़ सके। साइको काउसलर रोमा परवीन द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल द्वारा बताया कि महिला कल्याण संचालित योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, महिला हेल्पलाइन नं0 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर आदि जानकारी के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित बालिकाओं को बताया गया है।

## सुलतानपुर के आशुतोष मिश्रा ने राष्ट्रीय युवा संसद में केंद्रीय मंत्री की निभाई भूमिका

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा संसद में सुलतानपुर जिले के बल्दीराय ब्लाक के सैनी गांव निवासी आशुतोष मिश्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका निभाते हुए गृह मंत्रालय का काम संभाला। आशुतोष ने सदन में सरकार का पक्ष रखते हुए विपक्ष की भूमिका को भी स्पष्ट किया और भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, रोजगार, गरीबी उन्मूलन, महिला रोजगार दर, गिग वर्कर्स, कौशल विकास, स्टार्टअप्स, और एक जिला एक उत्पाद जैसी योजनाओं पर जोर दिया। आशुतोष ने अपनी सरकार में ष्लोकल फॉर वोकलष की अवधारणा को प्राथमिकता देने की बात की और प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने के वादे को आगे बढ़ाया। इस प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए आशुतोष को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला, लोकसभा सदस्य प्रणीति शिंदे, पूर्व संयुक्त सचिव रवि गरिमाला और केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट भी उपस्थित रहे।




# श्रीराम कथा में मिलता है पावन चरित्र का वर्णन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे पूज्य कथा व्यास रवि मोहन दास जी महाराज ने भगवान राम की सुंदर बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम की बाल लीलाएं अत्यंत सुंदर और कलाओं से पूर्ण हैं। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि कैसे लक्ष्मण जी बचपन से ही राम जी के चरणों में प्रीति रखते थे और भरत-शत्रुघ्न में स्वामी और सेवक के बीच प्रीति थी।



कथा व्यास ने भगवान राम के रूप, उनके सुंदर बालों और ललित बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। वे बताते हैं कि भगवान के चेहरे पर दिव्य ज्योति थी, और उनका श्यामवर्ण, मुस्कान, और शारीरिक सौंदर्य अनुपम थे। माता कौशल्या अपने पुत्र राम को गोदी में प्यार करतीं और उनका पालन-पोषण बड़े प्रेम से करतीं। कथा व्यास ने बताया कि राम की बाल लीलाओं ने न केवल माता-पिता को सुख और संतोष दिया, बल्कि नगरवासियों के जीवन में भी आनंद का संचार किया। गुरु जी ने बाल रामचंद्र जी की कथा के माध्यम से छात्रों में नैतिक मूल्यों की स्थापना की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी बबलू, पत्रकार संतोष पाण्डेय, हरि शंकर तिवारी, राजेश पाण्डेय फौजी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तगण कथा श्रवण के लिए प्रोत्साहित किए गए।

### सड़क सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान

**लंभुआ, सुलतानपुर।** संजय गाँधी कॉलेज चैकिया में सुलतानपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने राहगीरों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए प्रेरित किया।

प्राथमिक विद्यालय तेरयें में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर राहगीरों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्वयंसेवकों ने हेलमेट और सीटबेल्ट बंधवाकर नागरिकों को संदेश दिया कि जीवन अमूल्य है इसको सड़क पर गवाना उचित नहीं है। स्वयंसेवकों ने हर्षिता शुक्ला, विभव प्रताप सिंह, श्रेया तिवारी, शिक्षा बरनवाल, काजल भारती, महेश के साथ टोली बनाकर रैली निकाली। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्म विजय सिंह, डा. शीला सिंह, बिपिन यादव, ओम प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

## 28 घंटे पहले गायब बबलू की लोन नदी में लाश मिलने से मचा हड़कंप

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के सरैला गांव के सामने लोन नदी में मनरेगा मजदूर की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और शव को लोन लेने से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बबलू पुत्र हरीशंकर की मौत प्रथम द्दष्टया डूबने से लगती है। फिर भी मौत के सही कारणों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा। वही प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई दीपक की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। दीपक ने लालगंज पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसका भाई बबलू सोमवार सुबह 6 बजे से गायब था। उसकी लाश लोन नदी में मिली है। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के सरैला मजरे मीठापुर गांव निवासी बबलू कुमार रैदास (33) पुत्र हरीशंकर मनरेगा में मजदूरी करता था और गांव में भी इधर-उधर मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालता था। सोमवार सुबह 6बजे वह घर से किसी के खेत में पानी लगाने की बात कह कर निकला था लेकिन जब वह शाम तक नहीं आया और उसका फोन भी स्विच ऑफ था तो घर वालों ने ढूंढना शुरू किया लेकिन खोज न पाने के चलते मंगलवार सुबह बबलू का भाई दीपक लालगंज कोतवाली पहुंचा और उसने मामले की सूचना प्रभारी निरीक्षक को दिया हालांकि तभी गांव से पता चल गया कि उसकी लाश लोन नदी के पानी में किनारे पतवार के नीचे पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह दीपक को लेकर मौके पर पहुंचे और लोन नदी से लाश को बाहर निकलवाया।

संक्षेप

## एनएसएस छात्रों को किया जागरूक

**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकंदरा टूंडला एटा रोड फिरोजाबाद की ओर से नगला मुरली में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के छठवें दिन स्वयं सेवक सेविकाओं ने युवा शक्ति को विकसित करने के लिए जैसे साक्षर कौशल मिशन, कृषि क्षेत्र डिजिटल शक्ति आदि के बारे में जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीपी सिंह ने युवाओं, ग्रामीणों को बेहतर भविष्य हेतु संचार के आधुनिक साधनों का उपयोग करने हेतु सुझाव दिये। कॉलेज प्रबंधन डॉक्टर डीपी सिंह द्वारा स्वयंसेवक सेविकाओं को संचार साधनों को शिक्षा के क्षेत्र में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

इंजीनियर प्रोफेसर अनूप कुमार ने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को डिजिटल बनाने की तकनीक तथा उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बौद्धिक शास्त्र समाजशास्त्र प्रवक्ता प्रोफेसर दीक्षा शर्मा ने युवा विकसित भारत में डिजिटल के महत्व के बारे में स्वयंसेवक/सेविकाओं को विस्तार से जानकारी दी। कॉलेज की अंग्रेजी प्रवक्ता प्रोफेसर पूजा सिंह ने विकसित भारत में युवा शक्ति की क्या क्षमता होती है पर अपने विचार प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य युवाओं के हाथों में है।

## मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को 1 किलो 648 ग्राम अवैध चरस एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। थाना दक्षिण पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त शिवम उर्फ शिवा यादव पुत्र अमर सिंह यादव को रेलवे लाइन मुरली नगर के पास से 1.648 किग्रा अवैध चरस एवं तस्करी में प्रयुक्त स्पलेण्डर मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया,गिरफ्तार अभियुक्त अपने 4अन्य साथियों नरेन्द्र यादव पुत्र अमर सिंह,प्रमोद राठौर अरविन्द उर्फ हब्बा उर्फ टिन्ना के साथ संगठित गिरोह बनाकर अवैध चरस की तस्करी करता है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर कार्यवाही की है।

## संभल के न्यायालय के फैसले का सनातनियों ने किया स्वागत

**मथुरा।** आज वृंदावन में चिंतामणि कुंज, प्रेम मंदिर के पास में सभी सनातनी और संतो द्वारा सम्भल के न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मंदिर का केस लड़ रहे पक्षकार दिनेश फलाहारी ने कहा कि न्यायालय सबूत के आधार पर फैसला दिया है, मुस्लिम पक्ष के पास सबूत न होने के कारण न्यायालय ने हिंदू पक्ष में अपना फैसला सुनाया है और उस स्थान को विवादित ढांचा माना गया है। आचार्य बद्रीस जी महाराज ने कहा कि मुगल शासको द्वारा हमारे हिंदू मठ मंदिरों पर अवैध कब्जा किया गया था,अब न्यायालय के माध्यम से हम बहुत जल्दी अपने मंदिरों को वापस लेंगे। आचार्य अतुल कृष्ण दास ने कहा कि यह मुगल शासक बहुत ही निर्दयी थे और उन्होंने हमेशा से हमारे सनातन धर्म को नष्ट करने का प्रयास किया था, महामंडलेश्वर दशरथ नाथ महाराज ने कहा कि अब समय आ गया है कि हिंदू जाग रहा है और न्यायालय में अपने मंदिरों को वापस करने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। आचार्य ज्ञानेश महाराज ने कहा कि हिंदुस्तान में जितने भी मंदिरों पर कब्जे हुए थे अब उन सभी मंदिरों को न्यायालय द्वारा वापस लेंगे।

# 7, 10, 12 और 14 मार्च को होंगे विशेष आयोजन

## द्वारकाधीश मंदिर में होंगे होली के विशेष कार्यक्रम



- ठाकुर जी एकादशी के दिन कुंज में एकादशी के कुंज में होली खेलेंगे

**मथुरा।** ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉक्टर वागीश कुमार महाराज के आदेश अनुसार मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण होता है उसी के तहत सभी कार्यक्रम विधि-विधान से प्रारंभ होते हैं 7 मार्च को होलिका अष्टक प्रारंभ होंगे और उसे दिन ठाकुर द्वारिकाधीश जी महाराज यमुना घाट पर विराजमान होकर होली खेलेंगे अर्थात ठाकुरजी के समक्ष यमुना जी बनाई जाएगी और यह विशेष दर्शन प्रातः काल 10 बजे से 11 बजे तक होंगे और होलीका अष्टक प्रारंभ होने के साथ ही ठाकुर जी स्वर्ण और रजत पिचकारी से शुद्ध टेसू के फूलों से होली खेलेंगे और यह प्रसादी जो अभी तक भक्तों को नहीं मिल रही थी वह 8 मार्च से प्रतिदिन राजभोग के दर्शन में 10 बजे से 11 तक भक्तों पर भी प्रसादी के रूप में आएगी और 10 मार्च को ठाकुर जी एकादशी के दिन कुंज में एकादशी के कुंज में होली खेलेंगे। 12 मार्च को बगीचे का आयोजन होगा और और 14 मार्च को डोल महोत्सव के साथ होली के सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे।

इस दौरान सभी भक्तजनों से विनम्र निवेदन है कि वह मंदिर की मयार्दा का ख्याल रखते हुए, मंदिर में वृद्ध लोग गर्भवती महिला और बच्चे अगर संभव हो तो ना आए और मंदिर में आने वाले श्रद्धालु अपने पास से किसी भी प्रकार के रंग पिचकारी या गुलाल लेकर ना आए। पुष्टिमार्ग संप्रदाय में भाव के अनुसार ठाकुर जी पर चढ़ाए हुए रंग का ही प्रयोग होता है और एक विशेष निवेदन ठाकुर जी को जो परंपरा के अनुसार रसिया गायन होता है। उसे रसिया गायन का भी आनंद ले अपनी ओर से किसी भी प्रकार की कोई ऐसी व्यवस्था न करें जिससे के रसिया गायन में किसी प्रकार का कोई विघ्न आए मयार्दा का ख्याल रखते हुए भक्त दर्शन करें।

# हाथ-पैर बांधे, फिर चाकू से गला काटा

- बहन को इसलिए दी खौफनाक मौत, ताकि भांजे को पता रहे उसने बड़ी गलती की

**आगरा।** टेढ़ी बगिया (ट्रांस यमुना) में भांजे के साथ पत्नी के चले जाने पर नाराज युवक ने रविवार रात बहन गीता देवी (45) की हत्या कर दी। आरोप है कि घर में हाथ-पैर बांधने के बाद चाकू से गला रेत डाला। इसके बाद शव को प्लास्टिक के बोरे में बंदकर प्लॉट में फेंक दिया। सोमवार सुबह पता चलने पर पुलिस ने देर रात उसे गिरफ्तार किया। वह बेटे के साथ दिल्ली भाग गया था। डीसीपी सिटी सूरज राय का कहना है कि हत्या के पीछे मृतका के पुत्र के अपनी मामी से अवैध संबंध हैं। माता वाली गली, टेढ़ी बगिया निवासी प्रताप सिंह मजदूरी करते हैं। उनके दो बेटे कुलदीप और भूरा हैं। बेटी खुशी की शादी हो चुकी हैं। प्रताप सिंह ने बताया कि पत्नी गीता देवी का भाई रवि, अपनी पत्नी और बच्चे के साथ 10 महीने पहले पड़ोस के एक मकान में किराये पर रहने आया था। रवि भी मजदूरी करता है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि भूरा के अपनी मामी से प्रेम संबंध हो गए। 16 फरवरी को भूरा मामी के साथ चला गया। तलाश में वे बल्लभगढ़ (हरियाणा) में मिले। 24 फरवरी को भूरा को ले आए, तब रवि की पत्नी ने आने से मना कर दिया। दो दिन बाद परिवार के लोग उसे भी समझाकर ले आए। मामला थाने तक पहुंचा। 28 फरवरी को पति और बच्चे को छोड़ भूरा के साथ वह दोबारा चली गई। यह बात रवि को खराब लगी। वह बेटे को भी साथ नहीं रखना चाहता था। उसने रविवार को गीता देवी को अपने पास बुलाया।

प्रताप सिंह ने बताया कि वह काम करके घर आए तो गीता नहीं थीं। उन्होंने कॉल किया तो बताया कि वह रवि के साथ मायके धनौली आई हैं। रात तक आ जाएगी। सोमवार सुबह 6 बजे महावीर के मकान में किराएदार संतोष की पत्नी जूली प्लॉट में कूड़ा फेंक रही थीं। उनकी नजर कूड़े के ढेर में पड़े बोरे पर गई। बोरे से बिछिया पहनी महिला के पैर दिख रहे थे। जानकारी पर लोग जुट गए। बोरा देखा तो गीता देवी का शव मिला। बेटे कुलदीप ने बताया कि गीता देवी का गला रेता गया था। हाथ-पैर भी रस्सी से बंधे थे। आशंका है कि रवि ने साजिश के तहत गीता को बुलाया और हत्या कर दी। बोरे के पास में खून से सना चाकू पड़ा था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर रवि के घर का ताला तोड़ा। कमरे में संघर्ष के निशान मिले। फर्श पर गीता की चूड़ियां टूटी थीं। रवि ने बहन को बहाने से बुलाया था।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**फिरोजाबाद।** यातायात पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर एडीफाई स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ सुभाष चौराहे पर बिना हैलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पुष्प देकर हैलमेट पहनने एवं पेट्रोल पम्प पर सेल्समैनों को भी पुष्प देकर बिना हैलमेट पहनने वालों को पेट्रोल न देने की अपील की गयी। इस दौरान यातायात पुलिस ने लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया जिसमें उन्होंने बताया कि सुरक्षित यातायात के लिए हैलमेट का सदैव प्रयोग करें, तीन सवारी न बैठायें , यातायात सिग्नल का सदैव पालन करने, नशे में गाडी न चलायें,गाडी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने साथ ही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की थीम अपनाये जाने हेतु जागरुक किया गया।

## पहले पत्नी, फिर पति ने की आत्महत्या

**आगरा।** बेटी की मौत से गुस्साए मायके वालों ने ससुराल वालों को पीट दिया। ये देख दहशत में आए दामाद ने भी जान दे दी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना डौकी के गांव कांकर में विवाहिता ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही मायके वाले आ गए। विवाहिता की लाश को देख वे गुस्से से आग बबूला हो गए। मायके वालों ने बेटी के ससुराल वालों के साथ मारपीट शुरू कर दी। ये देख दामाद ने भी फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। गांव कांकर निवासी लवकुश की पत्नी राखी ने फंदा लगाकर जान दे दी। घरवालों ने जब उसका शव कमरे में लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर मायके वाले पहुंच गए। हत्या का आरोप लगाते हुए राखी के घरवालों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान मायके वालों ने लवकुश के घरवालों के साथ मारपीट कर दी। ये देख लवकुश दहशत में आ गया। लवकुश घर से भाग निकला और खेत में जाकर उसने भी फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। उसकी मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।थ सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के पीछे पति-पत्नी में आपसी विवाद बताया जा रहा है। दो दिन पहले ही विवाहिता अपने जीजा के यहां से शादी समारोह में शामिल होकर लौटी थी, तभी से दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा है। शादी को एक साल हुआ है।

## तीन सिपाहियों की करतूत में फंस गयीं एसओ पर्यटन पुलिस अधिकारी को नोटिस, कार्रवाई की तलवार

**आगरा।** तीन सिपाहियों की करतूत के चक्कर में एसओ पर्यटन भी फंस गए हैं। उन्हें नोटिस दिया गया है। माना जा रहा है कि इस मामले में एसओ पर भी कार्रवाई हो सकती है। आगरा के थाना पर्यटन से लाइन हाजिर हुए तीन सिपाही बिना अनुमति 60 विदेशी पर्यटकों को ताजमहल दिखाने गए थे। इस मामले में एसओ पर्यटन प्रीति चौधरी पर भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। उन्हें नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वह सीसीटीवी फुटेज में आरोपी सिपाहियों के साथ देखी गईं थीं। इस मामले में 21 फरवरी को सिपाही वेदांत, दीपक और हिमांशु को निलंबित किया गया था। मामले में एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने प्रारंभिक जांच में तीनों सिपाहियों को दोषी पाया। विदेशी पर्यटकों को जिस दिन घुमाया गया, उस दिन के सीसीटीवी फुटेज देखे गए। शाम के समय एसओ पर्यटन प्रीति चौधरी से तीनों सिपाही मिले थे। प्रथम द्दष्टया उन्हें भी दोषी मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ताकि उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की जा सके। हालांकि यह नहीं पता चला कि सिपाही किसके कहने पर गए थे। ताजमहल के आसपास कमीशन का खेल चलता है। इस मामले में सिपाहियों की संलिप्तता की भी बात सामने आ रही है। हालांकि अभी जांच जारी है।

## डीएम ने सिरसा नदी के जीर्णोद्धार कार्य सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ मंगलवार को जनपद के महत्वपूर्ण जन हितैषी स्थलों का निरीक्षण किया,इस दौरान उन्होंने ग्राम असुआ विकासखंड शिकोहाबाद में प्रधानमंत्री आवास सर्वे की स्थितियों को देखा,साथ ही इस योजना में लाभान्वित लाभार्थियों के साथ वार्ता भी की, डीएम ने इस अवसर पर कहा कि हमारा प्रयास है कि हर पात्र व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिले, कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न हो साथ ही साथ हमें यह भी प्रयास करना चाहिए कि कोई अपात्र व्यक्ति इस योजना से लाभान्वित न हो, उन्होंने परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी को निर्देशित किया कि ग्राम असुआ में मजरा अनुसार सचिवों की ड्यूटी लगाई जाए, जिससे सभी पात्रों का चुनाव करके इस योजना से उन्हें आच्छादित किया जा सके। डीएम इस बात पर बेहद प्रसन्न नजर आऐं यहां पर जो भी आवास आवंटित हुए हैं, वह सब मातृशक्ति के नाम पर हैं, जो हमारे प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार है, उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना में गांव के प्रधान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, इससे पूर्व परियोजना निदेशक ने इस योजना के बारे में वहां उपस्थित नागरिकों को विस्तार से जानकारी दी।जिलाधिकारी ने इसके पश्चात्यहां चल रहे सिरसा नदी के पुनरोद्धार के कार्य को भी देखा, डीएम ने वहां उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का दायित्व है कि जनपद की इस महत्वपूर्ण नदी को पुनर्जीवित करने में अपना योगदान करें, उन्होंने सभी युवाओं का भी आह्वान किया वह भी अपना श्रमदान इस महत्वपूर्ण योजना में करें, यह नदी जनपद में 108 किलोमीटर में फैली है, इसलिए इस नदी को पुनर्जीवित करना हम सभी का दायित्व है, उन्होंने वहां चल रहे नदी के जीर्णोद्धार के कार्य को भी देखा और निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, कार्य निरंतर और जन सहयोग से संचालित होता रहे, इसके अलावा डीएम इसी कार्य को देखने ग्राम सभा चिरहुली विकासखंड मदनपुर भी गए, जहां पर उन्होंने सी को निर्देशित किया कि इस नदी की पटरी को 5 फुट चौड़ा किया जाए,साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जगह-जगह चेक डैम बनाए जाए, साथ ही नदी की सफाई कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।

## लगातार जरूरतमंदों की सेवा का कार्य कर रही है स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी



**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी मथुरा से जो कि लगातार जरूरतमंदो की सेवा का कार्य कर रही है हर बहन-बेटी को सशक्त, मजबूत बनाने के लिए एस.एफ सोसाइटी हर संभव प्रयास करती है। किसी गरीब की मदद करनी हो या किसी बेटी की शादी करानी हो, सदैव ही इस नेक कार्यो के लिए आगे रहती है। सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्या अंकिता शर्मा ने बताया एस.एफ एनजीओ द्वारा चल रहे प्रोजेक्ट लाडो के तहत आज तेल मिल वाली गली , छगनपुरा,मथुरा में रहने वाली बेटी का कन्यादान किया गया और बताया की सामाजिक परिवेश में एक-दूसरे की मदद करना हमारी परंपरा में शामिल है। जब इसकी जानकारी मिली तो सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य तुषार बंसल ने सदस्यों के साथ उस बहन के घर पहुँचकर शुभ विवाह हेतु योगदान में उनके उपयोगी सभी महत्वपूर्ण वस्तुओं में जैसे दावत के लिए राशन का सामान, पायल, बिछिये, मिक्सी, पंखा, 5 बर्तन, स्टील की टंकी, गैस स्टोव, प्रैस, श्रृंगार का सामान, 7 साड़ियां, 2 जोड़ी लड़के के कपड़े, एक बेडशीट, कंबल, ट्राली बैग ,इलेक्ट्रॉनिक केटल,और कुछ गिफ्ट और जरूरत का सामान एवं योगदान के रूप में कुछ रुपये नगद भेंट कर उनकी सहायता की एवं हर संभव मदद करने का आश्वाशन भी दिया। पियूष बंसल जी ने कहा कि कन्यादान करना सबसे बड़ा महादान है। एक जरूरतमंद व्यक्ति की बेटी की शादी करके बहुत बड़ा पुण्य कमाया जाता है।

संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता द्वारा बताया गया कि कन्यादान की सूचना संस्था के पास 2 महीने पूर्व आ जाती है जिसे संस्था के सदस्य द्वारा सुनिश्चित करने के बाद सभी के सहयोग से लाडो का कन्यादान किया जाता है, अंत में दिशा इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल ने बहन के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए सभी सदस्यों एवं सहयोग कताओं की तरफ से हार्दिक शुभकामनायें दी। आज के इस शुभ कार्यक्रम में बहुत लोगों का सहयोग।

## लोकसभा अध्यक्ष ने प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने राजनैतिक के साथ गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया, उन्होंने शिक्षा-चिकित्सा जैसा महत्वपूर्ण काम किया है। देशभर के विश्वविद्यालय में गया हूं लेकिन मुझे पहला केएम विवि मिला जहां हमारी बेटियां को निःशुल्क शिक्षा, संस्कार प्राप्त हो रहा है। ये बेटियां देश और दुनिया में विस्तार करेंगी। राष्ट्र निर्माण, समाज में परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाएंगी। सामाजिक बदलाव से राष्ट्र बदलेगा। यह बात आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने केएम विविके प्रशासनिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में कही।

लोकार्पण कार्यक्रम में केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, विवि के वाइस चांसलर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया एवं अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज शाम गोवर्धन से होते हुए केएम विवि पहुंचे, यहां उन्होंने विवि के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उनका विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, जिपंअध्यक्ष के सुपुत्र पार्थ चौधरी, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल ने फूलमाला पहनाकर व बुग्गे देकर जोरदार स्वागत किया। इस पश्चात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विवि के फैकल्टी व विवि के डींस, प्रोफेसर सहित अन्य के साथ फोटो खींचवाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान स्वागत करने वालों में नगर पंचायत सौंख पूर्व चेयरमैन भारत सिंह, पाली डूंगरा ग्राम प्रधान कुंवर महीपाल, नीरज शर्मा, मनोज ओझा, एडमीशन डायरेक्टर प्रमोद कुंतल, डींस डा. धर्मराज, अजय तौमर, आरके शर्मा, डा. मनी, डा. नवसंगीत, प्रतीक, रणवीर, डा. दिवाकर, संजू वाला, अनिल चतुवेर्दी, प्रीति बोरपाल, पूजा चैधरी, रानी पालीवाल, दिव्या, शिवानी, शीतल, रेखा, भावना, समीक्षा, आकांक्षा, अभिष्का, समस्त संकायों के प्रोफेसर, डींस आदि सहित हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा।

## टेंपो में बस ने मारी टक्कर दो की मौत, 3 घायल

**मथुरा।** मथुरा भरतपुर मार्ग पर पारसी के निकट बस की टक्कर से टैंपो सवार दो लोगों की मौत हो गई। और चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। इन्हें उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाइवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत भरतपुर मार्ग स्थित पारसी चौराहे पर रात्रि लगभग दस बजे भरतपुर से मथरा की ओर आते टेंपो में सामने से प्राइवेट बस ने जोरदार से टक्कर मारी जिससे टैंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। उसमें सवार लोगों के चीखपुकार सुनआसपास के दुकानदार और ग्रामीण एकत्रित हो गए। घायलों के सड़क पर पड़े होने के कारण लगभग एक घंटे तक मथुरा-भरतपुर मार्ग आवागमन के लिए बाधित रहा। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने श्यामवीर सिंहपुत्र राम निवास निवासी नावली, नौहझील, परमानंद पुत्र जय प्रकाश निवासी बलदेव को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में टेंपो चालक रवि निवासी जघीना भरतपुर या दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। वहीं दूसरा मृतक परमानंद साड़ी फैक्ट्री में कार्यरत था और खाटू श्याम के दर्शन के उपरांत टैंपो से मथुरा लौट रहा था।

### मुठभेड़ में दबोचे दो शातिर

**मथुरा।** छाता पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ से अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर 2 बदमाश गिरफ्तार हुए है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण, अवैध शस्त्रों का अर्धनिर्मित सामान बरामद किये गये। एसएसपी शैलेश पांड़े ने बताया कि छाता पुलिस और एसओजी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना दद्दीगढी से पहले निमार्णाधीन कालौनी नाला के किनारे बने अर्धनिर्मित मकान के पास से कुछ व्यक्ति अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे हैं। जिस पर छापामारी करते हुये बदमाश रोहित पुत्र हाकिम सिंह निवासी नगला लोका थाना महावन, हेमन्त पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी दीपपुरम कालौनी औरंगावाद थाना सदर बाजार पैर में गोली लगने से घायल कर गिरफ्तार किये गये।

## जनपद न्यायालय में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन



**फिरोजाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को जनपद न्यायालय के केन्द्रीय सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 08-03-2025 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से प्रेस वार्ता आयोजित की गयी।जिसमे राजीव सिंह नोडल अधिकारी अपर जनपद न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि दिनांक 08-03-2025 को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रशासन द्वारा अब तक राजस्व के 38260 वाद अन्य विभागों द्वारा 65445 वाद चिन्हित किये गये हैं तथा बैंक ऋण सम्बन्धी 39813 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। टेलीफोन के बकाया मामलों में बीएसएनएल द्वारा 1618 वाद चिन्हित किये गये हैं,पक्षकारों को नोटिस प्रेषित किये गये हैं,पक्षकार बिल को अदा कर राष्ट्रीय लोक अदालत में अनुमन्य छूट का लाभ उठा सकते हैं,ऐसे ही विद्युत सम्बन्धी वादों में 554 वाद चिन्हित किये गये हैं, पक्षकार जिनके विद्युत चोरी सम्बन्धी वाद विचाराधीन हैं वे इस लोक अदालत में विद्युत बिल का भुगतान कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक 21882 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण द्वारा 72 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं जिसमें पक्षकारान एवं समस्त बीमा कम्पनियों के मध्य वार्ता हेतु प्रीट्रायल बैठकें आयोजित की गयी हैं। परिवार न्यायालयों के वैवाहिक वादों में कुल 200 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। इसी क्रम में कई प्रीट्रायल बैठकें आयोजित की गयी हैं। पेटी आफेंस के वादों हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत दिनांक 05-03-2025, 06-03-2025 व 07-03- 2025 को तथा आबीर्टेशन वादों हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत दिनांक 08-03-2025 को भी आयोजित की जा रही है।पीयूष सिद्धार्थ अपर जनपद न्यायाधीश सचिव द्वारा यह अवगत कराया गया कि बैंक के ऋण सम्बन्धी लगभग 36522 वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित किया गया है। बैंक ऋण सम्बन्धी वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय के प्रांगण में विभिन्न बैंकों के स्टाल लगेंगे,जिसमें वादकारी अपने ऋण सम्बन्धी वादों को समझौते के आधार पर तत्काल समाप्त करा सकते हैं। इसी प्रकार ट्रैफिक चालान एवं परिवहन विभाग से सम्बन्धित चालान के निस्तारण हेतु आने वाले जनमानस की भीड को देखते हुए जनपद न्यायालय पर ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग से सम्बन्धित स्टालों की स्थापना की जाएगी। जहाँ पर ट्रैफिक पुलिस की ओर से एवं परिवहन विभाग की ओर से कम्प्यूटर सिस्टम लगाया जायेगा जिससे वादकारियों जनमानस को परेशानी का सामना न करना पडे। मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी के समक्ष भी मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों का निस्तारण होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 08-03-2025 के सम्बन्ध में वादकारियों के हित में चर्चा की गयी तथा वादकारियों की समस्याओं को द्दष्टिगत रखते हुए सचिव द्वारा इस बात की जानकारी दी गयी कि न्यायालय में स्थापित सहायता केन्द्र दिनांक 08-03-2025 दिन शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत तक प्रत्येक कार्य दिवस पर लोगों की सहायता हेतु कार्य करती रहेगी। दिनांक 08-03-2025 दिन शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व, सिविल एवं दाण्डिक प्रकृति के वादों का निस्तारण किया जायेगा जिनमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद चेक बाउंस वाद, उत्तराधिकार वैवाहिक वाद,श्रम,राजस्व, स्टाम्प चकबंदी बैंक व मोबाइल कम्पनी के बकाया बिल,विद्युत चोरी वाद, बांट माप, घरेलू हिंसा,भरण पोषण व अन्य लघु फौजदारी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौतों के आधार पर किया जायेगा।

## डीएम की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में एवं एसएसपी सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया,डीएम ने उपस्थित सभी धर्म गुरुओं एवं विभिन्न समुदाय के लोगों से अपील की कि आगामी होली एवं रमजान के पवित्र त्यौहार के दौरान सभी धर्म के लोग शांति एवं सौहार्द वातावरण में मनाए, इस बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई डीएम ने कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें, जिसमें प्रशासन को सख्ती दिखानी पड़े। डीएम ने स्पष्ट किया कि त्योहारों को मनाने में किसी प्रकार की नई परंपरा को शुरू करने की अनुमति नहीं होगी, साथ ही सोशल मीडिया पर कोई ऐसी पोस्ट न डाली जाए, जिससे माहौल खराब हो, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी कहा कि किसी भी हालत में जिले की कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। डीएम ने सभी धर्म गुरुओं से उनके विचार लिए सभी धर्म गुरुओं ने जिलाधिकारी से अपील की कि त्योहारों के दौरान बिजली,पानी, सड़क मार्ग इत्यादि दुरुस्त रहें, जिससे उनकी खुशियों में कोई विघ्न व बाधा न पड़े, उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सभी प्रशासनिक व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई है, होलिका दहन हेतु स्थान का चयन कर लिया गया है, साथ ही जो भी विवादित स्थान थे, उनका समाधान भी कर लिया गया है। डीएम ने सभी धर्म गुरुओं से कहां की माहौल खराब करने वालों से सतर्क रहना है, तथा कहीं कोई घटना संज्ञान में आती है, तो उसे तत्काल संबंधित थाना को सूचित करें, जिससे उसका तत्काल समाधान हो जाए, डीएम ने नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिए की वह अपने-अपने नगरों की गलियों, सड़कों की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# जुमा अलविदा व ईद को लेकर डीएम-एसएसपी ने की समीक्षा

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह तथा एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने रमजान माह के विभिन्न पर्वो (जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर) की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों तथा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

डीएम ने कहा कि आगामी त्यौहार जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर पर सभी संबंधित विभाग अपनी तैयारी समय से पूर्ण कर लें। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय करते हुए पूरी सतर्कता बरतते हुए त्योहार को पूर्ण शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें। सभी क्षेत्राधिकारी त्यौहार रजिस्टरों का अवलोकन करे तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करे। डीएम ने नगर निगम और निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जलापूर्ति के साथ ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें। नगर निगम की निर्देश



दिए कि खराब स्ट्रीट लाइटों को सही कराए। लोक निर्माण विभाग को टूटी सड़कों को समय से दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को पर्वो के द्दष्टिगत नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए। सीएफओ को निर्देश दिए कि अग्नि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिये। इसके साथ ही निगम अधिकारियों को आदेश दिए कि वह चिन्ह्ति स्थानों पर कूड़ा दान लगा दें। इसके साथ ही ईदगाहों के पास बंद नालियों को खोलने व सिल्ट सफाई की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त करें। डीएम ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वह मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में दोनों वर्गों के लोगों के साथ बैठक कर शांति और सौहार्द कायम रखने की अपील करें। सीएमओ सुनिश्चित करें कि ईदगाहों के पास एंबुलेंस व चिकित्सा टीम की भी व्यवस्था रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक एसएसपी शैलेश कुमार कुमार पांडेय ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनपद के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करे, जहां पर पूर्व में घटनाएं घटित हुई हैं, वहां पर विशेष व्यवस्था करें। सभी एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में पीस कमिटी की बैठक करे। त्यौहार के द्दष्टिगत स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त करे। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की निगरानी रहेंगी तथा सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सौहार्द से पर्वों को संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में एडीएम वित्त व राजस्व योगानंद पांडेय, एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, एसपी ग्रामीण त्रिगुन विसेन, एसपी नगर डॉ अरविंद कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम मांट अभिनव जे जैन, एसडीएम महावन आदेश कुमार, एसडीएम छाता श्वेता तथा कमेटी की पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## गैलेक्सी ए56 5जी लॉन्च

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडसैमसंगने आजगैलेक्सी ए56 5जी को ऑसम इंटेलिजेंसके साथ लॉन्च करने की घोषणा की। ये स्मार्टफोनबेहतरीन सर्च और विजुअल अनुभवके जरिएक्रिएटिविटी को नए अंदाज में पेश करनेके लिए बनाए गए हैं।एकदम नएडिजाइनके साथ आने वाले ये डिवाइस न केवल बेहतर परफॉर्मेंस और ज्यादा मजबूती प्रदान करते हैं,बल्कि सुरक्षा और गोपनीयता का भी खास ध्यान रखते हैं। गैलेक्सी ए56 5जी में मिलने वालीऑसम इंटेलिजेंसभारतीय उपभोक्ताओं के लिए एआई को और अधिक सुलभबनाती है। यहसैमसंग का ऑल-इन-वन मोबाइल एआई सूट है, जिसमेंगैलेक्सी सीरीज के सबसे पसंदीदा एआई फीचर्सशामिल हैं। गूगल का एडवांस्ड सर्किल टू सर्च अब पहले से भी ज्यादा स्मार्ट हो गया है। यह उपयोगकताओं कोअपने फोन की स्क्रीन से ही किसी भी चीज को आसानी से सर्च और डिस्कवर करनेकी सुविधा देता है। अब सर्किल टू सर्च की मदद से यूजरबिना ऐप बदले गाने भी सर्च कर सकते हैं।

## पूरी तरह ई20 के अनुरूप बनी नयी निसान मैग्नाइट

नई दिल्ली। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत निसान ने आज एलान किया कि नई निसान मैग्नाइट बीआर10 नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन अब पूरी तरह के ई20 के अनुरूप है। इसी के साथ यह ज्यादा शक्तिशाली 1.0 लीटर एचआर10 टबोर्चार्ज्ड पेट्रोल इंजन की बराबरी पर आ गया है, जिसे अगस्त, 2024 में ई20 के अनुरूप बना दिया गया था। इस उपलब्धि के साथ अब नई निसान मैग्नाइट के सभी पावरट्रेन ऑप्शन ई20 के अनुरूप बन गए हैं। निसान मोटर इंडिया ने लॉन्चिंग के बाद से मैग्नाइट की 50,000 यूनिट्स का निर्यात करते हुए एक अहम पड़ाव भी पार कर लिया है। नई निसान मैग्नाइट ने भारत को कंपनी के लिए प्रमुख निर्यात हब के रूप में स्थापित करने की हालिया रणनीतिक घोषणा के तहत लॉन्चिंग के बाद से घरेलू एवं निर्यात बाजारों में अपनी होलसेल बिक्री को तेजी से बढ़ाया है। एलएचडी वर्जन की पेशकश ने जनवरी, 2025 में पहले डिस्पैच के साथ इस दिशा में बड़ा योगदान दिया है।

## पेटीएम ने की एसबीआई म्यूचुअल फंड से साझेदारी

नई दिल्ली। पेटीएम ने एसबीआई म्यूचुअल फंड, भारत की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत जननिवेश रुपये 250 एसआईपी लॉन्च किया गया है। यह पहल भारत सरकार के विकसित भारत विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और नागरिकों को अपने भविष्य में निवेश करने के लिए सशक्त बनाना है। जननिवेश रुपये 250 एसआईपी हर व्यक्ति के लिए निवेश को आसान बनाता है, जिससे वे मात्र रुपये 250 से अपने निवेश की शुरूआत कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड बाजार में वर्तमान में 100 मिलियन से अधिक निवेशक हैं, और हम इसे 300-400 मिलियन निवेशकों तक विस्तारित करने के सफर में योगदान देकर रोमांचित हैं। यह पहल लाखों भारतीयों को छोटे निवेश के जरिए निवेश शुरू करने और देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देने का अवसर प्रदान करती है।

## द हेजलनट फैक्ट्री ब्रांड का दिल्ली में 11वां स्टोर लॉन्च

नई दिल्ली। द हेजलनट फैक्ट्री अब दिल्ली के एरोसिटी में अपनी खास मिठाइयों का स्वाद लेकर आई है। यह द हेजलनटफैक्ट्रीके लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है,क्योंकि यह राष्ट्रीय राजधानी में पंजाबी बाग के सफल संचालन के आज दूसरा स्टोर लांच किया गया। हेजलनट फैक्ट्री को स्थानीय ग्राहकों से भरपूर प्यार मिला है, जिन्होंने इसकी गुणवत्ता और पारंपरिक मिठाइयों में नवीनता की प्रतिबद्धता को अपनाया है। स्थानीय ग्राहकों से मिले असाधारण सहयोग के चलते ब्रांड के विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है, जिससे यह अपनी अनूठी पाक-कला को और भी व्यापक दर्शकों तक पहुंचा सके। अब द हेजलनट फैक्ट्री दिल्ली में मिठाइयों के अनुभव को एक नई पहचान देने जा रही है।

## स्टेफ्री का नया कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। स्टेफ्री ने अपने नए कैम्पेन के तहत स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल को लॉन्च किया है इस अभियान में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर कियारा आडवाणी को शामिल किया गया है इस नए कैम्पेन में एक सच्चाई को सामने लाया गया है जब महिलाएं पीरियड्स के दौरान असल में असुविधा महसूस कर रही होती हैं लेकिन वे दिखाने की कोशिश करती हैं कि सब कुछ सामान्य है।

# सेंसेक्स में 96 अंकों की गिरावट



मुंबई। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नुकसान में रहा और यह 96 अंक की गिरावट के साथ 73,000 अंक के नीचे बंद हुआ। शुल्क युद्ध को लेकर चिंता गहराने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर स्थानीय बाजार पर भी पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 452.4 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 18 नुकसान में, जबकि 12 लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मानक सूचकांक निफ्टी में लगातार 10वें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 36.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,082.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 22,000 अंक के नीचे 21,974.45 अंक पर खुला लेकिन बाद में इसने कुछ नुकसान की भरपाई कर ली। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। घरेलू बाजार आज के निचले स्तर से ऊपर आने में सफल रहा लेकिन वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से संबंधित प्रतिकूल संकेतों के कारण यह गिरावट के साथ बंद हुआ। कमजोर वैश्विक संकेतों से धारणा पर असर पड़ रहा है, लेकिन चुनिंदा लिवाली गिरावट को थामने का काम कर रही है। बाजार में गिरावट के बावजूद छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.28 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.08 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई के 2,221 शेयर लाभ में जबकि l,737 शेयर नुकसान में रहे। 128 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस बीच, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण l,06,388.96 करोड़ रुपये बढ़कर 3,85,07,568.89 रुपये पहुंच गया। एफआईआई की बिकवाली और रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव के बीच भारतीय मानक सूचकांक निचले स्तर पर खुले। कारोबार के दौरान गिरावट जारी रही और अंत में ये नुकसान के साथ बंद हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति के कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत शुल्क और फेंटेनाइल मुद्दे पर चीनी आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क की पुष्टि से उत्पन्न वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंताओं के कारण बाजार धारणा प्रभावित हुई।

# भारत विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच की मेजबानी का इच्छुकः पर्यावरण मंत्री

नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि भारत विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच के 2026 संस्करण की मेजबानी का इच्छुक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत चक्रीय अर्थव्यवस्था पर एशिया-प्रशांत देशों के साथ मजबूत सहयोग का समर्थक है।



चक्रीय अर्थव्यवस्था उत्पादन और उपभोग का ऐसा मॉडल है, जिसमें यथासंभव विद्यमान सामग्रियों एवं उत्पादों को साझा करना, पट्टे पर देना, दोबारा इस्तेमाल, मरम्मत, नवीनीकरण और पुनर्चक्रण शामिल है। यादव ने जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चक्रीय अर्थव्यवस्था 250 साल पहले आई औद्योगिक क्रांति के बाद से सबसे बड़े व्यावसायिक बदलावों में से एक को संचालित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हर साल आयोजित होने वाला विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच (डब्ल्यूसीईएफ) इस साल ब्राजील के साओ पाउलो में हो रहा है। भारत ने वर्ष 2026 के सम्मेलन की मेजबानी की इच्छा जताई है। वर्ष 2030 और उसके बाद के भविष्य को देखते हुए इस मंच को वास्तविक बदलाव लाना चाहिए। डब्ल्यूसीईएफ का आयोजन फिनलैंड और उसके नवाचारी कोष सिट्रा की वैश्विक पहल है। यह फोरम चक्रीय अर्थव्यवस्था से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा के लिए दुनिया भर के कारोबारी प्रमुखों, नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाता है। यादव ने कहा कि भारत अपने मजबूत पुनर्चक्रण उद्योग के साथ चक्रीय अर्थव्यवस्था पर एशिया-प्रशांत देशों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत में फिलहाल 3,500 से अधिक पुनर्चक्रण इकाइयां हैं जो प्रति वर्ष लगभग 4.5 करोड़ टन कचरे को संसाधित करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि टिकाऊ विकास लक्ष्यों और जलवायु निरपेक्षता को प्राप्त करने के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्थाएं महत्वपूर्ण थीं, जो समान विकास के साथ कम कार्बन उत्सर्जन को भी संतुलित करती हैं। हालांकि, उन्होंने खासकर विनिर्माण क्षेत्र के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था को केवल एक व्यवसाय मॉडल के रूप में देखने के खिलाफ चेतावनी दी।

# ट्रंप की घोषणा के बाद क्रिप्टो की कीमतों को अल्पकालिक उछाल

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आश्चर्यजनक घोषणा के बाद क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में थोड़ी तेजी आई। ट्रंप ने कहा कि वे चाहते हैं कि अमेरिकी सरकार रणनीतिक रिजर्व कोष में विभिन्न प्रकार की डिजिटल परिसंपत्तियों को खरीदे और रखे। यह घोषणा ट्रंप के अस्थिर क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों को अपने सार्वजनिक समर्थन के बैरोमीटर के रूप में उपयोग करने के बढ़ते प्रयासों को उजागर करती है।

ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी सरकार एक क्रिप्टो स्ट्रैटेजिक रिजर्व बनाने की दिशा में काम कर रही है, जिसमें कम-ज्ञात क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो शामिल होंगे। बाद में उन्होंने एक और पोस्ट के साथ कहा कि उनके नियोजित रिजर्व में बिटकॉइन और ईथर भी शामिल होंगे। ये दो सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी हैं। इस घोषणा से क्रिप्टो की कीमतों में हाल ही में हुई बिकवाली के बाद थोड़ी तेजी देखने को मिली। पिछले सप्ताह 80,000 डॉलर से नीचे गिरने के बाद बिटकॉइन करीब 95,000 डॉलर तक पहुंच गया। रविवार को ट्रंप की घोषणा के बाद एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला। लेकिन सोमवार दोपहर तक कीमतें लगभग उसी स्तर पर आ गईं।

# सेबी की पूर्व प्रमुख बुच, पांच अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर रोक

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को विशेष अदालत के उस आदेश पर चार सप्ताह के लिए रोक लगा दी, जिसमें सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामकीय उल्लंघनों के लिए एफआईआर (प्राथमिकी) दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। न्यायालय ने कहा कि यह आदेश मशीनी तरीके से पारित किया गया था।

न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे की एकल पीठ ने कहा कि विशेष अदालत का एक मार्च का आदेश बिना विस्तृत जानकारी के और आरोपी की कोई



विशेष भूमिका बताए बिना मशीनी तरीके से पारित किया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा, सभी संबंधित पक्षों को सुनने और विशेष अदालत के आदेश का अध्ययन करने के बाद, ऐसा प्रतीत होता है कि आदेश विस्तृत जानकारी के बिना और आवेदकों (बुच और अन्य) को कोई विशेष भूमिका दिए बिना पारित कर दिया गया है। अदालत ने कहा, इसलिए आदेश पर अगली तारीख तक रोक लगाई जाती है। मामले में शिकायतकर्ता (सपन श्रीवास्तव) को याचिकाओं के जवाब में हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया जाता है। उच्च न्यायालय का यह निर्णय बुच, सेबी के तीन वर्तमान पूर्णकालिक निदेशकों - अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय, बीएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररामन राममूर्ति और इसके पूर्व चेयरमैन तथा जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल द्वारा दायर याचिकाओं पर आया।

# चीन का अमेरिकी उत्पादों पर 15 प्रतिशत का जवाबी शुल्क

बीजिंग। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उसके (चीन के) निर्यात पर दूसरे दौर का 10 प्रतिशत शुल्क लगाने के जवाब में अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त 15 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। चीन ने इसके साथ ही विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अमेरिका के खिलाफ कानूनी कार्वाई शुरू कर दी है। हालांकि, चीन ने एक-दूसरे की चिंताओं को दूर करने के लिए वार्ता के लिए दरवाजे खुले रखे हैं।

चीन के सीमा शुल्क आयोग ने मंगलवार को कहा कि 10 मार्च से अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। आयोग ने बयान में कहा कि अमेरिका से आयातित चिकन, गेहूं, मक्का और कपास पर 15 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। वहीं ज्वार, सोयाबीन, सुअर का मांस (पोर्क), गोवंश का मांस (बीफ), जलीय उत्पाद, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। इसके अलावा, चीन ने मंगलवार को 10 अमेरिकी कंपनियों को देश की गैर-भरोसेमंद इकाई सूची में जोड़ने और उनके खिलाफ इसी तरह की कार्वाई करने का फैसला किया। इनमें रक्षा और सुरक्षा के अलावा कृत्रिम मेधा (एआई), विमानन, आईटी और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं से जुड़ी कई कंपनियां शामिल हैं।

# सरकार ने बैटरी संयंत्र की समयसीमा में चूक को लेकर रिलायंस की इकाई पर जुर्माना लगाया

नयी दिल्ली। सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई पर बैटरी सेल संयंत्र स्थापित करने की समयसीमा को पूरा करने में विफल रहने के लिए जुर्माना लगाया है। इसके लिए उसे उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन दिए गए थे। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी स्टोरेज लिमिटेड को तीन मार्च को भारी उद्योग मंत्रालय से एक पत्र मिला, जिसमें एक जनवरी, 2025 से प्रत्येक दिन की देरी के लिए प्रदर्शन सुरक्षा (50 करोड़ रुपये) की 0.1 प्रतिशत की दर से क्षतिपूर्ति वसूलने का निर्देश दिया गया है। इसमें कहा गया है




कि यह जुर्माना उन्नत रसायन सेल के लिए प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान की गई पांच गीगावाट घंटा विनिर्माण क्षमता के संबंध में मंत्रालय के साथ निष्पादित कार्यक्रम समझौते के तहत माइलस्टोन- I को हासिल करने में देरी के लिए लगाया गया है। तीन मार्च, 2025 तक की गणना के अनुसार यह क्षतिपूर्ति या जुर्माना 3.1 करोड़ रुपये था। आरएनईबीएसएल ने उक्त माइलस्टोन- I की के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। हालांकि, फर्म ने न तो देरी के कारणों का और न ही लक्ष्य को पूरा करने की नई समयसीमा का खुलासा किया। आरएनईबीएसएल ने 2022 में लगभग 40 करोड़ डॉलर के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) के साथ 10 गीगावाट-घंटा बैटरी क्षमता बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह अनुबंध भारत में विकसित एक नवीन ऊर्जा आपूर्ति शृंखला के लिए घरेलू विनिर्माण प्राप्त करने की सरकारी पहल का हिस्सा था। आरएनईबीएसएल के अलावा, राजेश एक्सपोर्ट्स और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की इकाई ने भी बैटरी सेल संयंत्र बनाने के लिए बोलियां जीती थीं।

# यूएसआईबीसी का अमेरिका-भारत से साझा विकास के लिए व्यापार संबंधों का लाभ उठाने का आग्रह

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी व्यापार को बढ़ावा देने वाले एक शीर्ष समूह ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के माध्यम से सार्थक व्यापार सुविधा लंबे समय से लंबित है और दोनों पक्षों को समान अवसर और पूर्ण एवं मुक्त बाजार तक पहुंच को औपचारिक रूप देने के लिए काम करना चाहिए।



ये टिप्पणियां सोमवार को अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष राजदूत (सेवानिवृत्त) अतुल केशप ने कीं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके अमेरिकी समकक्ष हॉवर्ड लुटनिक के बीच अमेरिका में व्यापार वार्ता शुरू हो गई है। केशप ने कहा कि हम दोनों सरकारों को उनकी वार्ता में सफलता की कामना करते हैं, और दोनों पक्षों से साझा विकास के लिए व्यापार संबंधों का लाभ उठाने का आग्रह करते हैं। व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के माध्यम से सार्थक व्यापार सुविधा लंबे समय से लंबित है, और यह अमेरिका और भारत दोनों के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने और हमारी दो शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं को एक-दूसरे के करीब लाने में सहायक होगा। ल्यूटनिक और गोयल के बीच अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता शुरू होने पर, अमेरिकी चैंबर ने दोनों पक्षों से महत्वाकांक्षा का आग्रह किया। वर्षों से, अमेरिकी और भारतीय व्यवसाय बिना किसी औपचारिक निवेश या व्यापार ढांचे के एक-दूसरे के देशों में निवेश करते रहे हैं। भारत अमेरिका के व्यापार का केवल 2.5 प्रतिशत हिस्सा है, और यह संख्या काफी हद तक बढ़ सकती है और बढ़नी भी चाहिए। अब दोनों पक्षों को समान अवसर, पूर्ण और खुले बाजार तक पहुंच, विवादों का त्वरित समाधान और दोनों देशों में निवेश, वृद्धि और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए पूर्वानुमानित कर और विनियामक नीतियों को औपचारिक रूप देने पर ध्यान केंद्रित करके काम करना चाहिए।

## पेज एक का शेष

### आठ वर्षों

आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ रुपये से अधिक का है। यह देश के अंदर किसी राज्य की तुलना में सबसे बड़ा बजट है। यह बजट वर्ष 2016-17 (3.46 लाख करोड़) की तुलना में लगभग ढाई गुना बड़ा है। वर्ष 2024-25 के बजट के सापेक्ष इसमें 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सीएम ने कहा कि बढ़ा हुआ बजट का आकार सिर्फ व्यय नहीं, बल्कि अंतिम पायदान तक विकास की पहुंच, अवसंरचनात्मक विस्तार, आम जन के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास, प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने और आर्थिक विकास को तेज करने का परिचायक होता है। बजट के आकार में यह बढ़ोत्तरी राज्य के सामर्थ्य के अनुरूप है। यह लोक कल्याण के साथ अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सीएम ने प्राप्तियों के बारे में बताया कि 2016-17 में कुल राजस्व प्राप्तियां 2 लाख 56 हजार 875 करोड़ रुपये हुईं थीं जबकि चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 4 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इसी तरह आगामी वर्ष में कुल प्राप्तियां 7 लाख 79 हजार 242 करोड़ रुपये अनुमानित है। कुल प्राप्तियों में 6 लाख 62 हजार 690 करोड़ 93 लाख रुपये की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 16 हजार 551 करोड़ 72 लाख रुपये की पूंजीगत प्राप्तियां सम्मिलित हैं। राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 5 लाख 50 हजार 172 करोड़ 21 लाख है। इसमें केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 55 हजार 172 करोड़ 21 लाख सम्मिलित है। वहीं स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 95 हजार करोड़ रुपये अनुमानित है। कुल राजस्व प्राप्तियों का 45 प्रतिशत स्वयं के कर राजस्व से प्राप्त होना अनुमानित है। स्वयं के कर की राजस्व प्राप्तियों में वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 तथा वर्ष 2024-25 के दौरान देश के सभी राज्यों में उत्तर प्रदेश का द्वितीय स्थान रहा। सीएम ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल व्यय 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये अनुमानित है। कुल व्यय में 5 लाख 83 हजार 174 करोड़ 57 लाख रुपये राजस्व लेखे का व्यय है तथा 2 लाख 25 हजार 561 करोड़ 49 लाख रुपये पूंजी लेखे का व्यय है। पूंजीगत व्यय कैपिटल एक्सपेंडिचर विकासात्मक खर्च है, जो इकॉनमी की दिशा तय करता है। इससे उद्योग प्रोत्साहित होते हैं, सप्लाई चेन बेहतर होती है, निजी निवेश बढ़ता है और इन सबसे रोजगार का सृजन होता है। निर्माण और रोजगार सृजन के इस समन्वय से सस्टनेबल और फास्ट ग्रोइंग इकोनामी आकार लेती है। बजट में कुल व्यय में 2 लाख 25 हजार 561 करोड़ 49 लाख रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर सम्मिलित हैए जो कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है।

### नौ रेल

गए। डीडीयू रेल मंडल में कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से यह पूरा खेल चल रहा था। लोको पायलट के प्रमोशन की परीक्षा में आने वाले प्रश्नों की जानकारी मोटी रकम लेकर पहले ही दे दी गई थी। विभागीय जानकारी के मुताबिक डीडीयू मण्डल में सीएलआई (मुख्य लोको निरीक्षक) के 19 पदों पर विभागीय पदोन्नति परीक्षा नगर के रेलवे इंटर कॉलेज में मंगलवार को आयोजित होनी थी। इसके लिए दो माह पहले आवेदन लिए गए थे। सूत्रों के अनुसार परीक्षा पास कराकर पदोन्नति कराये जाने की गारंटी पर डीडीयू मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से कई लोको पायलटों से लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली गई थी। जिन्हें परीक्षा के एक दिन पूर्व ही सभी प्रश्नों को बताकर उसका उत्तर भी उन्हें याद कराना था। जिसके लिए लोको पायलटों को कई जगह अलग अलग बुलाया गया था, जहाँ प्रश्नपत्र देकर उन्हें उसका उत्तर बताकर पूरा रिहर्सल कराया जाना था।

कहा जा रहा है कि इसी बीच किसी प्रकार सीबीआई को इसकी भनक लग गई। जिसके बाद सोमवार पूरा दिन लखनऊ से आई सीबीआई की टीम द्वारा कई रेलकर्मियों से गोपनीय तरीके से जानकारी हासिल करने के बाद रात्रि करीब 10 बजे अचानक काली महाल स्थित राज गार्डेन में बाइक से पहुंच गई। बताया जा रहा है कि वहाँ 09 लोको पायलटों को ठहराया गया था। इसी बीच अलीनगर थाना और मुगलसराय कोतवाली सहित पीएसी को सीबीआई ने कुछ संदिग्ध के होने की सूचना देकर भारी संख्या में पुलिस बल को बुला लिया था। अचानक कालीमहाल में भारी पुलिस बल को देखकर लोग कुछ समझ पाते तभी सीबीआई की टीम ने राज गार्डेन में ठहराए गये 09 लोको पायलटों को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आई। कोतवाली लाने के बाद पूरी रात सीबीआई ने कुल 35 जगहों पर छापेमारी की। जिसमें ढाई दर्जन से अधिक रेलकर्मियों को हिरासत में लेकर पूछ ताछ किया गया। हिरासत में लिये गये रेलकर्मियों में तीन वरीय अधिकारी सहित उनके मातहत के भी कुछ अधिकारियों को हिरासत मेंलेकर पूछ ताछ कि गई। सीबीआई की टीम डीआरएम बिल्डिंग पूछताछ करने के बाद कल दो अधिकारियों सहित 26 रेल कर्मियों को अपने हिरासत में लेकर उनके साथ लगभग मिले एक करोड रुपए तथा कागजातों को सिल करते हुए लखनऊ के लिए पुलिस निकल गई। इस भ्रष्टाचार में कई अधिकारियों व कर्मचारियों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं इस पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड किसी ठेकेदार के होने की बात भी सामने आ रही है। इस छापेमारी से रेल महकमें सहित रेलवे बोर्ड तक में हड़कम्प मचा हुआ है।

डीडीयू रेल मंडल में प्रमोशन में भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई टीम तीन वरीय अधिकारियों से मंडल रेल कार्यालय सभागार में बीती रात से ही पूछताछ कर रही थी। अधिकारियों को सीबीआई टीम ने रात्रि 11 बजे पूछताछ के लिए उठा लिया था। सीबीआई की इस कार्रवाई से रेल मंडल से लेकर रेलवे बोर्ड तक हड़कंप मचा हुआ है वहीं अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। सीबीआई द्वारा हिरासत में लिए गए अधिकारियों में वरीय मंडल विद्युत अभियंता (ऑपरेशन) सुशांत पराशर व वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी सुरजीत सिंह शामिल हैं।

### दोषी नेताओं

मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद चुनावी राजनीति से अयोग्ता की अवधि अपराध और सजा के आधार पर अलग-अलग होती है। दो या अधिक वर्षों के कारावास से संबंधित मामलों में किसी व्यक्ति को दोषी ठहराए जाने की तारीख से रिहाई के छह साल बाद तक अयोग्य घोषित किया जाता है, भले ही वह जमानत पर बाहर हो या अपील का इंतजार कर रहा हो।

हालांकि, भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को अधिनियम की धारा 11 के तहत कारणों को दर्ज करने के बाद अयोग्ता की अवधि को हटाने या कम करने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय और अन्य निर्वाचन आयोग द्वारा विवरण प्रस्तुत किए जाने के दो सप्ताह के भीतर आयोग के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल कर सकते हैं। वर्ष 2016 में अधिवक्ता अश्विनी दुबे के माध्यम से दायर जनहित याचिका में देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के अलावा दोषी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी।

### धनंजय मुंडे

ने आरोपियों के खिलाफ कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया है। अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उन पर मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक आरोपी अब भी फरार है। कराड के अलावा, गिरफ्तार अन्य आरोपियों में सुदर्शन घुले, विष्णु चाटे, जयराम चाटे, महेश केदार, सिद्धार्थ सोनावणे, सुधीर सांगले और प्रतीक घुले शामिल हैं। कृष्णा अंधाले इस मामले में वांछित आरोपी है।

### नयी दिल्ली

रेलवे से पुष्पेश आर त्रिपाठी को स्थानांतरित कर सुखविंदर सिंह की जगह डीआरएमदिल्लीउत्तर रेलवे के पद पर नियुक्त किया जाता है। सिंह के लिए आदेश बाद में जारी किए जाएंगे।

रेलवे अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया कि सिंह का तबादला 15 फरवरी को नयी दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ के मामले से जुड़ा है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि इस घटना के कारण उनकी नयी तैनाती को आगे बढ़ा दिया गया है।

### कई ठिकानों

गए सभी पांच संदिग्धों से एटीएस पूछताछ कर रही है। हालांकि एटीएस के छापेमारी या हिरासत में लिए गए संदिग्धों के बारे स्थानीय प्रशासन कुछ बताने की स्थिति में नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक, पूर्वांचल के कई युवा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में थे। ऐसे में यूपी एटीएस लगातार इन युवाओं की तलाश कर रही थी। जिसके चलते यह छापेमार कार्रवाई की गई और कई संदिग्धों को पकड़ा गया। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ में यूपी एटीएस को कई अहम सुराग मिले हैं।

### मजबूत, सुरक्षित

कहा, छोटे हथियारों और बुलेटप्रूफ जैकेट से लेकर निगरानी और संचार प्रणालियों तक, डीआरडीओ के नवाचार हमारे सुरक्षा बलों को सशक्त बना रहे हैं।

सिंह ने डीआरडीओ और गृह मंत्रालय से आह्वान किया कि वे मिलकर ऐसे उत्पादों की एक साझा सूची बनाएं जिन्हें समयबद्ध तरीके से संयुक्त रूप से विकसित और तैनात किया जा सके। उन्होंने कहा, हमारे सुरक्षा बलों को आगे रहने के लिए सर्वोत्तम उपकरणों और प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता है। रक्षामंत्री ने कहा, डीआरडीओ का आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना उत्साहजनक है, जिसमें छोटे हथियार, निगरानी उपकरण और ड्रोन प्रणाली जैसे उत्पाद आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों में तैनाती के लिए या तो शामिल किए जा चुके हैं या उनका आकलन किया जा रहा है। सिंह ने गृह मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि किस प्रकार सुरक्षा एजेंसियों और वैज्ञानिक संस्थानों के बीच सहयोग से महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति हुई। उन्होंने डीआरडीओ द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों जैसे कॉर्नर शॉट हथियार प्रणाली, इंसास राइफल, आईईडी (संवर्धित विस्फोटक उपकरण), जैमर वाहन और दंगा नियंत्रण वाहनों का उदाहरण दिया, जिन्हें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के संचालन में प्रभावी रूप से शामिल किया गया था। सिंह ने न केवल सुरक्षा के लिए बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व पर बात की। रक्षामंत्री ने न केवल सुरक्षा के लिए बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी की भूमिका सिर्फ रक्षा में ही नहीं है, बल्कि शांति और सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने में भी है। बुलेटप्रूफ जैकेट, ड्रोन, निगरानी उपकरण और ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकियों जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग सिर्फ सुरक्षा अभियानों के लिए ही नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी किया जाना चाहिए।

### उत्तर प्रदेश में

हो गयी। घटना में वाहन चालक और 11 अन्य छात्राएं घायल हो गईं। सभी को धानी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उनमें से छह गंभीर रूप से घायल हैं।

जबकि, शाहजहांपुर जिले में ट्रकों के बीच में दबने से दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवकों की मृत्यु हो गयी। पुलिस अधीक्षक राजेश एस. ने मंगलवार को बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र में दिल्लीलखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरेली मोड़ से आगे, एक मोटरसाइकिल बरेली की ओर जा रही थी जिस पर दो युवक सवार थे। मोटरसाइकिल के आगे एक ट्रक जा रहा था और एक ट्रक उसके पीछे था। मोटरसाइकिल बीच में थी।




# टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

## चेज मास्टर कोहली ने 84 रन बनाये, ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से सेमीफाइनल में हराया

एजेंसी

**दुबई।** टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने चेज मास्टर विराट कोहली, जिन्होंने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज में 3 बड़ी साझेदारियां भी कीं।

उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 91, अक्षर पटेल के साथ 44 और केएल राहुल के साथ 47 रन जोड़े। इन्हीं पार्टनरशिप ने रन चेज को आसान बनाया। आखिर में हार्दिक पंड्या ने तेजी से 28 रन बनाए और केएल राहुल ने छक्का मारकर जीत दिलाई। वे 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। केएल राहुल ने ग्लेन मैक्सवेल की बॉल पर छक्का मारकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। टीम इंडिया ने 48.1 ओवर में 6 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। 48वें ओवर में हार्दिक पंड्या 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन एलिस ने ग्लेन मैक्सवेल के हाथों कैच कराया। 47वें ओवर में भारत ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। पंड्या ने एडम जम्पा की बॉल पर लगातार दो छक्के लगाकर टीम को 250 पार पहुंचाया। 43वें ओवर में विराट कोहली 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एडम जम्पा ने बेन ड्वारशस के हाथों कैच कराया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे पावरप्ले में भारत ने 2 विकेट गंवाए। 11 से 40 ओवर के बीच टीम ने 180 गेंदों पर 145 रन बनाए। इस दौरान श्रेयस अय्यर 45 और अक्षर पटेल 27 रन बनाकर आउट हुए।



विराट कोहली ने फिफ्टी लगाई। 40वें ओवर में भारतीय टीम ने 200 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। बेन ड्वारशस के ओवर की दूसरी बॉल पर केएल राहुल ने सिंगल लेकर टीम का 200वां रन बनाया। कोहली भी नाबाद हैं। 35वें ओवर में भारत ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां अक्षर पटेल 27 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन एलिस ने ओवर की बॉल पर बोल्ड कर दिया। 30वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्लेन मैक्सवेल की आखिरी बॉल पर अक्षर ने सिंगल लेकर टीम का 150वां रन बनाया। 27वें ओवर की दूसरी बॉल पर भारत का तीसरा विकेट गिरा। यहां श्रेयस अय्यर 45 रन बनाकर आउट हुए। अय्यर लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी बनाने से चूक गए। 26वें ओवर में विराट कोहली को जीवनदान मिला। कूपर कोनोली की बॉल पर ग्लेन मैक्सवेल से विराट का कैच ड्रॉप हुआ। 25वें ओवर में विराट कोहली ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने एडम जम्पा की बॉल पर चौका लगाकर हाफ सेंचुरी पूरी की। यह कोहली का 74वां अर्धशतक है। 20वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। तनवीर संघा की चौथी बॉल पर कोहली ने चौका लगाकर टीम के लिए 100वां रन बनाया। 19वें ओवर में विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए 50 रन की पार्टनरशिप पूरी कर ली है। टीम इंडिया ने 43 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था। 18वें ओवर में विराट कोहली ने रन चेज करते हुए 8 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने तनवीर की बॉल पर एक रन लेकर यह अचीवमेंट पूरा किया। 265 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने पावरप्ले में दो विकेट गंवा दिए हैं। शुरूआती 10 ओवर में भारत ने 55 रन बना लिए। श्रेयस ने कोनोली के ओवर में दो चौके लगातार टीम को 50 पार पहुंचाया। कप्तान रोहित शर्मा 28 और शुभमन गिल 8 रन बनाकर आउट हुए। 8वें ओवर में भारत का दूसरा विकेट गिरा। यहां कप्तान रोहित शर्मा 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कूपर कोनोली ने छइह किया। 5वें ओवर में भारत ने पहला विकेट गंवाया।

यहां शुभमन गिल 11 रन बनाकर आउट हुए। बेन ड्वारशस की बॉल गिल के बल्ले से स्टंप पर लगी। कूपर ने रोहित का कैच ड्रॉप किया भारतीय पारी के दूसरे ओवर में कप्तान रोहित शर्मा को जीवनदान मिला। नाथन एलिस के ओवर की तीसरी बॉल पर रोहित ने पॉइंट पर शॉट खेला। यहां फील्डर कूपर कोनोली ने आगे की तरफ डाइव लगाई लेकिन कैच नहीं कर पाए। इस समय रोहित 13 रन पर थे और दूसरी बॉल पर सिक्स लगाया था। लाबुशेन से कैच छूटा तीसरे ओवर की आखिरी बॉल पर मार्नस लाबुशेन से मिड ऑफ पर रोहित का कैच छूट गया। यहां बेन ड्वारशस ने सामने की तरफ फुल बॉल फेंकी। रोहित ने मिड ऑफ के ऊपर से बड़ा शॉट खेला। मिड ऑफ पर खड़े लाबुशेन ने पीछे की तरफ दौड़ लगाकर डाइव लगाई लेकिन कैच नहीं कर सके। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल पारी की शुरूआत करने उतरे हैं। बेन ड्वारशस पहला ओवर डाल रहे हैं। रोहित ने पारी की दूसरी बॉल पर चौका लगाकर टीम का खाता खोला। ऑस्ट्रेलिया की टीम 264 रन पर ऑलआउट हो गई है। 50वां ओवर डाल रहे हार्दिक पंड्या ने एडम जम्पा (7 रन) को बोल्ड कर दिया। 49वें ओवर की आखिरी बॉल पर मोहम्मद शमी ने नाथन एलिस को पवेलियन भेजा। उनका कैच विराट कोहली ने लिया। यह शमी को तीसरा विकेट रहा। 48वें ओवर की पहली बॉल पर एलेक्स कैरी रन आउट हो गए। हार्दिक पंड्या के ओवर की पहली बॉल कैरी ने फाइन लेग के तरफ खेली। यहां फील्डर श्रेयस अय्यर ने स्टंप में डायरेक्ट हिट लगाया और दूसरा रन लेते समय कैरी रन आउट हुए। उन्होंने 61 रन बनाए।

इसी ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 46वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 7वां विकेट गंवाया। यहां बेन ड्वारशस (19 रन) को वरुण चक्रवर्ती ने श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। उन्होंने ट्रैविस हेड (39 रन) को अपने पहले ओवर में शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। 43वें ओवर में एलेक्स कैरी ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 48 बॉल पर हाफ सेंचुरी बनाई है। यह कैरी के करियर का 11वां अर्धशतक है।

**संक्षेप**

### बाबर, की टी-20 टीम से छुट्टी

लाहौर। कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को न्यूजीलैंड में होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए मंगलवार को घोषित पाकिस्तान की टीम से बाहर कर दिया गया। रिजवान की जगह सलमान अली आगा को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया जबकि हरफनमौला शादाब खान की टीम में वापसी हुई है। शादाब को उप-कप्तान बनाया गया। रिजवान को हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन बावजूद वनडे टीम का कप्तान बनाए रखा गया है। चयनकर्ताओं ने वनडे टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किये है। और चैंपियंस ट्रॉफी में नाकाम रहे खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा है। बाबर को भी एकदिवसीय टीम में बरकरार रखा गया है, लेकिन बल्लेबाज सऊद शकील और कामरान गुलाम को बाहर कर दिया। चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राउफ को भी वनडे टीम से बाहर का रास्ता दिखाया है। पाकिस्तान 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलेगा। पाकिस्तान की टीम अभी भी अपने सलामी बल्लेबाज सैम अयूब के बिना खेलेगी, जो टखने की चोट से अभी तक उबर नहीं पाए हैं। सलामी बल्लेबाज फखर जमां भी चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में लगी चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं।

### क्रिकेट में आकार नहीं मानसिक शक्ति मायने रखती है : गावस्कर

दुबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने मंगलवार को कहा कि दुबले-पतले लड़के मॉडलिंग के लिए होते हैं और क्रिकेट में शारीरिक आकार नहीं, बल्कि मानसिक ताकत मायने रखती है। भारतीय कप्तान पर चैंपियंस ट्रॉफी के बीच में एक राजनेता द्वारा की गई अनावश्यक आलेचना पर टिप्पणी करते हुए गावस्कर ने याद दिलाया कि मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को भी बॉडी शेमिंग (शरीर को लेकर आलेचना) का सामना करना पड़ा था लेकिन इससे उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। गावस्कर ने इंडिया टुडे से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि अगर आपको सिर्फ दुबले-पतले लड़के चाहिए, तो आपको मॉडलिंग प्रतियोगिता में जाना चाहिए और सभी मॉडलों को चुनना चाहिए। यह उससे संबंधित नहीं है। भारत के इस पूर्व महान बल्लेबाज ने कहा, यह इस बारे में है कि आप क्रिकेट कितनी अच्छी तरह खेल सकते हैं। हमने सरफराज खान के बारे में बात की, उन्हें लंबे समय तक बदनाम किया गया क्योंकि उनका वजन ज्यादा है। लेकिन वह टेस्ट मैच में भारत के लिए 150 रन बनाते हैं।

## भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है। एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम इसमें आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा के मिश्रण को देख रहे हैं। विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा, इस चैंपियनशिप में पूरे एशिया के असाधारण खिलाड़ी एक मंच पर आयेंगे, जो इस प्राचीन अभ्यास की ताकत, लचीलापन और अनुशासन का प्रदर्शन करेगे। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा कि भारत इस प्राचीन खेल के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारतीय खिलाड़ियों ने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच में काली पट्टी बांधकर शिवालकर को श्रद्धांजलि दी

दुबई। भारतीय टीम के खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट के दिग्गज पद्माकर शिवालकर की याद और सम्मान में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल के दौरान मंगलवार को यहां बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान में उतरे। शिवालकर का उम्र संबंधी बीमारी के कारण सोमवार को निधन हो गया था। उन्होंने 84 साल की उम्र में मुंबई में अंतिम सांस ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर लिखा, स्वर्गीय पद्माकर शिवालकर के सम्मान में भारतीय टीम आज काली पट्टी बांधकर खेल रही है। शिवालकर उन बेहतरीन स्पिनरों में से एक थे जिन्हें भारत के लिए खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वह बिशन सिंह बेदी जैसे महान खिलाड़ियों के युग में खेले थे। वामहस्त स्पिनर शिवालकर ने मुंबई के लिए 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए। शिवालकर को बीसीसीआई द्वारा प्रतिष्ठित सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी मुंबई से हैं। वामहस्त स्पिनर शिवालकर ने मुंबई के लिए 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए। शिवालकर को बीसीसीआई द्वारा प्रतिष्ठित सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## दिग्गज ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था। इस सात दिवसीय शिविर में दीपिका, मनीषा चौहान, सोनम और अन्नू जैसी खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ जूनियर खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। मैंने हॉकी इंडिया से उन्हें इस क्षेत्र में सुधार करने में हमारी मदद करने के लिए लाने का अनुरोध किया। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।



हरेंद्र ने कहा, ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे। हरेंद्र ने इससे दीपिका के प्रदर्शन में सुधार का जिक्र करते हुए कहा, हमने दीपिका के साथ निश्चित प्रगति देखी है, खासकर हाल के प्रो लीग मैचों के दौरान। इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए। उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों में से एक माना जाता है। वह 2002 और 2006 चैंपियंस ट्रॉफी, 2006 विश्व कप, 2008 ओलंपिक खेलों और 2010 एफ आईएच विश्व कप सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने 2022 से 2024 तक चीन की महिला टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया। दीपिका ने भी कहा कि उन्हें शिविर से बहुत लाभ हुआ। प्रो लीग में पेनल्टी कॉर्नर से अपने तीन में से दो गोल करने वाली दीपिका ने कहा, यह सिर्फ एक सप्ताह का शिविर था, लेकिन यह एफआईएच प्रो लीग के घरेलू चरण के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ। मैंने इस दौरान फुटवर्क, शॉट रिलीज और फिनिशिंग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। इससे मुझे उन तकनीकी समायोजनों की स्पष्ट समझ मिली जिसे मुझे करने की जरूरत थी।

### प्रज्ञानानंदा के सामने सैम शैंकलैंड की चुनौती

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा एक दिन के विश्राम बाद प्राग मास्टर्स के छठे दौर में बुधवार को अमेरिका के सैम शैंकलैंड से भिड़ेंगे। प्रज्ञानानंदा हाल ही फिडे की रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ आठवां स्थान हासिल करने के बाद बढ़े हुए हौसले के साथ इस मुकाबले में उतरेंगे। वह हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स की तालिका में शीर्ष स्थान पर है। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें दौर में एक-दूसरे का सामना किया था और यह मुकाबला बराबरी पर छूटा था। दोनों के नाम संभावित पांच में 3.5-3.5 अंक हैं। चिदंबरम के सामने वियतनाम के अनुभवी क्वांग लीम की चुनौती होगी। इन दोनों भारतीयों के बाद चार खिलाड़ी 2.5 अंक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इसमें अनीश गिरी और क्वांग लीम ने अपने सभी मैच ड्रॉ खेले है। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। अरविंद अब तक टूर्नामेंट सबसे प्रभावित करने वाले खिलाड़ी रहे है। ज्यादातर लोगों को इस पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन से टूर्नामेंट के मध्य में शीर्ष पर रहने की उम्मीद नहीं थी। प्रज्ञानानंदा ने अब तक कीमर और गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर दो जीत दर्ज किये हैं। शाकलैंड के बाद उनके सामने क्वांग लीम और वेई यी और आखिरी दौर में गिरी की चुनौती होगी। चिदंबरम को सातवें दौर में गिरी जबकि आखिरी दो दौर में चेक गणराज्य के डेविड नवारा और तुर्किये के गुरेल एडिज से भिड़ना होगा। चैलेंजर्स वर्ग में एकमात्र भारतीय दिव्या देशमुख के नाम 1.5 अंक हैं।

## अल-नासेर ने एशियाई चैंपियंस लीग में एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

एजेंसी

तेहरान। दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गये। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल-साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।



**न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की स्थिति मजबूत: पोंटिंग**

लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका की टीम में थोड़ा अधिक कौशल और ताकत है जिससे वे चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में जीत के दावेदार होंगे। उन्होंने हालांकि कहा कि केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी अगर रन बनाने में सफल रहे तो न्यूजीलैंड के लिए चीजें आसान हो सकती है। न्यूजीलैंड दुबई में भारत के खिलाफ बड़ी हार के बाद नॉकआउट में पहुंच रहा है जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट की बड़ी जीत के बाद शानदार फॉर्म में है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा कि भारत की तरह मजबूत बल्लेबाजी क्रम के कारण दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस पूर्व दिग्गज ने कहा, मैं अगर दोनों टीमों की तुलना करूं तो मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम कौशल के मामले में थोड़ा आगे है। उनका बल्लेबाजी क्रम लंबा है और मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में जीत के अधिक दावेदार होंगे।

उन्होंने कहा, मैं न्यूजीलैंड की प्रशंसा करता हूं लेकिन मैं जीत के दावेदार पर दक्षिण अफ्रीका पर दांव लगाना चाहूंगा। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज विलियमसन को इस मुकाबले में अहम भूमिका निभानी होगी क्योंकि हर टीम महत्वपूर्ण मैचों में मार्गदर्शन के लिए अपने बड़े खिलाड़ियों पर निर्भर रहती है।

## न्यूजीलैंड- दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल मुकाबला आज

एजेंसी

लाहौर। विश्व स्तरीय प्रतिभाओं से भरपूर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेगे तो उनकी कोशिश वैश्विक प्रतियोगिताओं के अहम मैचों कमतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के तमगे को पीछे छोड़ने की होगी। कागजों पर दोनों टीमें बराबरी की दिख रही है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने क्रमशः 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, लेकिन उस समय इस टूर्नामेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था और इसका वह महत्व नहीं था जो अब है।



दक्षिण अफ्रीका जहां बड़े टूर्नामेंट के चोकर्स (मुख्य मुकाबलों में हार का सामना करने वाली टीम) के अपने तमगे को हटाना चाहेगा, वही न्यूजीलैंड की टीम भी खिताब पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब होगी। न्यूजीलैंड वनडे विश्व कप (2015 और 2019) में दो बार और टी20 विश्व कप (2021) में एक फाइनल में पहुंचने के बाद खिताब जीतने से चूक गया। मिशेल सेंटनर की अगुआई में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में भारत से बाद दूसरे पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया से आगे शीर्ष पर रहा। दोनों टीमों के बीच कोई ज्यादा अंतर नहीं है और ज्यादातर विभागों में बराबरी की स्थिति में हैं। गेंदबाजी में विविधता के कारण दक्षिण अफ्रीका के पास हालांकि मामूली बढ़त दिख रही हैं।

दोनों टीमों के बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त ताकत है और उनके पास बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। मैच का परिणाम में स्पिनरों की भूमिका अहम रहने अनुमान है। गद्दाफी स्टेडियम की पिच थोड़ी धीमी हैं, लेकिन दुबई की तुलना में वे उतनी स्पिन नहीं करती हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों टीमों के स्पिनर कैसा प्रदर्शन करते हैं। अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारत से 44 रन से हारने के बावजूद, न्यूजीलैंड पिछले महीने यहां त्रिकोणीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर अपनी जीत से आत्मविश्वास हासिल करेगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और फिर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला को अपने नाम किया था। अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को लगता है कि ये अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे। उन्होंने कहा, हां, जिस (दक्षिण अफ्रीका) टीम के खिलाफ हमने खेला था वह थोड़ी अलग थी। उस टीम में बहुत से ऐसे खिलाड़ी थे जो इस टीम में नहीं थे। उनके कुछ मुख्य खिलाड़ी तब एसएटी20 में खेल रहे थे, इसलिए यह थोड़े अलग होगा। उन्होंने कहा, मुझे हालांकि लगता है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने में लाहौर के उस अनुभव का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करेंगे और अपनी पूरी कोशिश करेंगे।

हम सेमीफाइनल की चुनौती का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा रवैया हमेशा एक जैसा ही रहता है। हम अपनी तरह का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं। हम इस पर कायम रहने में सफल रहे तो उम्मीद है कि मैच के आखिरी क्षणों में फायदे की स्थिति में रहेंगे। लाथम 187 रन के साथ टूर्नामेंट में अब तक न्यूजीलैंड के सबसे सफल बल्लेबाज रहे है। केन विलियमसन भी भारत के खिलाफ 81 रन की पारी खेल कर लय में वापसी करने में सफल रहे। गेंदबाजी में मैट हेनरी ने भारत के खिलाफ धीमी पिच पर भी कमाल दिखाया और वह आठ विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही दुनिया

## देशभर में छह करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को समय पर और कम लागत वाले धन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से ऐसे समय में वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए बड़े कदम उठाने का आह्वान किया, जब दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दो मिशन शुरू करेगी। नियामकीय, निवेश और कारोबारी सुगमता के सुधारों पर बजट-बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने उद्योग जगत से ऐसे नए उत्पादों की पहचान करने को कहा, जिनका विनिर्माण देश में किया जा सके और वैश्विक मांग को पूरा किया जा सके। मोदी ने उद्योग जगत से कहा, हमारा देश ये करने में सक्षम है, आप सभी (उद्योग जगत) सक्षम हैं, ये हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। मैं चाहता हूं कि हमारा उद्योग जगत दुनिया की इन अपेक्षाओं को सिर्फ दर्शक बनकर न देखे। हम दर्शक बनकर नहीं रह सकते, आपको इसमें अपनी भूमिका तलाशनी होगी, आपको अपने लिए अवसर तलाशने होंगे। प्रधानमंत्री ने देशभर में छह करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को समय पर और कम लागत वाले धन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋ ण

**इसका लाभ उठाए उद्योग जगत : प्रधानमंत्री**



वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पहली बार उद्यम शुरू कर रही पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा।

मोदी ने कहा, आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि का इंजन है। भारत ने कठिन समय में भी अपनी जुझारू क्षमता साबित की है। आज हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इस साझेदारी का लाभ उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की निरंतरता और सुधारों के प्रति भरोसे के कारण उद्योग जगत को नया आत्मविश्वास मिला है। मोदी ने कहा, मैं विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के हितधारकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आने वाले वर्षों में भी यह जारी रहेगा। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और बड़े कदम उठाएं। देश के विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के लिए नए रास्ते खुले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई को न केवल कर्ज, बल्कि मार्गदर्शन की भी जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि उद्योगों को उनके समर्थन के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू करने चाहिए। मोदी ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए स्थिर नीति और बेहतर कारोबारी माहौल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केंद्र और राज्य स्तर पर 40,000 से अधिक अनुपालन समाप्त कर दिए हैं और जन विश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रही है। मोदी ने कहा, हम जन विश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रहे हैं। हमने गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है।

# मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क मंगलवार से लागू होगा : ट्रंप

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि मेक्सिको एवं कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क मंगलवार से लागू होगा। इससे उत्तर अमेरिका में व्यापार युद्ध की आशंकाएं फिर से पैदा हो गई हैं, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ने और विकास में बाधा उत्पन्न होने के संकेत पहले ही मिल चुके हैं। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, कल - कनाडा पर 25 प्रतिशत और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा और इसकी शुरुआत हो जाएगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि शुल्क का उद्देश्य दोनों अमेरिकी पड़ोसियों को मादक पदार्थ फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ लड़ाई तेज करने और अवैध आव्रजन को रोकने के लिए मजबूर करना है। लेकिन ट्रंप ने यह भी संकेत दिया है कि वह अमेरिका के व्यापार असंतुलन को भी समाप्त करना चाहते हैं तथा अधिकाधिक कारखानों को अमेरिका में स्थानांतरित करना चाहते हैं। उनकी टिप्पणियों ने अमेरिकी शेयर बाजार को झकझोर कर रख दिया, सोमवार दोपहर के कारोबार में एसएंडपी 500 इंडेक्स में दो प्रतिशत की गिरावट आई। यह राजनीतिक और आर्थिक जोखिमों का संकेत है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ने और मेक्सिको और कनाडा के साथ दशकों पुरानी व्यापार साझेदारी खत्म होने की आशंका है। फिर भी ट्रंप प्रशासन को भरोसा है कि शुल्क अमेरिकी विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए



सबसे अच्छा विकल्प है। ट्रंप ने फरवरी में चीन से आयात पर 10 फीसदी शुल्क लगाया था। उन्होंने सोमवार को फिर से ज़ोर दिया कि मंगलवार को यह दर दोगुनी होकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। ट्रंप ने फरवरी में एक महीने की मोहलत दी थी क्योंकि मेक्सिको और कनाडा दोनों ने रियायतों का वादा किया था। लेकिन ट्रंप ने सोमवार को कहा कि नए शुल्क से बचने के लिए मेक्सिको या कनाडा के लिए कोई गुंजाइश नहीं बची है। कनाडा के ऊर्जा उत्पादों जैसे तेल और बिजली पर 10 फीसदी की कम दर से शुल्क लगाया जाएगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को कहा कि ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने का कोई औचित्य नहीं है।

## संक्षेप

### यूक्रेन को दी जानेवाली सभी सैन्य सहायता अस्थायी रूप से निलंबित : ट्रंप

न्यूयॉर्का/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी अमेरिकी सैन्य सहायता की आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। ट्रंप का यह निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक अभूतपूर्व टकराव के बाद सामने आया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रंप ने यूक्रेन को सभी अमेरिकी सैन्य सहायता की आपूर्ति को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है और यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है जिससे एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति प्रभावित होगी। खबर में कहा गया है कि सैन्य सहायता रोकने का ट्रंप का निर्णय अमेरिकी नेता और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित वरिष्ठ सहयोगियों के बीच व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में कई बैठकों के बाद लिया गया। अधिकारी ने कहा कि यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक ट्रंप यह निर्धारित नहीं कर लेते कि यूक्रेन ने रूस के साथ शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है।

# जापान के जंगलों में लगी आग सैकड़ों लोंगो ने छोड़ा घर

एजेंसी

तोक्यो। जापान के जंगलों में लगी आग ने पूर्वोत्तर के एक तटीय शहर में दर्जनों मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़कर जाने पर मजबूर कर दिया है।

**दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त**

अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, ओफुनाटो में पिछले बुधवार को लगी आग से अब तक लगभग 2,100 हेक्टेयर (5,190 एकड़) जंगल जल चुका है। एजेंसी ने बताया कि कम से कम 84 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 1,200 से ज़्यादा लोगों को निकाला गया है। कुछ इलाकों में आग की स्थिति कम हुई है। इससे निपटने के लिए देश भर से 2,000 से ज़्यादा सैनिक और दमकलकर्मी तैनात किए गए हैं।

एजेंसी ने बताया कि पिछले बृहस्पतिवार को सड़क पर एक व्यक्ति मृत मिला था तथा अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या यह मौत आग से जुड़ी है। ओफुनाटो सहित पूर्वोत्तर क्षेत्रों में 1946 के बाद से इस बार सबसे शुष्क सर्दी रही।

# जयशंकर पहुंचे लंदन, यूके आयरलैंड दौरा शुरू

एजेंसी



लंदन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए मंगलवार को लंदन पहुंचे और इसी के साथ उनकी छह दिवसीय यात्रा शुरू हो गई। यात्रा से पहले एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा से दोनों देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध नवीनीकृत होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित विविध क्षेत्रों में मजबूत हुई है। जयशंकर मंगलवार और बुधवार को ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे। बंद कमरे में होने वाली उनकी चर्चा का फोकस हाल ही में पुनः शुरू की गई भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता, व्यापक विदेश नीति और सुरक्षा मुद्दों पर होगा, तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक नेतृत्व करने के ब्रिटेन के प्रयासों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बुधवार शाम को जयशंकर लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में भारत का उदय और विश्व में भूमिका विषय पर एक सत्र में भाग लेंगे। बृहस्पतिवार को उनके डबलिन में आयरलैंड के अपने समकक्ष साइमन हैरिस और आयरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने की उम्मीद है।

# डेटा संरक्षण के नाम पर आरटीआई को सरकार कमजोर कर रही : खरगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार डेटा संरक्षण के नाम पर सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) को कमजोर कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस आरटीआई को कमजोर नहीं होने देगी और ऐसे प्रयास के खिलाफ संसद से सड़क तक आवाज उठाएगी। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, एक तरफ़ भ्रामक प्रचार और दुष्प्रचार में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़ मोदी सरकार कांग्रेस-संप्रग द्वारा लागू किए गए सूचना का अधिकार कानून को, डेटा संरक्षण कानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि चाहे सार्वजनिक क्षेत्र की जानकारी जैसे राशन कॉर्ड की सूची, मनरेगा के लाभार्थी मज़दूर, जन-कल्याण की योजनाओं में शामिल लोगों के नाम, चुनाव में मतदाता सूची, या फ़िर सरकारी बैंकों से कर्ज लेकर विदेश भागने वाले घोटालेबाज़ अरबपतियों के नाम हों, ये सब जनता के लिए सार्वजनिक रूप से सामने होना ज़रूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार डेटा संरक्षण के नाम पर आरटीआई को कमज़ोर कर रही है, जिससे ऐसे नाम अब सार्वजनिक नहीं हो पाएंगे। खरगे ने कहा, निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और कांग्रेस ने उसके लिए लड़ाई लड़ी है, पर जहां जन कल्याण की बात आती है वहां सूचना का अधिकार जरूरी है। कांग्रेस के समय आए आरटीआई में भी निजता के अधिकार का ध्यान रखा गया था, पर इसका मतलब यह नहीं है कि लाभार्थी की सूची या घोटालेबाज़ों के नाम सार्वजनिक ना किए जाएं। उन्होंने जोर दे कर कहा कि कांग्रेस पार्टी आरटीआई को कमज़ोर नहीं होने देगी। उन्होंने कहा हमने पहले भी इसके लिए आवाज़ उठाई है, और सड़क से संसद तक आवाज़ उठाते रहेंगे। इस तानाशाही सरकार से जन-जन के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़ते रहेंगे।

# दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा मंदिर, 2027 में होगा तैयार

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। पिछले साल फरवरी में अबूधाबी में मध्य पूर्व के पहले अलंकृत नक्काशीदार हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस मंदिर पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया।

पिछले महीने मंदिर के 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरू महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ और अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा। खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में बन रहे इस मंदिर को



बहुसांस्कृतिक विनिमय, विभिन्न धर्मों के बीच संवाद और दक्षिण अफ्रीका में बीएपीएस के मानवीय कार्यों का केंद्र बनाया जायेगा। बीएपीएस दक्षिण अफ्रीका के प्रवक्ता हेमांग देसाई ने भाषा से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछली दक्षिण अफ्रीका यात्रा में इस मंदिर की परियोजना का अनावरण किया था। हमें यकीन है कि इस साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी20 (22 और 23 नवंबर) सम्मेलन के दौरान वह फिर यहां आयेंगे।

# ईडी मामले में मिशेल की जमानत याचिका पर फैसला आज

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड धन शोधन मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज शाम चार बजे फैसला सुनाया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने 18 फरवरी को सीबीआई मामले में उसे जमानत दे दी थी। जांच एजेंसियों ने इतालवी विनिर्माण कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से वीवीआईपी के लिए 12 हेलीकॉप्टरों की खरीद में अनियमितताओं की रिपोर्ट की। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने मिशेल की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि ब्रिटिश नागरिक धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जमानत दिए जाने के लिए दोहरे परीक्षणै पर खरा नहीं उतरता और उसके फरार होने का खतरा है। मिशेल के वकील ने इस आधार पर राहत मांगी कि वह पहले ही काफी समय हिरासत में बिता चुका है।

## इंटरटेनमेंट...

# 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज सक्सेस पर बोलीं मावरा

**मुंबई।** फिल्म सनम तेरी कसम 7 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में री-रिलीज हुई है। इससे पहले फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई थी। हालांकि, तब फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया था। लेकिन अब 9 साल बाद फिल्म को ऑडियंस काफी पसंद कर रही है। फिल्म की री-रिलीज सक्सेस पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा हुसैन का रिएक्शन सामने आया है। हाल ही में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा हुसैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फिल्म की वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा कि फिल्म को इतना अच्छा परफॉर्म करते देखना बिल्कुल मैजिकल है। सनम तेरी कसम की री-रिलीज वाकई अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म की री-रिलीज की कमाई को देखकर ये पता चलता है कि वक्त से पहले और नसीब से ज्यादा नहीं मिल सकता।

**फिल्ममेकर्स, क्रू और फैंस का शुक्रिया अदा किया, ऑरिजनल रिलीज के समय नहीं चली थी फिल्म**

मावरा ने लिखा- इन तीन हफ्तों में आपने फिल्म को जो प्यार दिया उसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं। एक्ट्रेस ने शेयर किया कि फिल्म मेकर्स ने फिल्म के सक्सेस न होने को काफी पॉजिटिव तरह से लिया था। मावरा ने लिखा- मेरी फिल्म के मेकर्स के लिए मैं बहुत-बहुत खुश हूं कि आपने



हमेशा असफलता का सामना किया और मुस्कुराते रहे। यह आपके सब्र और अच्छे दिल का नतीजा है। मावरा हुसैन ने अपनी इस पोस्ट के जरिए फिल्म के सभी कलाकारों और क्रू का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा- विनय सर और राधिका मैम ने मुझे काफी कुछ सिखाया। मुझे इतना कुछ सिखाने के लिए शुक्रिया। यह आप सभी के लिए एक नई शुरूआत हो।

# सलमान खान को अल्लू अर्जुन ने किया रिप्लेस

मुंबई। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि डायरेक्टर एटली कुमार ने अपनी आगामी फिल्म से बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान को रिप्लेस कर दिया है।

एटली अब सलमान खान की जगह फिल्म में अल्लू अर्जुन को कास्ट करने वाले हैं। पीपिंग मून की रिपोर्ट के मुताबिक डायरेक्टर एटली कुमार की अपकमिंग फिल्म में सलमान खान नहीं नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि सलमान खान की पिछली फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन के कारण एटली कुमार ने यह फैसला किया है। डायरेक्टर सलमान खान और रजनीकांत के साथ इस फिल्म को बनाना चाहते थे, लेकिन अब उन्होंने सलमान खान की जगह फिल्म में अल्लू अर्जुन को कास्ट कर लिया है



और दूसरे एक्टर की तलाश में हैं। 600 करोड़ रुपए के बजट में बनने जा रही इस फिल्म को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस करने जा रहा है। एक्शन से भरपूर यह फिल्म पुनर्जन्म थीम पर आधारित होगी।

# ऑस्कर पर अमेरिकी पॉलिसी का असर, क्या विनर्स पहले से तय

मुंबई। 97वें ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में नो अदर लैंड को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म से नवाजा गया है। ये फिल्म गाजा के वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनी समुदाय मसाफेर यट्टा की कहानी बताती है। इस डॉक्यूमेंट्री को फिलीस्तीनी एक्टिविस्ट बदेल अद्र और इजराइली जर्नलिस्ट युवल अब्राहम ने मिलकर बनाया है। इस साल एशियन और मिडिल ईस्टर्न सिनेमा से जापान की 'ब्लैक बॉक्स डायरीज', भारतीय-अमेरिकी 'अनुजा' और फिलिस्तीन-इजराइली कलेक्टिव की 'नो अदर लैंड' शामिल हैं। लेकिन यह पहली बार नहीं है जब ऑस्कर मंच ने एशियाई फिल्म मेकर्स की



प्रतिभा को पहचाना है। साल 1952-2023 तक ऑस्कर के इतिहास में 7 अलग-अलग फेज रहे हैं, जब एशियाई फिल्मों ने सुर्खियां बटोरीं। हर फेज बताता है कि कैसे गवर्नमेंट पॉलिसी और इकोनामिक रिलेशन इन विकल्पों को प्रभावित करते हैं।

# अमिताभ की उम्र का असर उनके काम पर, सेट पर हो रही गलतियां

मुंबई। अमिताभ बच्चन ने हाल ही में खुलासा किया कि उनकी बढ़ती उम्र का असर उनके काम पर पड़ रहा है। एक्टर ने अपने ब्लॉग में बताया है कि वह कभी-कभी लाइनें बोलते वक्त गलतियां कर देते हैं और फिर डायरेक्टर से दोबारा मौका देने को कहते हैं।

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'जो काम आने वाला होता है उसके लिए कई मीटिंग्स की जाती हैं। इससे एक बड़ा चैलेंज बन जाता है। चैलेंज ये कि किस प्रोजेक्ट को एक्सेप्ट करना है और किसे प्यार से मना करना है। मुद्दा ये है कि चर्चा आखिर में फिल्म इंडस्ट्री, इसके वर्क कल्चर और इसकी सिचुएशन के विषय पर आकर खत्म हो जाती है। मैं इनमें से किसी पर भी बात नहीं कर पाता। मुझे हमेशा इस



बात की टेंशन होती है कि मुझे क्या काम मिल रहा है और मैं इसे ठीक से कर पाऊंगा या नहीं। इसके बाद क्या होता है, वह मेरे लिए समझ न आने वाला एक धुंधलापन है। प्रोडक्शन, कॉस्ट, मार्केटिंग और ये सब बहुत धुंधला है, जो मुझे समझ नहीं आता।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, इससे सिर्फ लाइनें याद रखने में ही दिक्कत नहीं आती, बल्कि उम्र संबंधी कई चीजें हैं। जिनको फॉलो करना पड़ता है। कई बार घर वापस आने के बाद समझ आता है कि बहुत सारी गलतियां कर दी हैं और अब उन्हें कैसे ठीक किया जाए। फिर आधी रात को ही डायरेक्टर को फोन लगाना पड़ता है कि उन गलतियों को ठीक करने के लिए एक चांस और दे दिया जाए। बताते चलें कि बिग बी इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में नजर आ रहे हैं। हाल ही में शो के 25 साल पूरे हुए हैं। इस खास मौके पर हॉटसीट पर पिछले सभी सीजन के विजेताओं को बुलाया गया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com